माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

लखनऊ, गुरुवार, 1 फरवरी 2024

वर्ष 34, अंक 7, पृष्ठ 16

मूल्य 5 रुपये

2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16

चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 15


## एक नजर

### सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

**नई दिल्ली।** नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं। 16वें वित्त आयोग से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि को कवर करते हुए अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

### संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित

**चंडीगढ़।** पंजाब के संगरूर जिले को ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार खुशी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि..जिस दिन से चला हूं मेरी मंज़िल पे नज़र है, आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा..। संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला बधाइयां..। गौरतलब है कि सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) का ग्रीन स्कूल प्रोग्राम (जीएसपी) हर साल देश भर के उन स्कूलों को पुरस्कृत करता है, जो पर्यावरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

### फार्मा फैक्टरी में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्टरी में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जिले की पडरा तालुका के एकालबरा गांव में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजे ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में एक गैस पाइप से रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और उस समय घटनास्थल पर चार कर्मी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि विस्फोट में चारों कर्मी घायल हो गये, जिन्हें आनन-फानन में वडोदरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन कर्मियों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

# राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

### विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।



### साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

### हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

# ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

## अदालत ने जिलाधिकारी को दिए 7 दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।



- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

### वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।



शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता शृंगार गौरी। **-केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री



इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।

**-मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

# गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन का इस्तीफा, चंपई सोरेन होंगे सीएम

रांची, एजेंसी

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस बीच झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है।' 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी।

इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी हिरासत में हैं। वह ईडी की टीम के साथ गवर्नर साहब के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में यही निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।



हेमंत सोरेन



चंपई सोरेन

**भूमि घोटाला मामला**

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

### सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है... हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

### ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन



**नई दिल्ली।** ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

**मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना**

# आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

**अमृत विचार** : बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

### नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

**लखनऊ।** बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

# जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

**बैंक धोखाधड़ी**

- भारत पेपर्स लिमिटेड से जुड़े 200 करोड़ के मामले में तीनों राज्यों के नौ परिसरों की ली गई तलाशी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया। अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की। भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक राजिंदर कुमार, परवीन कुमार, बलजिंदर सिंह, अनिल कुमार और अनिल कश्यप हैं।

# राज्य में फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति

**लखनऊ।** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स कर कहा कि उप्र पुलिस परिवार और प्रदेश के नागरिकों के साथ मिलकर विश्वास और सुरक्षा की नींव को मजबूत करते हुए माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। 1990 बैच के आईपीएस अफसर प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार (सीवान) के निवासी हैं। उनकी शिक्षा, बिहार और दिल्ली में हुई हैं।



- विजय कुमार के रिटायर होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी

# पेटीएम को 29 फरवरी के बाद जमा और टॉपअप लेने से रोका

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में की कार्रवाई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है।

आरबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को कभी भी जमा किया जा सकता है।

# आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

**नई दिल्ली।** पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

# विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

**अमृत विचार** : पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया।आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष ,छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं ,उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है। **-गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

# डूंगरपुर प्रकरण : सपा नेता आजम खां समेत सातों आरोपी बरी

**रामपुर।** डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 की सुबह मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो डूंगरपुर के लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराकर तोड़ दिया था।

## एक नजर

### बजट सत्र कल से, सर्वदलीय बैठक आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

# 17 वरिष्ठ अधिकारियों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

## यूपी को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी, मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के कारण मिली जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


प्रशांत कुमार

**अमृत विचार :** डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नये कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई है। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।


नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार

पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत

29 जनवरी को अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

**पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक :** प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

### वरिष्ठता सूची में हैं नीचे

प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। इसके अलावा डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों के छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे।

## कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल



**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र में निरंतर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किये जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किये हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

# पूर्व की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या : योगी

## मुख्यमंत्री ने सीमैप में आयोजित किसान मेले को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने उप्र. के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। इस दौरान योगी ने मेले में लगी प्रदर्शनी में लगे स्टालों को देखा और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 प्रदेशों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक सेतु का काम करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआईआर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में उप्र. के जिलों व विभिन्न प्रदेशों से आए किसान मौजूद रहे।


सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेले के कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

### प्रदेश में हैं 89 कृषि विज्ञान केंद्र

देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान उप्र. में मौजूद हैं।

### 4000 किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार

राजधानी में बुधवार को आयोजित किसान मेला में शामिल हुए सभी 4000 किसानों को राज्य सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। मेले में 15 राज्यों के किसान भी शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सीमैप द्वारा विकसित एरोमा एप का लोकार्पण भी किया।

# बोर्ड परीक्षा में अब नहीं चलेगी केंद्र व्यवस्थापकों की बहानेबाजी

## नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों व उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संचालित करने में इस बार केंद्र व्यवस्थापकों की किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। वे तकनीकी रूप से प्रशिक्षित न होने का बहाना करके कॉपी, पेपर, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से लेकर सीसीटीवी कैमरा के खराब संचालन के मामले से बच निकलते थे। मगर, इसबार उन्हें मास्टर ट्रेनर के जरिए प्रशिक्षण देकर सरकार दक्ष बना रही है, ताकि नकल की कोई गुंजाइश न रहे। हालांकि परीक्षा के दौरान कैमरे की आडियो खराब बताकर नकल कराने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।

▸▸ केंद्र व्यवस्थापक पहले गड़बड़ी पकड़े जाने पर कहते थे, हमें किसी ने नहीं दी थी तकनीकी जानकारी

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी बारीक चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### कक्ष निरीक्षकों को मिलेगी कंप्यूटराइज्ड आईडी

नई व्यवस्थाओं के तहत पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं में सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, लोगो, कवर पेज पर उनकी कोडिंग की गई है, जबकि पेज नंबर के साथ-साथ इस बार पिछले वर्ष में उपयोग किए गए कलर्स से अलग चार कलर्स में इन्हें पब्लिश कराया गया है। इसके अलावा पहली बार कक्ष निरीक्षकों के लिए एक सुरक्षित क्यूआर कोड और क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

### 8,265 केंद्रों पर 55 लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल में 29,47,325 और इंटरमीडिएट में 25,77,965 यानी कुल 55,25,290 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

# अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया।

मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में डिंपल यादव को मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

▸▸ मनोज यादव ने पार्टी में पारिवारिक कलह का लगाया आरोप, प्रधानमंत्री मोदी की सराहना



# एक आईएएस व 12 पीसीएस के तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ राज्य संपत्ति अधिकारी बने पवन गंगवार, विवेक श्रीवास्तव बने एलडीए के सचिव

▸▸ काशी विश्वनाथ मंदिर के नए सीईओ विश्व भूषण, अयोध्या के सिटी मजिस्ट्रेट हटे

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने बुधवार को एक आईएएस और 12 पीसीएस अफसरों का तबादला किया है। राज्य संपत्ति अधिकारी रहे वीके सिंह के डीएम बनाए जाने से खाली पद पर एलडीए के सचिव आईएएस पवन गंगवार को तैनात किया गया है। जबकि गाजियाबाद के एडीएम (वित्त/राजस्व) पीसीएस विवेक श्रीवास्तव को लखनऊ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। जबकि बेलपत्र बिक्री के मामले में काशी विश्वनाथ मंदिर के सीईओ सुनील वर्मा का तबादला हुआ है।

प्रदेश सरकार ने राज्य संपत्ति अधिकारी पर बुधवार को पहले लोक निर्माण विभाग के विशेष सचिव आईएएस अफसर विनोद कुमार का तबादला हुआ, लेकिन कुछ ही घंटे में इसे संशोधित करते हुए लखनऊ विकास प्राधिकरण के सचिव पवन गंगवार की तैनाती का आदेश जारी हुआ। विनोद अपने पद पर पूर्ववत बने रहेंगे। कुछ दिनों पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में चढ़ाया गया बेलपत्र पांच-पांच रुपये में बेचने का मामला पकड़ा गया था। इस बारे में काशी विश्वनाथ न्यास के अध्यक्ष तक को जानकारी नहीं थी। उन्होंने इसके लिए मंदिर प्रबंधन के अधिकारियों पर निशाना साधा और नाराजगी जताई थी। इसे लेकर विरोध-प्रदर्शन और पोस्टरबाजी भी हुई थी। माना जा रहा है कि इसी बात को लेकर 2020 से सीईओ तैनात 2011 बैच के पीसीएस अफसर सुनील वर्मा को हटाया गया है। उन्हें वाराणसी में ही अपर आयुक्त बनाया गया है। जबकि वाराणसी के अपर आयुक्त पीसीएस विश्व भूषण मिश्रा को काशी विश्वनाथ मंदिर का नया सीईओ व वाराणसी विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

शासन ने सिटी मजिस्ट्रेट मऊ रहे पीसीएस राजेश सिंह का तबादला प्रयागराज के एडीएम (वित्त/राजस्व) पद करके प्रोन्नति दी है। जबकि इस पद तैनात पीसीएस जग प्रसाद को अपर आयुक्त प्रयागराज मंडल बनाया गया है। एसडीएम प्रयागराज पीसीएस राजेश कुमार श्रीवास्तव को ललितपुर में एडीएम नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति बनाया गया है। प्रयागराज में एसडीएम रहे पीसीएस अजीत कुमार जायसवाल को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन बनाया गया है। मिर्जापुर से सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस विनय कुमार सिंह द्वितीय को प्रयागराज का एडीएम बनाया गया है।

पीसीएस दिनेश कुमार को सिटी मजिस्ट्रेट जालौन से एडीएम (वि/रा) गाजीपुर बनाया गया है। पीसीएस संजय कुमार को उप जिलाधिकारी बिजनौर से सिटी मजिस्ट्रेट फर्रूखाबाद बनाया गया है। पीसीएस अरविंद कुमार द्विवेदी को सिटी मजिस्ट्रेट अयोध्या से मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है, जबकि यहां सचिव रहे राजेश कुमार चतुर्थ को गाजियाबाद का एडीएम बनाया गया है। आगरा में सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस आंनद कुमार सिंह को मेरठ विकास प्राधिकरण का नया सचिव बनाया गया है। गाजियाबाद में सिटी मजिस्ट्रेट पीसीएस शुभांगी शुक्ला को एडीएम (वित्त/राजस्व) बनाया गया है।

### तिलोत्तमा वर्मा और राजीव कृष्णा बने डीजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार और डीजी मानवाधिकार एसके माथुर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। डीजी स्तर के इन दोनों अफसरों की सेवानिवृत्ति से एडीजी स्तर के दो अफसरों को प्रोन्नति मिल गई है। इसमें एडीजी तिलोत्तमा वर्मा और एडीजी राजीव कृष्णा हैं। राजीव कृष्णा केन्द्र के लिए एमपैनल्ड हो चुके हैं। 1990 बैच की आईपीएस अफसर एडीजी तिलोत्तमा वर्मा, पुलिस प्रशिक्षण तथा 1991 बैच के एडीजी राजीव कृष्णा, विजिलेंस में तैनात हैं। कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए प्रशांत कुमार का एक माह पहले ही डीपीसी में डीजी पद पर प्रमोशन हो गया था। लिहाजा डीजी के दो पद खाली होने से इस बार राजीव कृष्णा को लाभ मिल गया।

## सार-संक्षेप


राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की। अमृत विचार

### ए प्लस ग्रेड मिलने पर बुंदेलखंड विवि सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में 'ए' प्लस ग्रेड मिलने पर बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी को सम्मानित किया। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय व नैक तैयारी के लिए गठित विश्वविद्यालय की टीम के सभी सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

### 8.66 करोड़ बच्चों को आज खिलाई जाएगी एलबेंडाजाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एक फरवरी) पर गुरुवार को 66 जिलों में कृमि मुक्ति या पेट के कीड़े समाप्त करने की दवा एलबेंडाजाल खिलाई जाएगी। शेष जिलों में फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सर्वजन दवा सेवन अभियान में 10 फरवरी से एलबेंडाजाल खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ मनोज शुक्ल ने बुधवार को बताया कि कृमि मुक्ति अभियान के तहत एक वर्ष से 19 वर्ष तक के राज्य के 8.66 करोड़, बच्चों एवं किशोर किशोरियों को एलबेंडाजाल खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिलों में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सहयोग से एक वर्ष से पांच वर्ष तक के पंजीकृत बच्चों और 6 से 19 साल तक के स्कूल नहीं जाने वाले बालक-बालिकाओं को दवा खिलाई जाएगी।

### निर्माण में अनियमितता का वीडियो वायरल, होगी जांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** उन्नाव में नवनिर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में अनियमितता बरतने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपों की जांच के निर्देश दिये हैं। जिसके बाद इंजीनियर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच कमेटी एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।

### आठ सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 275 शिक्षकों की होगी भर्ती

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी सत्र में एमबीबीएस सत्र शुरू करने के लिए राज्य के नवस्थापित आठ स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 275 शिक्षकों की नियुक्ति होंगी। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इन आठ कॉलेजों में आचार्य, सह आचार्य व सहायक आचार्य की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम 26 से 65 साल तक आयु के चिकित्सक अन्य शर्तों का अनुपालन करते हुए संबन्धित कॉलेज के विज्ञापन में निर्धारित तिथि के अंदर आवेदन कर सकते हैं। मालूम हो कि औरैया में 38, महात्मा विदुर राजकीय मेडिकल कॉलेज, बिजनौर में 25, कानपुर देहात में 32, कौशाम्बी में 39, कुशीनगर में 32, पीलीभीत में 32, सोनभद्र में 40 व सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेजों में आयार्च, सह आचार्य व सहायक आचार्य के 37 पदों पर भर्ती होनी है। इनमें आचार्य पद के कुल 48, सह आचार्य के 125 और सहायक आचार्य के 102 पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

### आलोक श्रीवास्तव बने कायस्थ संघ के प्रदेश समन्वयक



**अमृत विचार, लखनऊ :** कायस्थ संघ (अंतरराष्ट्रीय) ने उप्र में आलोक श्रीवास्तव को समन्वयक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति कायस्थ संघ के अध्यक्ष दिनेश खरे ने बुधवार को संघ की आम सभा बैठक में सर्वसम्मति से लिया है। नवनियुक्त समन्वयक आलोक श्रीवास्तव पत्रकारिता व समाजसेवा के क्षेत्र से सेवाएं दे रहे हैं।

# लोस चुनाव को लेकर कांग्रेस में टिकट वितरण पर हुआ मंथन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की ओर से लोकसभा प्रत्याशियों के लिए 16 टिकट घोषित करने के बाद प्रदेश कांग्रेस में भी टिकट वितरण पर मंथन शुरू हो गया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई बैठक में टिकट वितरण को लेकर चर्चा हुई। इस बीच, लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पार्टी मुख्यालय में 'वार रूम' बनाया गया है।

बैठक में 2009 में जीती गईं सीटों के साथ ही, लखनऊ व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सीटों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश में शीघ्र प्रवेश करने वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर भी चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने यात्रा को सफल बनाने पर जोर दिया। कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. सीपी राय ने बताया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए पूर्व सांसद पीएल पुनिया को संयोजक व नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा 'मोना' को सह संयोजक बनाया गया है। इसके साथ ही, 'ज्योत से ज्योत जगाते चलो' कार्यक्रम के लिए प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पांडेय को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है।

▸▸ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बनाया गया वार रूम

# घूसखोरी में ईपीएफओ के दो अधिकारी समेत तीन भेजे गए जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** घूसखोरी में सीबीआई के हत्थे चढ़े भविष्य निधि प्रशासन (ईपीएफओ) के सहायक भविष्य निधि आयुक्त, प्रवर्तन अधिकारी तथा दलाल (मध्यस्थ) जेल भेजे गए। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक शिकायत के आधार पर मंगलवार को जाल बिछाया तथा आरोपी प्रवर्तन अधिकारी पुनीत सिंह और मध्यस्थ मनीष सिंह को 8 लाख रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के अनुसार, रिश्वत धनराशि कथित तौर पर सहायक भविष्य निधि आयुक्त, ईपीएफओ, लखनऊ के लिए ली गई थी, इसलिए सहायक भविष्य निधि आयुक्त ज्ञानेंद्र कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। बुधवार को सीबीआई कोर्ट के विशेष न्यायाधीश, लखनऊ के समक्ष पेश किया।

# बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर एसी चिन्हित करने का प्रस्ताव वापस

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर लगे एसी को चिन्हित करने व इससे बिलिंग डेटा में शामिल किये जाने का प्रस्ताव वापस हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के विरोध पर प्रस्ताव वापस लिया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में कहा गया था कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एसी का इस्तेमाल हो रहा है। बिलिंग डाटा में एसी का इस्तेमाल चिन्हित होने से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी हो सकेगी। उपभोक्ता परिषद के अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 'बैकफुट' पर आ गया है। निगम के निदेशक वाणिज्य ने उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग के निर्देशों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।


nafed
A Farmers' Cooperative
...Since 1958

NATIONAL AGRICULTURAL COOPERATIVE MARKETING FEDERATION OF INDIA LIMITED (NAFED)

NAFED's BHARAT ATTA




NAFED has commenced the sale of NAFED's Bharat Atta, Whole Wheat Flour @ Rs. 27.50/kg under Open Market Sale Scheme (Domestic) of GoI. NAFED's Bharat Atta is available in various pack sizes. Interested buyers may visit the following locations for purchase of NAFED's Bharat Atta:

AVAILABLE AT: SAVARIA INDUSTRIES PVT LTD
Unit at: B3, UPSIDC, Industrial Area, Phase-1, Lucknow - Hardoi Road, Sandila, Hardoi - 241127 (U.P.) India

ALSO AVAILABLE THROUGH MOBILE VANS IN FOLLOWING DISTRICTS
BARABANKI, HARDOI, LUCKNOW

State Head: Uttar Pradesh
Address: Nafed Warehousing Complex, Beside Fire Station Chatha Meel (6th Mile Chaurah, Sitapur Road, Lucknow -226021(U.P.)

# अब मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी, लग रहे उपकरण

काशीनाथ दीक्षित, दरियाबाद, बाराबंकी

**मिलेगी मदद**

**▸▸ ब्लॉक में लग रहा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन व रेनगेज सिस्टम**

**अमृत विचार :** अब ब्लॉकों में बारिश का आकलन करने के लिए वर्षा मापी यंत्र (ऑटोमेटिक रेनगेज) लगाए जाएंगे। साथ ही मौसम की जांच के लिए ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन भी बनाए जाएंगे। तहसीलों में दो वर्षा मापी यंत्र भी लगेंगे। दरियाबाद ब्लॉक में तो ऑटोमेटिक रेनगेज स्थापित करने की शुरुआत हो भी चुकी है।

शासन से भेजे गए पत्र के क्रम में जनपद में मौसम पूर्व चेतावनी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन व ऑटोमेटिक रेनगेज स्थापित किए जाने हैं। सभी तहसीलों में वर्तमान में पहले से ही वर्षा मापी यंत्र है। ब्लॉकों में ये न होने से बारिश का सही आंकड़ा नहीं मिल पाता है। प्रत्येक तहसील में ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन लगाए जाने के लिए प्रत्येक तहसील में दो जगह पर 10 मीटर लंबा व 10 मीटर चौड़ा दो स्थल चिन्हित करना है। इसी तरह ऑटोमेटिक रेनगेज के लिए प्रत्येक ब्लॉक में 5 मीटर लंबा व 5 मीटर चौड़ा चार स्थल चिन्हित करके देना है। इसके बाद इसे जिला प्रशासन की तरफ से राहत आयुक्त कार्यालय के गूगल शीट भेजा जाना है। शासन स्तर से टेंडर करा मशीन भेजकर लगाई जाएंगी। दरियाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत मथुरानागर में विंड्स कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ब्लॉक में एक एडब्ल्यूएस व एक एआरजी स्थापित करने का काम चल रहा है। ब्लॉक में इनकी स्थापना के लिए स्थान का चयन कर फाउंडेशन बनाने का काम जोरों पर हैं। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत मथुरानगर के भवन की छत पर एआरजी स्थापित करने का काम कर रहे अभियंता प्रशांत कुमार ने बताया कि एडब्ल्यूएस स्थापित करने के लिए सामान्यतया 10 वर्गमीटर व एआरजी के लिए 5 वर्गमीटर भूमि चाहिए। एडब्ल्यूएस ब्लॉक कार्यालय और एआरजी की स्थापना ग्राम पंचायत भवन की छत पर होगी। खंड विकास अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि दरियाबाद विकास खंड व मथुरानगर ग्राम पंचायत में यह मौसम से संबंधित यंत्र लगेंगे। इससे अब मौसम की सटीक जानकारी मिल सकेगी।



ग्राम पंचायत मथुरानगर के भवन की छत पर लग रहा एआरजी। अमृत विचार

# फंदे से लटका मिला युवती का शव, अनहोनी की आशंका

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** घर से निकली युवती का शव रेलवे लाइन के किनारे स्थित भट्ठे के पास पेड़ से लटका मिला। संदिग्ध परिस्थितियों में मिले युवती के शव को देखकर अनहोनी की आशंका जताई जा रही है।

मामला रामनगर थाना क्षेत्र के नारायणी पुरवा मजरे दलसराय का है। यहां के निवासी माखन लाल कनौजिया की 22 वर्षीय बेटी अनीता मंगलवार की शाम घर से निकली थी। काफी समय बीतने के बाद वापस न आने पर परिजनों ने तलाश की मगर, उसका कहीं पता नहीं चला। सोमवार को उसका शव घर से पांच सौ मीटर दूर रेलवे लाइन के किनारे स्थित ईंट-भट्ठे के पास नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटका मिला। ग्रामीण युवती के साथ अनहोनी की आशंका जता रहे है। प्रभारी निरीक्षक रत्नेश कुमार पांडेय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### मच्छरदानी से लटककर युवक ने की आत्महत्या

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद को लेकर एक युवक ने गांव के बाहर मच्छरदानी से लटक कर आत्महत्या कर ली। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। सतरिख थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव प्रियांशु गौतम (23) पुत्र देशराज ने बुधवार शाम गांव के बाहर एक बाग में पेड़ से मच्छरदानी के सहारे फांसी लगा ली। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया कहना है कि परिवारिक विवाह था जिस कारण युवक ने आत्महत्या की है। मामले की जांच की जा रही है।

### आईटी एक्ट का फरार आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी, अमृत विचार :** साइबर सेल व देवा कोतवाली पुलिस की टीम ने आईटीएक्ट के मामले में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। बुधवार सुबह पुलिस टीम ने देवा-बाराबंकी मार्ग के महोलिया गांव मो7. के पास से आजमगढ़ के अहिरौली थाना क्षेत्र के बरईपुर निवासी अमित कुमार को पकड़ा। उसके बाद विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

### मार्फीन के साथ दो बंदी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद पुलिस ने 45 ग्राम मार्फीन के साथ थाना क्षेत्र के फैज्जुलागंज निवास पप्पू व नगर कोतवाली के बडेल निवासी निहाल अहमद को दबोचा। दोनों को थाने लाकर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### 21 पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस ने बुधवार को एक वारंटी व 12 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। वहीं, विभिन्न मामलों में थाने लाए गए 21 आरोपियों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई।

### तमंचे के साथ गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मसौली थाने की पुलिस ने बुधवार को अनूपगंज निवासी अमरनाथ को तमंचे के साथ दबोचा। उसके बाद थाने लाकर उसके खिलार्फ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# नहर में डूबने से दो लोगों की मौत

## वैवाहिक कार्यक्रम में गया मजदूर का 4 किमी दूर कोतवाली क्षेत्र में मिला शव

फतेहपुर, बाराबंकी



**अमृत विचार :** वैवाहिक कार्यक्रम में गए मजदूर का चार किलोमीटर दूर नगर कोतवाली तो लकड़ी तोड़ने गए युवक का शव फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनाओं से कोहराम मच गया।

पहली घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है। मसौली थाने के शहाबपुर निवासी राम सिंह रावत (45) मजदूरी करता था। मंगलवार रात वह किसी वैवाहिक समारोह में शामिल होने बाराबंकी आया था। वहां से वह लापता हो गया। उसका शव बुधवार को वैवाहिक स्थल से 4 किमी दूर फतेहमिल के पीछे नहर में मिला। इसकी सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस व परिजन मौके पर पहुंचे। मजदूर के शव को बाहर निकालने के बाद पुलिस ने छानबीन की। भतीजे रमेश ने बताया कि उसके चाचा मोहल्ले के एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाराबंकी एक मैरिज लॉन में गए थे। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि नहर में मजदूर का शव मिलने की सूचना पर उसका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, फतेहपुर कोतवाली के काजीपुरा निवासी छेदीलाल का बेटा चंदर (37) मंगलवार देर शाम शारदा नहर के किनारे लकड़ी तोड़ने गया था। इसी दौरान वह नहर में गिरकर डूबने लगा। साथ में गए बेटे अंशू के शोर मचाने पर आसपास के लोग दोड़े और पुलिस को सूचना दी। इस पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश कराई लेकिन अंधेरे के कारण कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार को युवक का शव देवखरिया के पास नहर में मिला। जानकारी मिलने पर परिजन वहां पहुंचे। रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नहर में डूबकर युवक की मौत हुई है, पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### पूर्व सांसद के आवास के पास मिला मजदूर का शव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पूर्व सांसद के आवास के समीप एक निर्माणाधीन मकान में मजदूर का शव संदिग्ध हालत में मिला। उसके गले पर निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा और रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मामला नगर कोतवाली के ओबरी का है। यहां पूर्व सांसद पीएल पुनिया के आवास के समीप दीपक अवस्थी का निर्माणाधीन मकान है। इस मकान में तीन साल से जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के गनौरा निवासी रामू पांडेय (44) रहकर मजदूरी करता था। बुधवार सुबह रामू का शव मकान में मिला। इसकी सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भाई श्यामू पांडेय ने बताया कि उसका भाई तीन साल से यहीं पर रहकर मजदूरी करता था। उसके गले पर निशान से अनहोनी की आशंका लग रही है। प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मजदूर का शव मिलने पर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हादसे में महिला की मौत, बेटा घायल

फतेहपुर, बाराबंकी




**अमृत विचार :** बेटे के साथ साइकिल से दवा लेने जा रही महिला की हादसे में मौत हो गई। बेटे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसा फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के मैदासपुर का है। यहां की निवासी शांति देवी (70) बेटे रामसरन के साथ बुधवार को साइकिल से दवा लेने फतेहपुर जा रही थी। युगांतर इंटर कॉलेज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को स्थानीय लोगों ने सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने वृद्ध शांति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां उसकी मौत हो गई। बेटे का इलाज सीएचसी में किया जा रहा है। वृद्धा के दूसरे बेटे शिवराम की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार पर केस दर्ज किया है।

### घायलों को विधायक ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से घायल बाइक सवार दो युवकों को विधायक ने निजी वाहन से सीएचसी पहुंचाया। हादसा बुधवार को फतेहपुर-सूरतगंज मार्ग पर हुआ। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी बलराम अपने दोस्त दादनपुर निवासी प्रदीप के साथ बाइक से फतेहपुर बैंक आ रहा था। इसी दौरान गनेशपुरवा गांव के पास किसी वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। वहां से गुजर रहे फतेहपुर विधायक साकेंद्र ने अपने वाहन से दोनों को सीएचसी भेजा।

## बस की टक्कर से कार सवार शिक्षिका घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तेज रफ्तार बाराबंकी डिपो की बस की टक्कर से कार सवार शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद जाम के हालत पैदा हो गए। हादसा बुधवार शाम रामनगर थाना क्षेत्र के बाराबंकी-बहराइच हाईवे पर हुआ। तेज रफ्तार बाराबंकी डिपो की बस ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार शिक्षिका माधवी श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चला रहे अंकित श्रीवास्तव बाल-बाल बचे। घायल शिक्षिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद चालक बस बीच हाईवे पर छोड़कर फरार हो गया। इससे हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन से बस व कार को किनारे कराया। इसके बाद यातायात सुचारू हो सका। बस सवार महिलाएं व बच्चे अपने गंतव्य तक जाने के लिए घंटों इधर-उधर भटकते रहे।

# भाई के हत्यारे को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** 4 साल पहले भाई की हत्या करने वाले अभियुक्त को दोषी मानते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।

मामला टिकैतनगर थाना क्षेद्ध के बनगांवा का है। यहां के निवासी मथुरा प्रसाद ने 10 अगस्त को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बड़े बेटे की हत्या छोटे बेटे श्याम विहारी ने की है। इस पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर हत्यारोपी भाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले की विवेचना कर रहे तत्कालीन विवेचक पीके झा ने वैज्ञानिक साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अभियुकत श्याम बिहारी को बड़े भाई की हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास व 20 हजार रुपये की सजा सुनाई।

### दुराचारी को 7 वर्ष की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने 7 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला टिकैतनगर थाना क्षेत्र के रानीमऊ तराई का है। यहां के निवासी पीड़ित पिता ने 2 अक्टूबर 2017 को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि अजय गुप्ता ने उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म, धमकी और पॉक्सो एक्ट का केस दर्ज कर अभियुक्त अजय गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा। विवेचक ने किशोरी के चिकित्सीय परीक्षण व बयान के साथ वैज्ञानिक साक्ष्यों को जुटाकर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त अजय को दोषी करार देते हुए बुधवार को 7 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# खूनी संघर्ष के मामले में दंपति को तीन-तीन साल की कैद

बाराबंकी कार्यालय

**अमृत विचार :** खूनी संघर्ष के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने दंपति को 3-3 साल का कठोर कारावास व 11-11 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के नवाबपुर कोडरी का है। यहां के निवासी पीड़ित पिता ने 24 मई 2017 को थाने में दी तहरीर में बताया कि कल्लू ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म कर धारदार हथियार से हमलाकर मारपीट की। इस पर पुलिस ने अभियुक्त कल्लू और उसकी पत्नी जुगराता पर मारपीट, जानलेवा हमला , दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धाराओं में केस दर्ज किया। उसके बाद अभियुक्तों को जेल भेजने के बाद पुलिस ने विवेचना के दौरान साक्ष्यों को संकलित कर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर दंपति को गंभीर मारपीट का दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष के कठोर कारावास व 11-11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं, जानलेवा हमला, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में दंपति को दोषमुक्त किया।

## सार-संक्षेप

### हादसे में घायल वृद्ध की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घर से दवा व बच्चों की स्टेशनरी लेने गए साइकिल सवार वृद्ध को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल वृद्ध की मौत हो गई। हादसा बुधवार शाम बदोसराय थाना क्षेत्र में मरकामऊ के पास हुआ। रामनगर थाना क्षेत्र के सोंधवा गांव निवासी भरोसे (70) साइकिल से दवा व बच्चों के लिए कापी-कलम लेने मरकामऊ बाजार जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन साइकिल में टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे इलाज के लिए सीएचसी भेजा। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को घर भेज दिया। रात में वृद्ध की हालत बिगड़ने पर परिजन दोबारा लेकर सीएचसी पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### हत्या के प्रयास के दोषी को पांच साल की कैद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** करीब डेढ़ साल पहले वृद्ध की हत्या का प्रयास करने के अभियुक्त को दोषी मानते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने 5 वर्ष के कठोर कारावास व दो हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला सुबेहा थाना क्षेत्र के मल्लाहनपुरवा मजरे थलवारा का है। यहां की निवासी गीता देवी ने 27 अगस्त को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही रामबरन उर्फ लंगड ने उसके ससुर पर जान से मारने की नियत से हमला किया। इस पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा। इस मामले में तत्कालीन विवेचक ने वैज्ञानिक साक्ष्यों को जुटाकर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई कर रही अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों के बयान व साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त राम बरन उर्फ लंगड को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

### देश के 100 प्रोजेक्टों में जिले की पूजा का भी जलवा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की विज्ञान प्रदर्शनी में फतेह चंद जगदीश राय इंटर कॉलेज, सफदरगंज की छात्रा पूजा और उनके गाइड टीचर राजीव श्रीवास्तव, अध्यापक, उच्च प्राथमिक विद्यालय अगेहरा, सिरौलीगौसपुर ने पूरे देश से चुने गए 100 रिसर्च प्रोजेक्ट में स्थान पाकर पूरे जिले व प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह नेशनल फेयर 29 व 30 जनवरी को नई दिल्ली के डॉ. आम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित की गई। पूजा के भूसा-धूल पृथक्करण यंत्र की बहुत प्रशंसा की गई। बता दें कि पूजा को राजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में बनाए गए इसी भूसा-धूल पृथक्करण यंत्र के लिए इंस्पायर अवॉर्ड मानक की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी 11 अक्टूबर 2023 को विजयी घोषित किया जा चुका है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए 60 लोगों में स्थान प्राप्त किया था।



अपने प्रोजेक्ट के साथ छात्रा पूजा और उसके गाइड। अमृत विचार

### निस्तारण न होने पर ठप होंगे गांवों के काम



ब्लॉक सभागार में एकजुटता जाहिर करते ग्राम प्रधान। अमृत विचार

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराने में आ रही समस्याओं से नाराज ग्राम प्रधानों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा। नाराज ग्राम प्रधानों ने ब्लॉक सभागार में बुधवार को बैठककर एक सप्ताह के अंदर समस्याओं का निराकरण कराए जाने की मांग रखी। एक सप्ताह बाद सरकारी कार्यों को ठप कर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। खंड विकास अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में ग्राम प्रधानों ने कहा कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य कराने में जो मूलभूत समस्याएं सामने आ रही हैं, उनका प्रत्येक दिशा में एक सप्ताह के अंदर निस्तारण कराया जाए अन्यथा सरकारी कामकाज ठप कर आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। इसके अलावा ग्राम प्रधानों ने सिलौटा के प्रधान पति पर दर्ज कराए गए मुकदमे को फर्जी तथ्यों के आधार पर दर्ज करने की बात कहते हुए प्रभारी निरीक्षक रामनगर को भी ज्ञापन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष रामकुमार मिश्र, अर्चना शर्मा, हेम पांडेय, गुड़िया, वीरेंद्र, सुभाष, सुशील, अशोक, गुड्डी सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

# 23 साल पहले मुंबई कमाने गया युवक नहीं लौटा

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** करीब 23 वर्ष पूर्व काम करने मुंबई गया व्यक्ति आज तक वापस नहीं लौटा। लंबे समय तक इंतजार करने के बाद हैरान-परेशान पत्नी ने मुंबई ले जाने वाले गांव के एक व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रामनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

मामला थाना रामनगर की ग्राम पंचायत लैन का है। यहां की निर्मला पत्नी हरिप्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति को वर्ष 2023 में काम करने के लिए अशोक पुत्र शंभू मुंबई ले गए थे। तब से उनके पति वापस नहीं लौटे। करीब 10 वर्ष पूर्व अशोक जब गांव आए तो उनसे पति के बारे में पूछा। उन्होंने कहा कि काम कर रहे हैं, दोबारा मई में आऊंगा तो साथ लेकर आऊंगा। अशोक 7 दिन गांव में रहने के बाद फिर वापस मुंबई चले गए। पिछले दिसंबर में अशोक पुनः आए और अपना घर बनवा रहे हैं लेकिन उसके पति के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। गांव के लोगों से पता चला है कि वह कह रहे हैं कि मैंने उसे भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रामनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# अपहृत किशोरी का नहर में मिला शव, हत्या की आशंका

**रहस्य गहराया**

**▸▸ 5 दिन पहले मां की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की थी गुमशुदगी**

दरियाबाद, बाराबंकी





किशोरी की मौत से रोते-बिलखते परिवार वाले व गांव वालों से पूछताछ करता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पांच दिन पहले अपहृत किशोरी का शव बुधवार की सुबह शारदा नहर में उतराता मिला। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दो लोगो को नामजद किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

मामला दरियाबाद थाना क्षेत्र का है। यहां के खैरन तकिया निवासी बाबुई देवी ने गुरुवार को पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी को मसौली थाना क्षेत्र के बनियतारा गांव निवासी रामेश्वर और सत्यम बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं। रामेश्वर के फोन आने के बाद उसकी बेटी लापता है। इस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद किशोरी की तलाश शुरू की थी। बुधवार को किशोरी का शव थाना क्षेत्र में ही शारदा नहर में उतरता ग्रामीणों ने देखा। उसके बाद हड़कंप मच गया। शव की शिनाख्त खैरन तकिया निवासी अमर सिंह की बेटी रोशनी के रूप में होने की खबर से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची दरियाबाद पुलिस ने शव को शारदा नहर से बाहर निकालवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने किशोरी की हत्या का आरोप रामेश्वर ओर उसके भतीजे सत्यम पर लगाया है। एसओ शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि लापता किशोरी का शव शारदा नहर में मिला है। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, रिपोर्ट के आधार पर करवाई की जाएगी।

**किया जागरूक** — विश्व कुष्ट रोग दिवस पर नुक्कड़ नाटक से अंध विश्वास दूर करने का किया प्रयास

# मेडिकल छात्रों ने बाबाओं की करतूत पर किया प्रहार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी




बड़ापुरा गांव में नुक्कड़ नाटक का मंचन करतीं हिंद इंस्टीट्यूट की छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व कुष्ठ रोग दिवस के अवसर पर हरख विकास खंड के बड़ापुरा गांव में हिंद मेडिकल कॉलेज द्वारा सामुदायिक चिकित्सा और अंध विश्वास विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इसमें गांवों, आसपास के चौराहों, बाजारों के लोग उपस्थित होकर जन-जागरूकता का लाभ उठाया। छात्र-छात्राओं का मोहक मंचन ग्रामीणों को खूब भाया।

हिंद आरोग्य केंद्र, सतरिख के प्रभारी डॉ. केएन पाटनी ने तांत्रिकों और बाबाओं से हमेशा दूर रहने की सलाह दी। कहा कि इनके चक्कर में कभी न पड़े क्योंकि आए दिन इनके द्वारा कोई न कोई घटनाएं अपराध के रूप में उजागर होती रहती हैं। साथ ही बहुमूल्य समय की बर्बादी होती है। नुक्कड़ नाटक में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम नर्सिंग और मेडिकल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस सजीव मंचन में मेडिकल छात्रों ने बाबाओं की करतूतों पर करारा प्रहार किया। ग्रामीणों ने नुक्कड़ नाटक का खूब लुत्फ उठाया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की डॉ. निर्मल कौर शुक्ला ने समाज में व्याप्त कुरीतियों से दूर रहने की सलाह दी। नर्सिंग प्राचार्या डॉ. पी कांगेश्वरी ने कुष्ठ रोग को लेकर गलत धारणाओं और सामाजिक कलंक को दूर करने पर जोर दिया। स्वास्थ्य निरीक्षक एससी श्रीवास्तव, रजवंत सिंह, कौशलेंद्र वर्मा, पुनीत यादव और नर्सिंग संकाय के तमाम कर्मचारी उपस्थित रहे। ऑकोलॉजी विभाग की डॉ. रश्मि ने उपस्थित ज़रूरतमंदों की निःशुल्क जांच की।

# तीन अपराधियों पर की जिलाबदर की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख, जैदपुर और फतेहपुर के तीन अपराधियों को जिला मजिस्ट्रेट ने छह माह के लिए जिलाबदर किया है। पुलिस की आख्या पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कार्रवाई की। सतरिख थाना क्षेत्र के सरांय अकबराबाद निवासी अर्जुन पर मारपीट, हत्या के प्रयास व लूट के तीन मुकदमें दर्ज थे। जैदपुर थाने के अहमदपुर निवासी नसीम उर्फ टाटा पर गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रुरता अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज हैं। फतेहपुर कोतवाली के हसनपुर टांडा निवासी महबूब पर मारपीट व आयुध अधिनियम के तहत केस दर्ज है। पुलिस ने तीनों को चिंहित कर अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी थी।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
आप सभी को अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं

Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### 77 लीटर शराब के साथ 8 आरोपी गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** असंद्रा व मसौली पुलिस ने 77 लीटर शराब के साथ 8 आरोपियों को दबोचा। उसके बाद सभी को थाने लाकर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। असंद्रा थाने की पुलिस ने बुधवार को दुर्गापुर मजरे किठैय्या निवासी मौजीलाल, धारूपुर निवासी कमल कुमार, जिया का पुरवा निवासी मंशाराम, बाजपुरा निवासी अनीता, रेखा व ढेमा निवासी रामानंद चौहान को 57 लीटर शराब के साथ दबोचा। मसौली पुलिस ने धौखरिया निवासी सुल्तान अहमद व भोहराकला निवासी कुवर सिंह उर्फ गुड्डू को 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### आलोक बने रामनगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को तीन क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। सीओ रामनगर रहे हर्षित चौहान को सीओ चुनाव सेल की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, सीओ यातायात आलोक पाठक को रामनगर सर्किल का नया क्षेत्राधिकारी बनाया गया है। हाल में ही जिले में आमद कराने वाले सीओ लाइन जगत कनौजियां को लाइन के साथ यातायात का भी क्षेत्राधिकारी बनाया गया है।

### प्रशिक्षण में जानकारी अच्छी तरह समझें शिक्षक

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकास खंड हरख के ब्लॉक संसाधन केंद्र सतरिख में फाउंडेशनल लिटरेसी एवं न्यूमरेसी एफएलएन पर आधारित शिक्षक और शिक्षिकाओं का चार दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार से शुरू हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी अर्चना यादव ने सरस्वती पूजा व प्रार्थना सभा के बाद प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारी को शिक्षक अच्छी तरह समझ लें क्योंकि समझ से ही बच्चों को निपुण बनाने में इसका बेहतर उपयोग किया जा सकता है।

# हड़िया कोल के शिविर से सेवा भाव की सीख लें डॉक्टर

**निरीक्षण**

- जिलाधिकारी ने सीएमओ को डॉक्टरों की विजिट कराने और सीखने के लिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी


मरीजों को फल वितरित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार


परिवारजनों से मिलतीं भाजपा की प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत।

**अमृत विचार :** रेठ नदी के तट हड़िया कोल में चल रहे ऑपरेशन शिविर का बुधवार को जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने निरीक्षण कर मरीजों को फल वितरित किए। साथ ही हनुमान जी के दर्शन भी किए। डॉक्टरों से वार्ता कर शिविर की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और उन्हें आश्वास किया कि जिला प्रशासन 24 घंटे हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है।

जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कक्ष में जाकर देश के कोने-कोने से आए सेवाभावी डॉक्टरों से भेंट की। उन्होंने वार्ड में जाकर मरीजों से भेंट कर उन्हें फल वितरित किए। रैन बसेरे में जाकर मरीजों के परिजनो से भी मिले। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। जनपद में मेडिकल का इतना बड़ा सफल आयोजन होना बाराबंकी के लोगों के लिए बड़े गर्व का विषय है। श्रीराम वन कुटीर ट्रस्ट समिति इसके लिए बधाई का पात्र है। ट्रस्ट को जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन इस आयोजन के लिए 24 घंटे सेवा को तत्पर है। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के डॉक्टरों को यहां विजिट कराएं और बताए कि मरीजों की सेवा प्रकार की जाती है। जिलाधिकारी ने रोगहरण श्री हनुमान जी के मंदिर में जाकर दर्शन किए और ट्रस्ट के अध्यक्ष भगवानदास से आर्शीवाद प्राप्त किया। साथ ही उनसे इस शिवर के आयोजन के बारे में जानकारी भी ली। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि आज ही पूर्व सांसद व भाजपा की प्रदेश महामंत्री प्रियंका रावत ने शिविर में पधार कर मरीजों का हालचाल जाना और फल वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार यादव, डॉ. डीके श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी (नेत्र), डॉ. राजीव दीक्षित, टीएन वर्मा, वरिष्ठ नेत्र परीक्षण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित भारती, शिव कुमार निगम, शंकर लाल सोमानी, अंकित गुप्ता, आस्था निगम, अच्यूत मेहरोत्रा आदि रहे।

# ट्रेन की रफ्तार और यात्रियों की सांसे रोकने को मुंह बाए खड़ा है रेलमार्ग

## रेलवे ट्रैक के टूटे स्लीपर, हुक और चाबी अलग-थलग, तीन स्थानों पर दिख रहा खतरा

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी




लखनऊ-बाराबंकी रेलमार्ग पर पटरियों के टूटे स्लीपर। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को एक्सप्रेस ट्रेन से अयोध्या पहुंचाने को लेकर जहां कई आधुनिक ट्रेनें चलाने के साथ रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण किया जा रहा है, वहीं लखनऊ-बाराबंकी रेलमार्ग ट्रेन की रफ्तार और यात्रियों की सांसे रोकने के लिए मुंह बाए खड़ा है। लखनऊ-बाराबंकी रेल मार्ग के हालत देखने से कभी भी बड़े हादसे के होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस रेलमार्ग पर रेलव ट्रैक की स्लीपर तीन-चार जगहों पर टूटे हैं तो वहीं हुक व चाभी भी अलग-थलग दिख रही हैं। ऐसे में इस पर गुजरने वाली एक्सप्रेस ट्रेन, मेल और मालगाडियों के लिए हमेशा खतरा बना हुआ है। जिम्मेदार यह जानते हुए भी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है।

लखनऊ-बाराबंकी रेल मार्ग की खंभा संख्या-1076/7 के पास पटरी की चाबी और हुक स्लीपर से अलग-थलग हो गई हैं। वहीं पर इसके आसपास तीन से चार स्थानों पर रेलवे ट्रैक के स्लीपर कई जगह टूटे पड़े हैं। इसके बाद भी दिन-रात इन जर्जर पटरियों से एक्सप्रेस ट्रेनें, मालगाड़ी व मेल गाड़ियों सरपट दौड़ रही हैं।

> रेलवे ट्रैक के कई स्थानों पर टूटने की जानकारी है। इसकी सूचना सीनियर चाबी मैन को दे दी गई है। टूटे स्लीपर, खुले हुक को बदलने का काम शीघ्र किया जाएगा। **-आनंद प्रकाश,** स्टेशन अधीक्षक, सफेदाबाद, बाराबंकी

### महादेवा कॉरिडोर के प्रस्ताव को शासन की हरी झंडी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बहुचर्चित महादेवा कारीडोर को काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के तर्ज पर विकसित करने के प्रस्ताव को शासन ने हरी झंडी दे दी है। अभी इस पर कैबिनेट की मोहर लगना बाकी है। इसके बाद वित्त विभाग को स्वीकृत के लिए भेजा जाएगा।

प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद महादेव कॉरिडोर के लिए जो प्रस्ताव तैयार किया था, उसे शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद अब इसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। बता दें कि महादेवा कॉरिडोर के लिए भूमि का चिन्हांकन पहले ही जिला प्रशासन कर चुका है। इसकी परिधि में आने वाले भवनों को भी चिन्हित किया जा चुका है।

## सार-संक्षेप

### बिहार ही नहीं, पूरे देश के नेता थे कर्पूरी ठाकुर


श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते विधायक फरीद महफूज किदवाई।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कर्पूरी ठाकुर शोषित व पीड़ित समाज के मसीहा थे। वह हमेशा उच्च विचार के आदर्शों पर जीवन पर्यंत चले। आरक्षण के वह प्रबल हिमायती थे, आर्थिक असमानता को वह देश के लिए अभिशाप मानते थे। उक्त विचार लोहिया भवन के बेनी बाबू सभागार में बाबा साहेब वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण सेन ने कपूरी ठाकुर जयंती वर्ष पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने व्यक्त किए। पूर्व मंत्री ने कहा कि कपूरी ठाकुर बिहार ही नहीं, पूरे देश के नेता थे। व्यवस्था परिवर्तन कर वह एकरूपता के प्रबल पक्षधर थे। उनका सादा जीवन उनके उच्च आदर्शो को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वह शासन स्तर पर कपूरी ठाकुर की एक बड़ी प्रतिमा व एक पार्क का नामकरण उनके नाम पर करने के लिए शासन को पत्र लिखकर मांग करेंगे। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष बाबा साहेब वाहिनी के सतीश शर्मा व अध्यक्षता कृपा शंकर सविता ने की। इस मौके पर मोहम्मद सबाह, असलम, विजय यादव, आरपी गौतम, प्रवेश, दीपिका, शीतला प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, चंदा राम समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

### रिटायर्ड पुलिसकर्मियों को दी विदाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अधिवर्षता आयु पूरी करने वाले दो सब इंस्पेक्टर व एक आरक्षी बुधवार को सेवानिवृत हो गए। रिटायर्ड पुलिसकर्मियों को पुलिस लाइन में एसपी ने सम्मानपूर्वक विदाई दी। एसपी ने अंगवस्त्र व प्रतीक चिंह देने के साथ सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जिले में तैनात उप निरीक्षक राम विलास सिंह, राकेश कुमार सिंह व आरक्षी सुरेश सिंह बुधवार को सेवानिवृत हुए। इनके विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर सीओ लाइन जगत कनौजिया, सीओ यातायात आलोक कुमार पाठक व प्रतिसार निरीक्षक सुभाष चंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे।

### स्थानांतरण के बाद बीडीओ को दी विदाई

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खंड विकास अधिकारी मोनिका पाठक का स्थानांतरण होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष की अगुवाई में प्रधानों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंटकर विदाई दी। बुधवार को विकास खंड सिरौलीगौसपुर में तैनात बीडीओ का हरख ब्लॉक में स्थानांतरण होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष विकेश वर्मा ने विदाई दी। नवागत प्रभारी बीडीओ बनाई गई उपजिलाधिकारी/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल का स्वागत किया। बीडीओ का चार्ज संभालने के बाद प्रभारी खंड विकास अधिकारी ने विकास खंड में तैनात सहायक विकास अधिकारी पंचायत आनंद कुमार सिंह व सभी पंचायत सचिवों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्राम प्रधान दयाशंकर शुक्ल, रविंद्र अवस्थी, हाजी मुस्ताक, मसूद रियाज, कुशमेश, जसवंत यादव, केदारनाथ वर्मा, चंद्रभान रावत, स्वतंत्र सिंह आदि रहे।

### घटिया सामग्री से निर्माण, शिकायत नजरअंदाज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत निधि से गांव में चल रहे नाली निर्माण में घटिया किस्म की ईंटों का उपयोग किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अफसर शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। हरख ब्लॉक के ग्राम पंचायत बलछट के मजरे मकबूलगंज में गुरुशोभा के मकान से पंचायत भवन तक ग्राम पंचायत निधि से नाली निर्माण चल रहा है। नाली निर्माण में जमकर धांधली की जा रही है। नालर निर्माण में घटिया किस्म की ईंटों के उपयोग के साथ ही खराब गुणवत्ता के मसाले का प्रयोग किया जा रहा है लेकिन जिम्मेदार अफसरों से शिकायत करने के बाद भी गुणवत्ता में सुधार नहीं लाया जा रहा है और न ही विभाग के अफसर इस ओर ध्यान दे रहे हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि नालर निर्माण में अनियमितता बरते जाने की शिकायत खंड विकास अधिकारी कार्यालय में की गई थी लेकिन किसी ने सुना नहीं। जिम्मेदारों ने घटिया ईंट का उपयोग कर प्लॉस्टर भी कर दिया है लेकिन जांच के लिए कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेंद्र यादव का कहना है मामले की जांच करा दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।


मानकविहीन बन रही नाली। अमृत विचार

### कृत्रिम अंगों व उपकरणों से बढ़ता है दिव्यांगों का आत्मबल

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** दिव्यांगों में एक विशेष प्रतिभा होती है जिससे वह कई आयाम प्राप्त कर सकते हैं। देश व प्रदेश की सरकार ने दिव्यांगों का सम्मान बढ़ाने के लिए कई कार्य किए हैं। उक्त विचार विकास खंड फतेहपुर के प्रांगण में आयोजित कृत्रिम अंग व उपकरण वितरण समारोह के दौरान विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि प्रदेश की सरकार दिव्यागों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास कर रही है। कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगों का आत्मबल बढ़ता है। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एजाज जुल हक ने दिव्यांगजनों के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान 144 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, दो व्हीलचेयर, 36 जोड़ी बैसाखी, तीन कान की मशीनें वितरित की गईं। इस मौके पर बीडीओ आलोक वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार वर्मा, एडीओ समाज कल्याण सत्यप्रकाश, महंत हेमंतदास, तरुण शुक्ला, आशुतोष वर्मा, राजेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

# रुद्र महायज्ञ के साथ हुआ कन्यापूजन


रुद्र महायज्ञ में शामिल संत-महात्मा। अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के श्री निरंकार आश्रम में चल रही विराट रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय कथा के चौथे दिन बुधवार को प्रयागराज से आए स्वामी प्रमोदानंद महाराज ने कन्या का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद कुंड में प्रयागराज से पधारे वैदिक विद्वानों द्वारा अग्नि प्रज्वलित की गई। आयोजक करुणा शंकर शुक्ला ने बताया कि अब प्रत्येक दिन हवन किया जाएगा। 2 फरवरी को पूर्णाहुति और 3 को विशाल भंडारा किया जाएगा। सोनेलाल शुक्ला, रामविजय कुमार मिश्रा उर्फ गुन्नी महाराज, अवधेश कुमार, अमरकृष्ण आदि मौजूद रहे।


रुद्र महायज्ञ के दौरान आहुति डालते लोग। अमृत विचार

### साइबर ठगी के शिकार हुए परिचालक और युवक

**बाराबंकी अमृत विचार :** साइबर ठगी के मामले में फिर बाढ़ आने लगी है। बुधवार को साइबर ठगी के दो मामले प्रकाश में आए। नगर कोतवाली क्षेत्र में परिवाहन निगम के परिचालक से एक लाख 14 हजार रुपये तो कोठी थाना क्षेत्र में एक युवक से एक लाख 30 हजार रुपये की ठगी साइबर ठगों ने की। नगर कोतवाली में दी गई तहरीर में परिवहन विभाग के परिचालक विनोद कुमार तिवारी ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने एसबीआई से रिद्धी वर्मा नाम बताकर बात की और उसने एनी एसबीआई एप डाउनलोड करने को कहा। इसे डाउनलोड करते ही उसके क्रेडिट कार्ड और एटीएम से एक लाख 13 हजार 907 रुपये निकल गए। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। वहीं, कोठी थाना क्षेत्र के मीरापुर निवासी मो. नदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर पांच दिन पहले पार्सपोर्ट के पार्सल को लेकर फोन आया। उसने इसके लिए एक लिंक शेयर किया। उसके बाद पांच ट्राजक्शन में उसके खाते से एक लाख 38 हजार नौ सौ रुपये निकल गए। इसकी शिकायत उसने कोठी पुलिस से की तो पुलिस ने केस दर्ज करने के बजाए उसे टरका दिया। इसकी शिकायत पीड़ित ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक से की।

# ठेकेदार दुकानों तक पहुंचाएं राशन

कोटवाधाम, बाराबंकी



कोटेदार संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में आए दिन अधिकारियों की कमीशनखोरी के शिकार हो रहे उचित दर विक्रेताओं को लेकर कोटेदार संगठन ने कोटवाधाम स्थित पंचायत भवन पर बैठक की। बैठक में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। कोटेदार संघ की जिलाध्यक्ष रीतू वर्मा की अगुवाई में बैठक हुई।

तीन ब्लॉकों के कोटेदारों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रीतू वर्मा ने कहा कि सिंगल डोर स्टेप डिलीवरी के तहत जिन कोटेदारों की राशन की दुकान तक वाहन नहीं जाते हैं, वह अगले माह से अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर राशन लेने नहीं जाएंगे। ठेकेदार उनकी दुकानों तक राशन पहुंचाएं। उदाहरण देते हुए कहा कि सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र में तमाम कोटेदारों से राशन उतरवायी के नाम पर पल्लेदारी ली जाती है, उसे तत्काल बंद कर दिया जाना चाहिए। बोरी की माप को ठेकेदार के सामने ही तौल लें जिससे बीच में कोई राशन गबन न कर सके। सभी कोटेदारों ने सहमति दिखाई। बैठक के बाद कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें उटवा की कोटेदार द्रोपदी वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया। देश दीपक प्रवेश को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर सुनील बाजपेयी सूर्य प्रताप सिंह, कुलदीप, मंगल प्रसाद, जाकिर हुसैन, प्रमोद, पंचम लाल, गोपीचंद्र आदि रहे।

### तहसील प्रशासन ने जरुरतमंदों को बांटे कंबल

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व एसडीएम राम आसरे वर्मा ने तहसील क्षेत्र की करीब 30 ग्राम पंचायतों में जरूरतमंदों को कंबल बांटे। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। राज्यमंत्री व एसडीएम ने विकास खंड बनीकोडर के ग्राम पंचायत खुशहेटी के प्राथमिक विद्यालय सूर्यपुर में 500 लोगों व बनीकोडर कोटवा सड़क पर 100 पात्रों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्र, तहसीलदार शरद सिंह, नायब तहसीलदार सुधाकर पांडेय, अवधेश श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि चंद्रशेखर वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि सुधाकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**अभियान** पौधरोपण को लेकर शुरू हुई तैयारी, विभागों को जल्द मिलेगा लक्ष्य, नोडल वन विभाग अकेले लगाएगा 20 लाख पौधे

# कागजों पर फिर आएगी हरियाली, रोपित होंगे 57 लाख पौधे

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी



**अमृत विचार :** जुलाई व अगस्त में जिले में 57 लाख पौधों का रोपण होगा। शासन ने वर्षाकाल में पौधरोपण को लेकर जिले में लक्ष्य का निर्धारण कर दिया है। हालांकि, इसमें अभी बदलाव होने की बात कही जा रही है। इसमें अकेले वन विभाग को 20 लाख पौधे रोपित करने की जिम्मेदारी दी गई है जबकि अन्य विभागों को 37 लाख के आसपास पौधों का रोपण करने को निर्देशित किया गया है। पौधे वन विभाग उपलब्ध कराएगा। सभी विभागों को शासन की ओर से भूमि चिह्नित करने का काम तेजी से पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं।

इस साल वृहद पौधरोपण की तैयारी शुरू हो गई है। अभियान के दौरान जिले में करीब 57 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी अनंतिम सूची तय की गई है, जल्द ही अंतिम सूची जारी कर विभागवार लक्ष्य तय किया जाएगा लेकिन शासन की ओर से जिले में लक्ष्य आवंटित करने की बात कही गई है। लक्षित 57 लाख पौधों में वन विभाग अकेले 20 लाख पौधे लगाएगा जबकि 27 अन्य विभागों की जिम्मेदारी तय करते हुए 37 लाख पौधे रोपित करने की बात कही गई है। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पीडब्ल्यूडी, उद्योग, श्रम, पंचायती राज एवं कृषि विभाग के अलावा राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास, पुलिस समेत कई अन्य विभाग हैं। अभियान के नोडल वन विभाग को अकेले सबसे अधिक पौधों का रोपण करना होगा। जुलाई-अगस्त में पौधरोपण का कार्य पूरा कराने के लिए सभी विभागों को अभी से भूमि चिह्नित करने को कहा गया है। रोपण स्थलों की सूचना वन विभाग को देनी होगी। वन विभाग के बाद ग्राम विकास विभाग को सर्वाधिक पौधे रोपने का लक्ष्य पूरा देने की बात कही जा रही है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक, वानिकी आकाशदीव वधावन ने बताया कि पौधरोपण को लेकर अभी अनंतिम सूची बनाई गई है, जल्द ही अंतिम सूची तैयार हो जाएगी। फिलहाल, 57 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। इसमें बदलाव भी हो सकता है।

**बीते चार साल में पौधरोपण का हाल**

| वर्ष | पौधों की संख्या |
|---|---|
| 2020 | 45.79 लाख |
| 2021 | 54.95 लाख |
| 2022 | 64.11 लाख |
| 2023 | 87.00 लाख |

### सीएम व राज्यपाल के हाथों लगे पौधे भी नहीं बचे

वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों रामनगर के महादेव वाटिका में 6 पौधे समेत करीब 400 पौधे लगवाए गए थे। आज अधिकतर का नामोनिशान नहीं बचा है। फतेहपुर के होली पुरवा मजरे मवैया में कल्याणी नदी के किनारे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व तत्कालीन वन मंत्री ने तीन हजार पौधे रोपित किए थे। इनमें से अधिकतर गायब हो गए हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बीते वर्ष शहर से सटे जिन्हौली गांव में कई पेड़ लगाए थे। यहां भी आज ऐसी ही स्थिति देखने को मिल रही है।

# शोभा यात्रा में उमड़े भक्त, लगाए जयकारे

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक के ग्राम कुड़वा बल्लोपुर स्थित पंचमुखी बाला जी हनुमान मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय रासलीला महोत्सव का बुधवार को समापन हो गया। समापन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा व आरती कर स्वागत किया गया।

बुधवार दोपहर मंदिर प्रांगण से शुरू हुई शोभायात्रा बल्लोपुर चौराहे होते हुए बभनावाघाट से सूरतगंज बेल चौराहे स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। इसके बाद झंझरा चौराहा होकर पुनः मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, महंत राघवदासी शामिल हुए। जय श्रीराम के जयघोष के साथ भक्त उत्साहित दिखे। यात्रा में इलाके के हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस बल के साथ ग्राम प्रधान दिनेश यादव, बीडीसी ज्ञानू शुक्ला, आचार्य संतोष अवस्थी, रामू शुक्ला, छोटू रहे।

**सूचना**
मैं सशपथ घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट संख्या B7138306 में भूलवश अमर दीप रावत के स्थान की जगह पर अमर दीप दर्ज हो गया है जबकि शपथी के आधार कार्ड संख्या 241864237788 पर अमर दीप रावत दर्ज है। शपथी- **अमर दीप रावत पुत्र राकेश कुमार, निवासी, पूरे कोट मजरे छंदवल थाना - जैदपुर, तहसील - राम सनेही घाट, जिला - बाराबंकी**

# दो हिस्ट्रीशीटर सहित पांच को भेजा जेल

**लालगंज, रायबरेली।** अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहें अभियान के तहत पुलिस ने गुम्दापुर मजरे गोविंदपुर भीरा निवासी महारथी लोनिया पुत्र राम आसरे और सूर्य सेन उर्फ मोनू पुत्र महारथी दोनों को अवैध के साथ गिरफ्तार किया हैं।

दोनों गिरोह बनाकर अपराध करते हैं, जिसके कारण गैंगस्टर के मुकदमे भी दोनों के खिलाफ पंजीकृत हैं। इसके अलावा पुलिस ने निराला नगर थाना रायबरेली निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद सगीर को भी 51 सौ ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। शकील के खिलाफ भी नौ मुकदमे पहले से पंजीकृत हैं। अभियुक्तों को पकड़ने वाली टीम में कोतवाल शिवशंकर सिंह ,चौकी इंचार्ज मनोज यादव, उपनिरीक्षक निखिलेश कुमार, दलसिंह, कौशल राठी, अमित कुमार, अंकित कुमार और जयकुमार शामिल रहें।

# सपा ने राहुल गांधी के खिलाफ कभी नहीं उतारे अपने प्रत्याशी

- **अमेठी लोकसभा के चुनावों में सपा ने सिर्फ दो बार उतारें हैं अपने प्रत्याशी**
- **सोनिया गांधी के खिलाफ सपा ने उतारा था अपना प्रत्याशी, मिली हार**

**नीरज श्रीवास्तव परशदेपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार।** यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव के टिकट बंटवारे को लेकर मुद्दा गरम है। अगर देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी का इतिहास टटोलें तो अब तक सपा ने सिर्फ दो बार अपने प्रत्याशी उतारें हैं और दोनों ही बार सपा को जीत नसीब नहीं हुई। राहुल गांधी के अमेठी आने के बाद से सपा लगातार अपना प्रत्याशी ना उतारकर एक तरह से उनका अघोषित समर्थन करती रही है।

2024 के लोकसभा चुनावों को देखते हुए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कांग्रेस को 11 जिताऊ सीट ऑफर की थी। इसी बीच अखिलेश यादव ने 16 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी। सपा और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे का क्या नतीजा निकलता है ये तो आने वाला समय बताएगा लेकिन अमेठी लोकसभा का इतिहास देखें तो सपा ने सबसे पहले 1998 में शिव प्रसाद को अपना प्रत्याशी बनाया था। इस चुनाव में भाजपा ने संजय सिंह, कांग्रेस ने कैप्टन सतीश शर्मा व बसपा ने मो. नईम को टिकट दिया था। भाजपा के संजय सिंह ने 205025 वोट पाकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस को 181755, बसपा को 151096 व सपा को 29888 वोट मिले थे।


राहुल गांधी


अखिलेश यादव

### 2019 में सपा द्वारा प्रत्याशी न उतारने पर भी मिली पराजय

राहुल गांधी ने अमेठी में 2004, 2009 व 2014 में बड़ी जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाई। इन चुनावों में सपा ने अपने प्रत्याशी नहीं उतारे थे लेकिन 2019 में भी सपा द्वारा प्रत्याशी ना उतारने के बावजूद उन्हें भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी से पराजय का सामना करना पड़ा था।

इसके बाद जब 1999 में सोनिया गांधी अमेठी चुनाव लड़ने आई तो उनके खिलाफ सपा ने फिर अपना प्रत्याशी कुमार उज्जमा फौजी को उतारा था।

भाजपा ने संजय सिंह को जबकि बसपा ने पारस नाथ मौर्य को टिकट दिया था। इस चुनाव में कांग्रेस की आंधी में बाकी दल उड़ गए। कांग्रेस को जहां 418960 वोट मिले वहीं भाजपा को 118948, बसपा को 33658 व सपा 16678 वोट ही मिले। उसके बाद 2004 में जब से राहुल गांधी अमेठी आए तब से सपा ने कभी भी अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। सपा लगातार लोकसभा के चुनावों में राहुल गांधी का समर्थन करती चली आ रही है। अब 2024 में सपा का क्या रुख होगा ये आने वाले समय में ही पता चलेगा।

# सदर विधायक की मेहनत लाई रंग दो सड़कों पर खर्च होंगे 28.49 करोड़

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार :** शहर से जुड़े परशदेपुर और महराजगंज सड़क की दशा अब सुधरने वाली है। सदर विधायक अदिति सिंह के प्रयास से सरकार की ओर से 28.49 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल गई है। साथ ही सात करोड़ 12 लाख 45 हजार रुपये भी अवमुक्त कर दिया गया है। इससे शहरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। साथ ही सदर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है।

लखनऊ मंडल के रायबरेली के दो मार्गों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के कार्यों के लिए 28 करोड़ 49 लाख 81 हजार रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य सड़क निधि से सात करोड़ 12 लाख 45 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति मिली है। परशदेपुर मार्ग चौड़ीकरण ओर सुदृढीकरण का कार्य में शहर से जुड़े 2.1 किमी में 10 करोड़ 54 लाख 93 हजार खर्च होना है। उपसचिव राजेश प्रताप सिंह द्वारा प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग को जारी पत्र में अवमुक्त धनराशि दो करोड़ 63 लाख 73 हजार दिया गया है। इसी तरह हैदरगढ़-महराजगंज-रायबरेली मार्ग शहरी भाग चार किमी के चौड़ीकरण में 17 करोड़ 94 लाख 88 हजार खर्च होंगे। इसके लिए चार करोड़ 48 लाख 72 हजार अवमुक्त किया गया है।


विष्णु मौर्या


अनिल कुमार


अमन सिंह


दीपक विश्वकर्मा


सोनू सिंह


अमरेंद्र वर्मा

### आवागमन की समस्या होगी दूर

शहर से सटे इन क्षेत्रों में सड़क कम चौड़ी होने के कारण आवागमन की काफी समस्या होती थी। कभी-कभी वाहनों का जाम तक लग जाता था। बजट जारी होने के बाद इससे लोगों को निजात मिल सकेगा। साथ ही सड़क की पटरियों तक फैले अतिक्रमण की समस्या भी दूर हो जाएगी।

### सदर विधायक के प्रयास की चहुंओर प्रशंसा

सदर विधायक के प्रयास से शहर में कई कार्य हो चुके हैं। वहीं अब सड़क चौड़ीकरण की मंजूरी मिलने से हर कोई प्रशंसा कर रहा है। विष्णु मौर्या कहते हैं कि कम से कम शहर की सड़कें तो अच्छी ही होनी चाहिए। विधायक द्वारा लगातार बेहतर कार्य किया जा रहा है। अनिल कुमार कहते हैं कि अतिक्रमण के कारण दिनों दिन सड़कें सिमटती जा रही हैं। चौड़ीकरण से यह समस्या दूर हो जाएगी। अमन सिंह का कहना है कि सदर विधायक निरंतर जनता के सुख और दुख में साथ रहती हैं। दीपक विश्वकर्मा ने बजट जारी होने पर खुशी जताई। भाजपा नेता सोनू सिंह सदर विधायक के साथ प्रदेश सरकार के प्रति आभार जताया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, दो घायल

**अटौरा, रायबरेली**

**अमृत विचार।** गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में जहां रोडवेज बस ओवरटेक करने के चक्कर में डंपर से भिड़ गई। वही साईकिल सवार को कार ने कुचल दिया, जहां वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मंगलवार की देर रात परिवहन निगम की किदवई नगर डिपो के चालक पंकज श्रीवास्तव बस को लेकर मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे रायबरेली से कानपुर जा रहे थे।

अटौरा चौराहे के निकट प्रभुपुर मोड के पास आगे जा रहे ओवरटेक करने के प्रयास में बस डंपर से टकरा गई। घटना के समय बस में कुल 14 यात्री सवार थे, जिसमे से दो यात्रियों को मामूली चोटें आयी है। दूसरी घटना में बुधवार को भदोखर थाना क्षेत्र के बिनहोरा गांव निवासी मेवा लाल पुत्र सरजू अपनी पुत्री के घर लोहरा मऊ आये थे। बुधवार को जब वह वापस अपने गांव साइकिल से जा रहे थे, तभी सलारपुर मोड़ पर तेज रफ्तार अल्टो कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर उपस्थित स्थानीय लोगों के द्वारा तत्काल मेवालाल को इलाज हेतु जिला चिकित्सालय भिजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



क्षतिग्रस्त बस

## सार-संक्षेप

### सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जगतपुर, रायबरेली।** परिवार नियोजन की जागरूकता को लेकर सीएचसी से सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर सीएचसी अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव ने रवाना किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि सारथी वाहन परिवार नियोजन को लेकर तरह-तरह की जानकारी देगा। साथ ही बढ़ती हुई जनसंख्या के नियंत्रण को लेकर लोगों को जागरुक भी करेगा। सीएससी अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है, जो परिवार नियोजन को लेकर लोगों को जागरूक करेगा।


सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाते सीएचसी अधीक्षक प्रजेश श्रीवास्तव

### गुजवर ने जायस और सांडा सैदन ने दिलावलपुर को हराया

**परशदेपुर, रायबरेली।** गेवड़े मैदान में चल रही जनसत्ता दल क्रिकेट प्रतियोगिता में जायस और गुजवर के बीच हुए पहले मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर जायस के कप्तान नूर आलम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 115 रन का स्कोर बनाया। जवाब में गुजवर ने आठ ओवर में निर्धारित लक्ष्य प्राप्त कर मैच जीत लिया। अंकित को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच सांडा सैदन व दिलावलपुर के बीच हुआ, जिसमें दिलावलपुर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। सांडा सैदन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 139 रनों का स्कोर खड़ा किया। अखिलेश ने 13 बॉल में 33 रनों की पारी खेली। जवाब में दिलावलपुर 129 रनों पर ही ऑल आउट हो गई। कमेंट्री शिवाकांत पांडेय और स्कोरर आमिर अंसारी व विनोद रहे। अंपायर की भूमिका शीबू व आजम ने निभाई। इस मौके पर असहाब अहमद, शानू खान, साहिल, कलीम कुरेशी, वहीद राईन आदि मौजूद रहे।

### पशु आरोग्य मेला में 583 मवेशियों का इलाज

**राही, रायबरेली।** ब्लॉक के ग्राम बेलाटेकई में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार और उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. संजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मेले में 583 पशुओं का पंजीकरण कर उनका इलाज किया गया। कार्यक्रम कीअध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि मंशाराम ने किया। डा .अमित बरनवाल, डॉ मनोज यादव पशु चिकित्सा अधिकारी ने अपने विचार ग्रामीणों संग साझा किया। पशुधन प्रसार अधिकारी प्रशांत सिंह ने विभाग द्वारा संचालित सभी सरकारी योजनाओं के संबंध में पशुपालकों को जानकारी दी। इस मौके पर अरविंद कुमार मौर्य ,बृजेंद्र नारायण यादव ,प्रमोद सिंह, राज बहादुर सिंह , रमेश कुमार, संत प्रसाद यादव, तारा देवी आदि मौजूद रही।

### सत्संग में उमड़े भक्त

**जगतपुर, रायबरेली।** संत निरंकारी सत्संग भवन में बुधवार को सत्संग का आयोजन किया गया। महात्मा संजय सिंह ने सत्संग में कहा कि पूर्ण सदगुरु जब जीवन में आ जाता है तो हमारे जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। एक प्रभु परमात्मा जिसके लिए कहा गया है। जिसको तीनों कालों में कोई परिवर्तन नहीं होता है। एक जैसा ही रहता है। यह संसार जो अपूर्ण सत्य है यह परिवर्तनशील है। इसमें परिवर्तन होते रहते हैं और आत्मा परमात्मा का अंश है। सदगुण ब्रह्म ज्ञान देकर ब्रह्म के साथ जोड़ देता है। अपने आप की पहचान कर देता है। जो मन में भ्रम था। हम अपने आप को शरीर मानते चले आ रहे थे। जन्म मरण के बंधन में बंधे थे। सतगुरु ने ज्ञान देकर इस बंधन से मुक्त कर देता है और मन में ऐसे भ्रम को मिटा देता है। इस मौके पर राम प्रसाद, अशोक, बाबूलाल, राम सुमेर, रूपेश, वंदना, साधना, लक्ष्मी, पूनम व उषा आदि साध संगत मौजूद रहे।

### चयन ट्रॉयल दो फरवरी को

**रायबरेली :** 47वीं जूनियर बालिका ओपन कबड्डी चैंपियनशिप 9 से 11 फरवरी के मध्य डॉ राम मनोहर लोहिया डिग्री कॉलेज अध्यात्मपुरम जिला गाजीपुर में आयोजित होगी। इसमें रायबरेली जनपद की बालिका कबड्डी टीम प्रतिभाग करेगी, जिसका जिला स्तरीय चयन ट्रायल 2 फरवरी को पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन सचिव एमएल साहू ने दी। उन्होंने बताया कि इसमें वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं जिनका वजन 65 किलोग्राम यह इससे कम हो। 11 फरवरी 2024 को 20 वर्ष से कम हो अर्थात 12 फरवरी 2004 के बाद की जन्म तिथि हो ट्रायल की विस्तृत जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन के संयुक्त सचिव हिमांशु तिवारी से संपर्क कर सकते हैं।

### युवक को पीटने का लगाया आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पुरानी रंजिश के कारण युवक रास्ते में रोककर पीटने का आरोप लगा हैं। गांव खांधारीपुर निवासी अनिल कुमार का कहना है कि वह खरीदारी करने के लिए बुधवार को ऊंचाहार आ रहा था । रास्ते में ननकू का पुरवा गांव के पास पुरानी रंजिश के कारण दो लोगों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित कोतवाली में दोनो लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दी है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण


प्रशिक्षण में मौजूद आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री।

**नसीराबाद, रायबरेली।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का तीन दिवसीय क्षमता वर्द्धक प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधान केन्द्र छतोह में 30 जनवरी से चल रहा है। इसमें ब्लॉक के विभिन्न केन्द्रों में कार्यरत 35 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। प्री प्राइमरी शिक्षा से संबंधित 52 सप्ताह के गतिविधि आधारित मैनुअल पर क्षमतावर्धन के अभिमुखीकरणका प्रशिक्षण देने के लिए सन्दर्भ दाता रमेश कुमार शुक्ल सहायक अध्यापक पूरे देवीदास, आलोक मौर्य सहायक अध्यापक निनावा, मुख्य सेविका कृष्णा देवी और सुमित्रा देवी पूरी लगन और मेहनत से काम कर रही हैं। खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही है।

### एसपी से की कार्रवाई की मांग

**रायबरेली।** सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे रानी मजरे पहुरी गांव निवासी वीरेन्द्र नें बुधवार को एसपी को दिये शिकायती पत्र में रिश्तेदारों द्वारा उसकी पत्नी को ले जाने का आरोप लगाया है। बताया कि दो माह पूर्व वह बीमार था। उसके रिश्तेदार घर आए और उसकी पत्नी को यह कहकर लेकर गए थे कि वह दवाई लेने जा रही हैं। लेकिन कई महीने बीतने के बाद भी अभी तक वापस नही आई हैं। पीड़ित नें बताया कि वह बच्चों के साथ 12 हजार रुपये और चार लाख के जेवरात भी लेकर गई हैं। वह जब रिश्तेदारों से पत्नी के बारे में जानकारी करता हैं तो विवाद करने का आरोप लगाया हैं। एसपी ने उसे न्याय का भरोसा दिलाया हैं।


मोहल्ला चौरासी में पॉलिथीन लगाकर रहते परिवार।


मोहल्ला चौरासी में झोपड़ी में रहने को विवश लोग।

# झुग्गी-झोपड़ी में रहने को लाचार नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास

**डलमऊ, रायबरेली**

**अमृत विचार।** तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है, मगर ये आंकड़े झूठे व दावा किताबी है... शायर अदम गोंडवी की यह चंद लाइनें डलमऊ तहसील के कर्मचारियों पर सटीक बैठती है। गरीबों को सिर छुपाने के लिए आवास देने की उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सबसे महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में इन्हे पात्र तक नहीं समझा गया।

यही वजह है कि सूची में नाम जैसे-तैसे शामिल होने के बावजूद योजना का लाभ अभी तक नहीं मिल सका। हालांकि पात्रों की सूची राजस्व विभाग को सौंपने के बावजूद उप जिलाधिकारी के अनदेखी और उदासीनता के चलते दो महीने बाद भी पात्रता की जांच किसी ने कराना मुनासिब नहीं समझा है। जिससे गरीब परिवारों को अपने टूटे-फूटे आशियाना में रहने को मजबूर होना पड़ रहा है। नगर पंचायत के वार्डों में रहने वाले गरीब परिवारों द्वारा आवास के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत काफी पहले दिए गए 654 लोगों के आवेदन की सूची संबंधित विभाग द्वारा पात्रता की जांच के लिए उप जिलाधिकारी को सौंप दी गई। उप जिलाधिकारी द्वारा पात्रता की जांच के लिए क्षेत्रीय लेखपालों को सूची तो दे दी गई।

> पात्रता की जांच के लिए क्षेत्रीय लेखपालों को सूची दी गई है। शीघ्र ही जांच रिपोर्ट मंगवाकर संबंधित विभाग को भेज दी जाएगी।
>
> -अभिषेक वर्मा
> एसडीएम डलमऊ

लेकिन लगभग दो माह से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद भी जांच रिपोर्ट मंगवाने की सुध नहीं ले रहे हैं। कस्बे के इब्र ताहिर, मोहम्मद आलम, रेखा देवी, मिथिलेश कुमारी, गुड़िया देवी, सुनील कुमार, अमीन अहमद, दयाराम, लाला आदि के साथ सैकड़ो कस्बा वासियों ने बताया कि पिछले लगभग एक वर्ष पहले प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लिए आवेदन किया था। लेकिन अभी तक उन्हें आवास नही मिला है।

# दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** कोर्ट ने करीब तीन साल पहले हरचंदपुर थाना क्षेत्र में छह साल की बालिका से हुए दुष्कर्म के मामले में दोषसिद्ध होने पर अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 20 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है।

यह फैसला जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित पाक्सो कोर्ट द्वितीय के अपर सत्र न्यायाधीश विद्या भूषण पांडेय ने बुधवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक (पाक्सो एक्ट) बब्बन कुमार त्रिपाठी, अशोक कुमार त्रिवेदी व वीरेंद्र कुमार मिश्र के मुताबिक मामले की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने थाना हरचंदपुर में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 16 मार्च 2020 की शाम करीब छह बजे बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान ध्यानचंद्र ने बिस्किट दिलाने के बहाने छह वर्षीय पीड़िता को ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने विवेचना के बाद मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर निवासी ध्यानचंद्र के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई।

### किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

**बछरावां, रायबरेली।** जिले में आपराधिक घटनाओं पर लगाम नही लग पा रहा है। आये दिन दुष्कर्म जैसी घटनाएं पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रही हैं। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक ने दुष्कर्म की घटना को उस समय अंजाम दे दिया है। घटना को उस समय वारदात दिया, जब वह पार्लर सेंटर से अपने घर जा रही थी। घटना के बाद युवक फरार हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से किशोरी को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां उसका मेडिकल परीक्षण किया जा रहा है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया है कि उसकी चौदह वर्षीय बेटी गांव से लगभग दो किलोमीटर दूर दूसरे गांव में पार्लर व सिलाई सीखने जाती है। मंगलवार को भी वह वहाँ गई थी। शाम को जब वह वापस पैदल अपने घर आ रही थी। तब गांव के पास ही बने सामुदायिक केंद्र के पास एक युवक उसे घसीट कर केंद्र के अंदर ले जाकर उसके साथ गलत हरकत की। किशोरी के चीख पुकार करने पर ग्रामीण पहुँच गए, जिसके बाद युवक भाग निकला था। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है, केस दर्ज कर लिया गया है, आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

### पीडीए के तहत सपाइयों ने की जन पंचायतें

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी द्वारा खीरों ब्लाक के रामपुर बरौला एवं अखऊपुर सेक्टरों में पीडीए पखवाडा कार्यक्रम के तहत जनपंचायतों का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष इं वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान निराश एवं परेशान है। साधन सहकारी समितियों पर यूरिया एवं डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। बाजार से मिलने वाली खाद की कीमतें बढा दी गयी है। गन्ना किसानों को पर्चियां न मिलने के कारण तौल नहीं हो पा रही है। आवारा जानवर फसलें चौपट कर रहे हैं। पुलिसकर्मी भाजपा नेताओं की शह पर पिछड़ों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों का उत्पीड़न कर रहे हैं। उधर बछरावां के भवानीगढ एवं देहली में क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि भाजपा द्वारा धर्म के नाम पर लोगों को आपस में लड़ा कर सत्ता की कुर्सी हासिल किया गया है।

# पांच दिन में ग्राम समाज की जमीन से कब्जा हटाने की दी हिदायत

**खागीपुर सड़वा, रायबरेली**

**अमृत विचार।** जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा सरकारी जमीनों पर काबिज लोगो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। सदर तहसील के खागीपुर संडवा के ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी से एक स्कूल संचालक द्वारा ग्राम पंचायत की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की थी। जिसको लेकर बुधवार को तहसील प्रशासन के कर्मचारियों ने मौके पर जाकर जमीन की पैमाइश की। साथ ही ग्राम पंचायत की भूमि पर काबिज सुनील कुमार गुप्ता को पांच दिन के भीतर जमीन खाली करने की हिदायत दी गई।

स्कूल संचालक द्वारा ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा था कि वह इसमें स्टेडियम बनवा रहा है। ग्रामीणों नें उसकी चालबाजी देख डीएम से शिकायत किया था। इससे पहले भी उसके ऊपर राजस्व विभाग द्वारा जमीन खाली करने के निर्देश के साथ जुर्माना किया गया था। लेकिन अब जब जिलाधिकारी के पास मामला पहुंचा तो तहसील प्रशासन भी हरकत में आ गया। इस दौरान राजस्व टीम में नायब तहसीलदार समीम अहमद, कानून गो राजपाल यादव, हल्का लेखपाल शिवराज सिंह चौहान सहित ग्रामीण मनोज कुमार त्रिपाठी, दिलीप कुमार, रामदास पाल, रंजन लाल आदि रहें।


ग्राम समाज की जमीन के बारे में जानकारी लेती टीम।

**अनदेखी** जल निगम के अधिकारियों की लापरवाही ग्रामीणों को पड़ रही भारी

# शुद्ध पानी को तरस रही 50 हजार की आबादी

**लालगंज, रायबरेली**

**अमृत विचार।** कस्बे से सटे गोविंदपुर वलौली गांव में हाईवे की सड़क के किनारे स्थित बन्नामऊ पेयजल योजना वर्तमान में सिर्फ सफेद हाथी बनकर रह गया है। वजह, पिछले पांच साल से यहां से जुड़े गांवों में पानी के एक बूंद तक नहीं पहुंच पाना। अफसरों के ढीले रवैये के कारण इसके दोनों पंप खराब पड़े हैं। इससे करीब 50 हजार की आबादी पानी के संकट से जूझ रही है।

बन्नामऊ योजना की स्थापना 1980 में हुई थी। इससे करीब 15 ग्राम पंचायत में पानी की आपूर्ति होती थी। पांच वर्षों से बन्नामऊ पेयजल योजना के दोनों पंप खराब हो जाने से पानी की सप्लाई पूरी तरह से ठप पड़ी है। वहीं प्रदेश और केंद्र सरकार हर घर को नल से पानी देने की योजना के साथ काम कर रही है। लेकिन जल निगम के अधिकारियों की खाऊ कमाऊ नीति के चलते पुरानी पेयजल योजना चौपट होती जा रही है। विभाग ने इस पेयजल योजना के तहत तैनात रहें दर्जनों कर्मचारियों को भी हटा दिया है। अब इस पानी टंकी की देखभाल करने वाला भी कोई नही बचा है।



बन्नामऊ स्थित पानी की टंकी।

### देखरेख के अभाव में बिगड़ने लगी व्यवस्था

पेयजल योजना में कई सरकारी आवास बने हुए हैं। दो नलकूप और एक भारी भरकम पानी की टंकी बनी हुई है। बावजूद इसके करोड़ों रुपयों की सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में सरकारी अधिकारी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अगर केवल नई बोरिंग करा दी जाए तो पानी की सप्लाई फिर से शुरू हो सकती है। गोविंदपुर वलौली निवासी श्रीधर शुक्ला, रज्जन लाल बाजपेई आदि ने बताया कि पांच-छह वर्ष पूर्व पानी आता था। इधर पानी के दर्शन तक नहीं हो रहे हैं। जिससे पेयजल की समस्या बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर कोई ध्यान नही दे रहें है।

> बन्नामऊ पेयजल योजना से लगी हुई ग्राम पंचायतो में अलग से पानी की टंकी बनाने के टेंडर हो गए हैं। छह माह के अंदर पानी की सप्लाई शुरू होने की संभावना है। पेयजल की समस्या से लोगो को निजात मिलेगी
>
> -सफीकुर्रहमान
> अधिशाषी अभियंता जल निगम

# खजुरों में प्रशासन ने अवैध निर्माण पर चलवाया बुलडोजर


अवैध निर्माण पर चलता बुलडोजर

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरों में अवैध निर्माण को प्रशासन ने बुलडोजर से ढहवा दिया। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत खजुरों में गाटा संख्या 1409 मरघट के नाम से दर्ज है। जिस पर गांव की ही कोमल पत्नी हरिपाल द्वारा आरसीसी के पिलर डालकर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। एसडीएम के आदेश पर बुधवार को पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज शर्मा, राजस्व विभाग से लेखपाल तुषार साहू, अनिल चौधरी, रमेश पटेल ने अवैध निर्माण को ढहवा है। लेखपाल अनिल चौधरी ने बताया कि उक्त जमीन पर अतेष्ठि स्थल बनना है। महराजगंज एसडीम के आदेश पर अवैध निर्माण गिरवाया गया है। साथ ही सख्त हिदायत दी गई है कि उक्त जमीन में किसी प्रकार अतिक्रमण अथवा निर्माण न करें।

# नवागन्तुक बीईओ का स्वागत, इंचार्ज को दी विदाई

**शिवगढ़, रायबरेली**

**अमृत विचार।** बीआरसी शिवगढ़ में नवागन्तुक बीईओ अनिल कुमार मिश्रा का जहां एक ओर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं शिवगढ़ में तैनात इंचार्ज बीईओ राममिरन यादव के शिवगढ़ से कार्य मुक्त होने पर उन्हें कार्यालय स्टाफ एवं शिक्षकों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। शिवगढ़ में अतिरिक्त प्रभार के रूप में तैनात इंचार्ज बीईओ राम मिलन यादव ने कुछ ही दिनों के अतिरिक्त प्रभार में शिक्षा के क्षेत्र में ससमय कार्यों का निष्पादन कराने के साथ ही शिक्षकों का उचित मार्ग दर्शन किया, जिससे शिक्षकों को नई ऊर्जा प्राप्त हुई परिणाम स्वरूप शिक्षक अपने दायित्वों का अच्छी तरह से निर्वाह कर रहें थे। यही कारण है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव शिक्षकों में अपनी अलग ही पहचान बना चुके थें। बुधवार को जिनकी विदाई के समय शिक्षकों की आंखें नम हो गई। वहीं गैर जनपद से आए हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा का कार्यालय स्टाफ एवं शिक्षकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, कार्यालय सहायक अनिल कुमार, सौरभ शर्मा, मोहम्मद इमरान, नरेंद्र वर्मा, दिनेश सिंह, बृज किशोर वर्मा, धर्मेंद्र कुमार वर्मा, विजय मिश्रा आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# चोरी की घटनाओं के खुलासे में फिसड्डी है सलोन पुलिस

- कई घटनाओं को आज भी हैं खुलासे का इंतजार

**सलोन, रायबरेली**

> मेरे द्वारा बिंदुवार समीक्षा की जा रही है। जिसकी मानीटरिंग मैं खुद कर रही हूं। जल्द ही चोरियों का खुलासा कर दिया जाएगा। इसको लेकर टीम बनाई गई है।
>
> –वंदना सिंह, सीओ सलोन

**अमृत विचार।** नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल जिले की पुलिस को हर स्तर पर बेहतर बनाने की कोशिश में जुटे हुए है। इसके बावजूद सलोन पुलिस अपने पुराने ढर्रे पर ही चल रही है।

पुलिस की निष्क्रियता का आलम यह है कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों और दुकानों में हुई चोरियों का आज तक खुलासा करना तो दूर किसी घटना का सुराग तक लगा पाने में पुलिस नाकाम है। क्षेत्र में हो रही लगातार एक के बाद एक चोरी की घटनाओं से जहां ग्रामीण खौफजदा हैं। वही पुलिस की सुस्त कार्यशैली से चोरों के हौसले बुलंद हैं। एक नजर सलोन कोतवाली क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं पर...

- एक मार्च 2023 की रात कारहिया चौकी अंतर्गत पूरे बरियार मजरे रतासो गांव में दशरथ प्रसाद पुत्र बद्री प्रसाद के घर मे सेंधमारी करके चोरों का गिरोह अंदर घुसा था। इसके बाद बक्से में रखी सोने चांदी के आभूषण और नगदी समेत लाखो रुपये के समान पर हाथ साफ कर दिया था ।घटना का खुलासा आजतक नही हुआ।
- 31मार्च 2023 की रात मानिकपुर रोड स्थित किराना व्यवसाई दिलीप गुप्ता की दुकान से सवा लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने पुलिस को चुनौती दी है। इसके बाद नगर के करीमगंज निवासी मोहम्मद इशरत की सिनेमा हाल के समीप पेंट और हार्डवेयर की दुकान में अज्ञात चोरो ने सीढ़ी के सहारे दुकान के अंदर घुसकर गल्ले में रखी लगभग दस हजार की रुपये की नगदी एवं दुकान के अंदर से लगभग 65हजार रुपये कीमत के समानचोरी कर ले गए ।दोनो घटनाओं में पुलिस लकीर पिटती रही।
- दो अक्टूबर की रात कस्बा निवासी अनिल कुमार उर्फ बच्चा कौशल की आभूषण की दुकान में अज्ञात चोर सेंधमारी करके अंदर घुस गए थे और दुकान के अंदर रखे कीमती सोने चांदी के आभूषण नगदी पर हाथ साफ कर दिया। सवा किलो चांदी, चार ग्राम सोना, लगभग 10 से 15 हजार रुपये समेत लगभग एक लाख पच्चीस हजार रुपये की चोरी की वारदात हुई थी। पीड़ित व्यवसाई आज भी चोरी के खुलासे के इंतजार में बैठा हुआ है।
- 13 दिसम्बर को सलोन नगर के मोहल्ला कच्ची मस्जिद निवासी आफरीन पत्नी इरफान ने बताया कि वह अपने घर के मुख्य गेट व घर में ताला लगाकर एक दिन पूर्व बेटी के इलाज के लिए प्रयागराज गई हुई थी। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी में रखी नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण चोरी कर फरार हो गए। सुबह पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा होने पर फोन पर घटना की सूचना देकर मामले की जानकारी दी। महिला ने बताया कि घर बनवाने के लिए अलमारी में रखा चार लाख रुपये नगद और उसका लाखो रुपये कीमत के आभूषण चोरी हो गए। वही पुलिस घटना को ही सन्दिग्ध बता रही है।
- ग्राम सभा बिजवलिया में 16 दिसम्बर को शादी समारोह में शामिल होने इंजीनियर अवनीश कुमार पांडे का परिवार कुंडा जनपद प्रतापगढ़ गया हुआ है। इसी दौरान घर का ताला तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के आभूषण, एलसीडी टीवी आदि चोरी कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक 18 दिसम्बर को जब शादी से वापस लौटा तो घटना की जानकारी हुई। घटना में सीओ के निर्देश के बाद मुकदमा तो दर्ज कर लिया गया। वही पीड़ित परिजन खुलासे को लेकर कोतवाली के चक्कर काटने को मजबूर है। पीड़ित ने बताया कि लगभग 5 लाख रुपये की सोने चांदी के जेवरात, बर्तन, पांच हजार रुपये समेत लगभग दस लाख रुपये की चोरी हुई थी।

# आठ साल से फरार चल रहे कैदी को दिल्ली पुलिस ने लुधियाना से पकड़ा

- 17 साल पहले पट्टीदार की गोली मारकर की थी हत्या
- पैरोल पर रिहा होने के बाद पत्नी के साथ हो गया था फरार

**सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार।** डेढ़ लाख के इनामिया सजायाफ्ता कैदी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के मामले में पैरोल पर रिहा होने के बाद अभियुक्त आठ वर्ष पूर्व पत्नी समेत फरार हो गया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सूचना पर पहुंची सलोन पुलिस ने तिहाड़ जेल से अभियुक्त की रिमांड लेकर बुधवार को उसे जेल भेज दिया है।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौकी अंतर्गत ग्राम पूरे बेलखरिया मजरे सूची निवासी दिनेश कुमार सिंह पुत्र सूर्य भान सिंह लगभग 17 वर्ष पहले 28 अगस्त 2006 को अपने पट्टीदार जगन्नाथ सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिसमें अदालत ने दिनेश कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। इसके बाद क़ैदी दिनेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में अपनी पत्नी सीमा सिंह के तबियत खराब होने की अर्जी दी थी। जिस पर हाईकोर्ट ने 3 अगस्त 2016 के प्रथम सप्ताह में दो माह के पेरोल पर क़ैदी को पत्नी की देखरेख के लिये घर भेजने की अनुमति प्रदान कर तीन अक्टूबर को पुनः हाजिर होने का फरमान सुनाया था। लेकिन पैरोल समाप्त होने के तीन दिन पूर्व 30 सितम्बर को दिनेश कुमार अपनी पत्नी के साथ फरार हो गया था।

वही कैदी दिनेश कुमार की तलाश और गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने पूर्व में वारंट भी जारी किया था। रायबरेली पुलिस की तरफ से उसके ऊपर डेढ़ लाख का इनाम घोषित किया गया था। सलोन कोतवाल श्याम कुमार पाल ने बताया कि 26 जनवरी 2024 को दिल्ली की स्पेशल सेल की पुलिस ने कैदी दिनेश कुमार सिंह को लुधियाना से गिरफ्तार कर तिहाड़ जेल भेज दिया था।

वहीं दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल से सम्पर्क कर कैदी दिनेश कुमार सिंह की पूरी डिटेल मांगी थी। इसके बाद एसपी के निर्देश पर चौकी इंचार्ज सूची बृजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एक टीम बनाकर दिल्ली भेजा गया था। जिसके बाद सलोन पुलिस द्वारा तिहाड़ जेल से कैदी की रिमांड ली गई थी। वही बुधवार को क़ैदी दिनेश को रायबरेली बन्दीग्रह भेज दिया गया है।

### कैदी के फरार होने पर जमानदारों को भेजा गया था जेल

पट्टीदार की हत्या में आजीवन कारावास की सजा काट रहे अपराधी के पैरोल पर छूट कर आने के बाद फरार हो जाने पर पुलिस ने शासन की सख्ती के बाद दो जमानतदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की थी। पुलिस ने उसके जमानतदारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दिनेश कुमार ने तमंचे से अपने पट्टीदार जगन्नाथ सिंह की हत्या कर दी थी। जिसमें अदालत ने दिनेश कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनायी थी। कैदी दिनेश कुमार सिंह ने हाईकोर्ट में अपनी पत्नी के तबियत खराब होने की अर्जी दी थी और पत्नी के साथ फरार हुआ था। उक्त मामले में न्यायालय द्वारा तत्कालीन चौकी प्रभारी राजेश यादव को फटकार भी लगाई थी। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे शिकायती पत्र में मृतक के परिजन योगेंद्र सिंह ने आरोप लगाया था कि आरोपी को पुलिस नहीं पकड़ पाई है। जमानतदार उसकी दुकान में आकर जान से मारने की धमकी देते हैं। सूची पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। योगी सरकार की सख्ती के बाद बैकफुट पर खड़ी सूची पुलिस ने कैदी के घर पर छापेमारी व छानबीन करने के बाद 82, 83 की कुर्की की कार्रवाई भी की। अभियुक्त द्वारा अदालत में हाजिर न होने पर जमानतदार सन्तोष यादव पुत्र राम किशुन निवासी ग्राम रायपुर महेवा व सन्तराम पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम पूरे पाण्डे मजरे सूची को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# बस स्टॉप पर कैंटीन संचालक ने किया अतिक्रमण

**बछरावां, रायबरेली।** परिवहन विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से कस्बे में नवनिर्मित बस स्टॉप पर लोगो नें अतिक्रमण करना शुरु कर दिया है। बस स्टाप पर लगने वाली दुकानों के मालिकों द्वारा परिसर में अतिक्रमण कर रखा गया है। इतना ही नही दिव्यांग जनों के लिए बने रैंप से सटाकर कैंटीन खोल दी गई, जबकि परिसर में बने कैंटीन भवन में ताला लटक रहा है। कैंटीन संचालक की दबंगई और मनमाने रवैया के कारण दिव्यांगों को बस पकड़ने के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं जिस भवन को कैंटीन के लिए बनाया गया उसे स्टोर की तरह उपयोग किया जा रहा है। अवैध रूप से बस स्टॉप के मुहाने पर संचालित हो रही हो रही इस कैंटीन की वजह से बस स्टॉप परिसर में गंदगी का माहौल बना हुआ है, वहीं कस्बे के प्रमुख व्यापारी डा. विजयपाल यादव, सुनील सागर, अंकित शुक्ला, चंद्र प्रकाश गुप्ता, नीरज साहू, सुरेश जायसवाल आदि ने बताया कि कैंटीन के लिए निर्धारित भवन में ही कैंटीन चलाना जाना चाहिए, जिससे दिव्यांग जनों एवं अन्य यत्रियों को असुविधा न हो। परिसर में संचालित हो रही कैंटीन के पदार्थ पर दूषित मिट्टी व धूल न पड़े जो यात्रियों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

# जीविकोपार्जन के लिए सहकारी समिति ने कार्य आवंटित किए जाने की मांग की

- एनटीपीसी प्रबंधन पर लगाया दूसरी कंपनियों को कार्य आवंटन का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली**



भाजपा नेता अजय अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण।

**अमृत विचार।** एनटीपीसी से प्रभावित परिवारों ने जीविकोपार्जन के लिए सहकारी समिति द्वारा कार्य आवंटित किए जाने की मांग की है। पीड़ितों ने पूर्व लोकसभा उम्मीदवार व भाजपा नेता अजय अग्रवाल को अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब हो कि ऊंचाहार परियोजना के स्थापना के समय बड़ी संख्या में किसानों की जमीन अधिग्रहीत की गई थी। जिसमें उस समय कुछ प्रभावित परिवारों को नौकरी दी गई थी।

शेष परिवारों को जीविकोपार्जन के लिए परियोजना द्वारा ठेकेदारी का काम दिया जाता रहा है। ऊंचाहार परियोजना को जब एनटीपीसी ने अधिग्रहण किया तब से कई परिवार कुछ न कुछ रोजगार पाते रहे हैं। प्रभावित परिवारों का आरोप है कि समय समय पर एनटीपीसी द्वारा कार्य आवंटन के लिए विभिन्न शर्तें लागू की जाती है, जिसका इन प्रभावित लोगों ने पूरा किया। इसके बावजूद अब कार्य का आवंटन बाहरी निजी कंपनियों को किया जा रहा है, जिसके कारण इन परिवारों के सामने जीविका का संकट पैदा हो गया है। बुधवार को भाजपा नेता अजय अग्रवाल के ऊंचाहार आगमन पर प्रभावित लोगों ने उपरोक्त आशय का एक ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेता ने प्रभावित लोगों को आश्वस्त किया है कि इस प्रकरण में वह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से वार्ता करके समस्या का हल कराएंगे।

# जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने की इंटरलॉकिंग मार्ग की शुरूआत

**परशदेपुर, रायबरेली**

**अमृत विचार।** डीह विकास खंड के ग्राम जगदीशपुर में स्व. कालीदीन कोरी की स्मृति में उनके नाम पर नव निर्मित इंटरलॉकिंग मार्ग का जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने उद्घाटन किया। मुख्य अथिति जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह का ग्राम प्रधान विमल प्रकाश श्रीवास्तव सहित उपस्थित लोगों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। विवेक विक्रम सिंह ने स्व. काली दीन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

विवेक विक्रम सिंह ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में अवगत कराया और ग्रामीणों को स्वच्छ पानी पीने के लिए जगदीशपुर बाजार में जल्द ही आरओ प्लांट लगवाने की घोषणा की। इस अवसर पर धीरज श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान रंजीत सिंह, कमलेश गुप्ता, दलपति सिंह, आशीष, रोहित चौरसिया, ओम प्रकाश राहुल मिश्र, मुस्तकीम, पंकज, बंटी सिंह, अनुज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### गुमशुदा की तलाश



**नाम- लक्ष्मी उर्फ बिट्टो**
पिता का नाम – उदय प्रताप
P(6351403220)
उम्र – 12 वर्ष
लम्बाई – 3 फीट
पता– ग्राम लोधवारी थाना डीह जिला रायबरेली
हुलिया – रंग गोरा, इकहरा जिस्म आँख नाक कान कद औसत बाए हाथ का अंगूठा मुह में चूस्ती है, पहनावा – मात्र अंडरवियर लाल रंग की पहने है।, घटना दिनांक – 26/08/2023 को कही चली है।
मुकदमा सं. 373/23 धारा 363 भा.द.वि. से सम्बंधित नाम लक्ष्मी उर्फ बिट्टो के संम्बध में किसी व्यक्ति को जानकारी होने पर नीचे दिये गये मोबाईल नम्बर पर सूचित करे।

| | |
|---|---|
| प्रभारी निरीक्षक थाना डीह रायबरेली मो.: 9454404128, 8299355306, 8953434798 | क्षेत्राधिकारी सलोन मो.: 9454401517 |

## सार-संक्षेप

### डीएम-एसपी ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**संवाददाता, रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ जिला कारागार का संयुक्त मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार की बैरकों का भ्रमण किया और बंदियों से भी वार्तालाप किया गया। अधिकारियों द्वारा कारागार की अनुशासन व्यवस्था, देखकर पर्याप्त संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक हर्षिता मिश्रा, जेलर हिमान्शु रौतेला, उपजेलर, अनिल कुमार विश्वकर्मा, धर्मपाल सिंह, ज्ञानलता पाल, कंचनलता मिश्रा, इन्द्रमणि शुक्ल, कारागार चिकित्साधिकारी, डा. सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अर्जुन पासी ने किया क्रिकेट मैच का उद्घाटन

**नसीराबाद, रायबरेली।** छतोह ब्लॉक के ग्राम दर्रहिया मजरे अब्दुमऊ में दर्रहिया क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित अंतर्जनपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन कांग्रेस के प्रदेश सचिव और सलोन विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी अर्जुन पासी ने किया। इस प्रतियोगिता में कई जनपदों की टीमें भाग ले रही हैं। अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सैयद हुसैन अशरफ और जिला सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. कामतानाथ सिंह भी मौजूद रहे। प्रतियोगता में नसीराबाद पूर्व चेयरमैन मो. हारून, डॉ. अरविंद कुमार, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुन पासी, लाल बाबू प्रधान तारापुर, मकसूद अहमद आदि मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्य अतीक अहमद, महफूज अहमद, हाफिज, इरफान, सानू, सेखू, फिरोज आदि मौजूद रहे।

### रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट

**नसीराबाद, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा हाजीपुर मे बन्दना शुक्ला पत्नी कमला शंकर व अरुण तिवारी पुत्र भगवान तिवारी के मध्य रास्ते को लेकर मे कहासुनी होने लगी। मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें दोनों पक्षो से दो महिला घायल हुई। एक पक्ष से बन्दना शुक्ला, पत्नी कमला शंकर को गम्भीर चोटें आई। वहीं दूसरे पक्ष से शालनी तिवारी पुत्री अरुण तिवारी को गम्भीर चोटे आईं हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों से सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया हैं।

### ईओ ने मानक विहीन कार्य पर रोका गौशाला का निर्माण

**लालगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत अंतर्गत चांदा बन्नामऊ में एक करोड़ 65 लाख की लागत से गौशाला का निर्माण कार्य हो रहा है। मानक विहीन काम होने की शिकायत पर कान्हा गौशाला का जिला योजना समिति के सदस्य राघवेंद्र सूर्यवंशी, सभासद आलोक उर्फ बबलू तिवारी, अतुल शर्मा ने निरीक्षण किया। मानक व गुणवत्ता विहीन कार्य कराए जाने पर सभासदों ने नाराजगी जताई व आपत्ति की। सूचना अधिशासी अधिकारी को दी गई। मौके पर पहुंची अधिशासी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने गौशाला में कार्य का निरीक्षण किया। प्लास्टर हाथ लगाते ही गिरने लगा। साथ ही पीले ईटों का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। सभासदों की नाराजगी पर अधिशासी अधिकारी ने जेई को जांच के लिए बुलाया। मौके पर पहुंचे जेई ने ठेकेदार को फटकार लगायी।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ करता रहा दुष्कर्म

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती के साथ शादी का झांसा देकर एक युवक का कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसी दौरान युवक ने दूसरी युवती के साथ भी शारीरिक संबंध बनाए और उसके साथ कोर्ट मैरिज भी कर लिया। इसी युवती के साथ उसकी शादी भी होनी थी। जिसका बुधवार को तिलक का कार्यक्रम होना था। पहली युवती को इसकी भनक लगी तो वह थाने पहुंच गई और पुलिस को उक्त युवक के साथ अश्लील वीडियो और तस्वीरें दिखाते हुए आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध छेड़छाड़ का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वह जब कस्बा खीरों के एक इंटर कालेज में पढ़ती थी तभी अकोहरिया गांव निवासी जितेन्द्र कुमार उर्फ देवा पुत्र राजेश कुमार उसे रास्ते में रोककर छेड़छाड़ करता था। इसी दौरान दोनों में प्रेम प्रसंग चलने लगा। देवा उसे शादी का झांसा देकर कई सालों से उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था। थानाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के शिकायती पत्र के आधार पर नामजद आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### पंचायत सम्मेलन में विकास कार्यों पर की चर्चा

**संवाददाता, रायबरेली।** जिला पंचायत सभागार में पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में विकास खंड महाराजगंज, शिवगढ़ और द्वितीय पाली में विकास खंड ऊंचाहार, रोहनियां के जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों समेत सभी नगर पंचायत अध्यक्ष और नगर पंचायत सदस्य शामिल हुए। उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने सम्मेलन में सभी जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों में उन अति आवश्यक कार्यों का विवरण मांगा गया जिन कामों को एमएलसी निधि, जिला पंचायत से अथवा राज्य सरकार से करा कर रायबरेली जनपद के समग्र विकास में अपना योगदान दिया जा सके।

# सामाजिक सरोकारों से जुड़े शिवम गुप्ता का सम्मान

**लालगंज, रायबरेली**



**अमृत विचार।** गाँव की ओर लौटो कार्यक्रम ग्राम सभा खाण्डे सराँय में नरेन्द्र सिंह नकुल के संयोजन और पूज्य स्वामी भास्कर स्वरूप जी महाराज की अध्यक्षता में बडे. ही आत्मीयता भरे वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन बैसवारे के वरिष्ठ गीतकार सतीश कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूज्य स्वामी जी ने कहा कि विकास के दौर में व्यवसाय अथवा अन्य किसी कारण से जो लोग शहरों में बस गए हैं, उनको वर्ष में कम से कम एक बार ऐसा आयोजन करना चाहिए जिसमें गाँव के प्रत्येक व्यक्ति की उपस्थिति हो। ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम में लालगंज नगर निवासी और व्यापार मंडल के महामंत्री शिवम गुप्ता को सामाजिक सरोकारों में सहभागिता करने के लिए आयोजक के द्वारा सम्मानित भी किया गया।

सम्मान मिलने से शिवम गुप्ता ने कहा कि पुरानी पीढी को आने वाली पीढी पर अपने विचार बरबस थोपने नहीं चाहिए। पूज्य स्वामी जी ने अयोध्या से लाया हुआ राम जन्म भूमि का प्रसाद सभी को प्रदान किया। शिवम गुप्ता को सम्मानित किए जाने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ,जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई, अर्पित गुप्ता आदि नें प्रसन्नता जताई है।

# मवेशियों को मंदिर परिसर में बंद कर धरने पर बैठे किसान

**लालगंज रायबरेली।** सरकार नें अधिकारियों को आदेश दिया है कि कोई भी गौवंश खुले में नही घूमेगा, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते छुट्टा मवेशी खुलेआम सड़कों पर घूम रहे हैं। साथ ही किसानो की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन बेसहारा मवेशियों से परेशान होकर सातनपुर और मुबारकपुर के किसानों ने एक सैकड़ा से अधिक को गौवंशों को खदेड़कर सातनपुर के सत्नेश्वर शिव मंदिर में बंद कर गेट पर ही धरने में ही बैठ गए। सातनपुर गांव के मेड़ी लाल, शिवराज ,राजेश कुमार ,अंबिका प्रसाद ,रामकुमार, अयोध्या, रवि कुशवाहा और मुबारकपुर के राजेश ने बताया कि उनकी गेहूं की फसलों को आवारा जानवर पूरी तरह चर गए हैं। शिकायत के बावजूद आवारा जानवरों को गौशालाओं में नहीं भेजा जा रहा है। जिसके कारण खुलेआम घूम रहे मवेशी खेतों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। परेशान होकर जानवरों को मंदिर में बंद कर दिया है। इसके अलावा निहस्था के पंकज पांडे ने बताया कि उनके गांव के आसपास करीब तीन सौ छुट्टा मवेशी हैं, जो शाम को हाईवे पर आ जाते हैं। रात 10 बजे के करीब खेतों में पहुंचकर भारी नुकसान पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं मामले की शिकायत जब खंड विकास अधिकारी अंजू रानी वर्मा से की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है। वह ट्रेनिंग पर हैं। सेक्रेटरी को भेज कर मामले का पता करवा रही हैं जानवरों को गौशाला में भेजा जाएगा।

# सड़क पर पानी भरने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

**नसीराबाद, रायबरेली, अमृत विचार :** विकास खंड छतोह के ग्राम पंचायत काजीपुर तेलियानी में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर सिर्फ धन का बंदरबांट हुआ है। ग्राम पंचायत के गांव मियागफूर में खड़ंजा पर पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में परेशान का सामना करना पड़ रहा है। करीब 100 मीटर लंबा खड़ंजा महादेव के दरवाजे मंदिर से होते हुए अशोक मौर्य के दरवाजे तक में कई महीनों से पानी भरा हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि खड़ंजे के बगल से पानी निकासी के लिए कोई नाली नहीं है। लोगों के घरों का पानी ही आकर सड़क पर भरा रहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी रास्ते से पढ़ने वाले छोटे–छोटे बच्चे, छात्र–छात्राएं और ग्रामीणों का भी आवागमन रहता है। इसके बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीण अशोक मौर्य, अरबिंद, मथुरा, नन्हकू, मनमोहन आदि लोगो का कहना है कि गांव के विकास के लिए हम सब मुखिया चुने है जिसे ग्राम प्रधान कहा जाता है। वही ग्राम प्रधान जीत हासिल करने के बाद गांव में विकास करने के बजाय अपनी जेब भरने में लग गया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर प्रधान नाली बनवा दें तो पानी निकल जाएगा। इस संबंध में ग्राम प्रधान का पक्ष रखने के लिए संपर्क किया गया तो फोन नहीं उठा। उधर, छतोह बीडीओ बीरेंद्र कुमार वर्मा का कहना है कि कोई प्रधान हमारी बात नहीं सुनता। पूर्व बीडीओ ने भुगतान रेशियो ज्यादा कर दिया है हमारे सामने मजबूरी है।



काजीपुर तेलियानी के मिया गफूर गांव में खड़ंजा पर भरा पानी



## एक नजर

### पुलिस ने 10 हज़ार के इनामी गैंगस्टर को दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम पुलिस ने 10 हज़ार के इनामी गैंगेस्टर बदमाश को उस वक्त घेराबंदी कर दबोच लिया, जब वह कहीं भागने की फिराक में था। कल्लू उर्फ एहसान नाम के इस बदमाश के ऊपर अकेले बिलग्राम कोतवाली में 10 केस दर्ज है और शाहाबाद कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज है।

एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने बिलग्राम कोतवाली के मोहल्ला खुर्दपुरा निवासी कल्लू उर्फ एहसान पुत्र इरफान के बारे में बताया कि उसके खिलाफ बिलग्राम कोतवाली में 10 केस दर्ज है और शाहाबाद कोतवाली में गैगेस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। कल्लू उर्फ एहसान काफी दिनों से फरार चल रहा था, उसके ऊपर 10 हज़ार का ईनाम रखा गया था। उन्होंने बताया कि ज़िले में क्राइम कंट्रोल करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी अभियान के तहत बुधवार को एसएचओ बिलग्राम नारायण कुशवाहा के नेतृत्व में उनकी पुलिस टीम ने ईनामी बदमाश को कुतलूपुर के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

### वंदना उसी की हो, जिसके चित्त और चरित्र में पवित्रता हो



**सांडी, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड के बरनई गांव में बाबा तुरंतनाथ मंदिर पर चल रही श्रीराम कथा में कथा व्यास सुरेश चंद्र शास्त्री ने कहा कि इस संसार में संतोष से बड़ा कोई सुख नहीं है। उन्होंने कहा कि साधु भगवान को याद करते हैं जबकि संतों को भगवान याद करते हैं। वंदना उसी की होनी चाहिए, जिसके चित्त और चरित्र में पवित्रता हो। प्रभु रामजी का चरित्र वंदनीय है। उन्होंने श्रीराम के पदचिह्नों पर चलकर इतिहास बदलने के लिए तैयार हो जाओ। समाज में ताड़का, सूर्पणखा समेत आसुरी वृत्तियों के नाश के लिए राम बनना होगा। राम आदर्शों के चरमोत्कर्ष हैं। शैशव, तरुणाई, जीवन-मरण सब जगह राम हैं। बिना राम के भारत नहीं। जीवन में आनंद के लिए हमें राममय हो जाना चाहिए। ईश्वर चरणों में हमारा मस्तक होना चाहिए। जब काम भी राम से जुड़ जाता है तो वह भी शुद्ध हो जाता है और राम नाम से जीवन सुंदर बन जाता है। इस मौके नारायण सिंह, मोहन सिंह, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों व महिलाओं के लिए राहत बजट की चाहत

शाहाबाद/बेनीगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** आज लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। बजट हमेशा आमजन को ध्यान में रखकर बनाया जाता है। किसानों, महिलाओं बेरोजगारों, मजदूरों का सरकार विशेष ध्यान रखती है, लेकिन केंद्र सरकार द्वारा जो पिछला बजट पेश किया गया था। उस बजट में महिलाओं के लिए कोई खास व्यवस्था नहीं की गई थी। बजट कैसा होना चाहिए। इस संबंध में नगर के कुछ चुनिंदा लोगों से बात की गई तो अधिकांश लोगों ने बजट आम जनता के हित में पेश करने की उम्मीद की है। अंतरिम बजट को लेकर सभी वर्गों के लोग सरकार से राहत की आस लगाए बैठे हैं सभी का मानना है की पिछले वर्षों के बजट मे जो देखने को नही मिला वह सरकार इसबार के बजट में सभी वर्ग के लोगों के लिए आ सकता है। इस मुद्दे पर लोगों से बातचीत के आधार पर पेश है अमृत विचार के संवाददाता रामप्रकाश राठौर और दिलीप कुमार की रिपोर्ट-



सरकार बजट में महिलाओं के लिए काफी कटौती करती है। सरकार को महिलाओं के लिए बजट में विशेष व्यवस्था रखनी चाहिए। महिला होने के नाते वित्त मंत्री को महिलाओं के किचन की रसोई गैस के बढ़ते हुए दामों पर अंकुश लगाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। उम्मीद है कि बजट में इस बार महिलाओं के लिए केंद्र सरकार विशेष राहत प्रदान करेगी। **गुफरान कौशर, पीसीसी सदस्य**



इस बार का बजट चुनावी बजट होगा। हम लोगों को काफी उम्मीदें हैं। पिछले बजट में पेट्रोल, डीजल को जी एस टी में शामिल करने की आशा थी, लेकिन नहीं हुआ। देश तरक्की कर रहा है। सरकार को शिक्षा पर कोठारी आयोग की सिफारिश मानकर जीडीपी का छह प्रतिशत बजट कर, देना चाहिए और एलपीजी गैस व जरूरी वस्तुओं की कीमत कम होनी चाहिए, जिससे आम आदमी को राहत मिल सके। सरकार किसानों को देने वाली सुविधाओं में भी थोड़ा और इजाफा कर ले तो इस देश का किसान समृद्धशाली हो जाएगा। **चौधरी उमेश गुप्ता, समाजसेवी**



आज पेश होने वाले बजट से काफी उम्मीदें हैं। उनका मानना है कि महंगाई तो दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, लेकिन किसान की उपज का मूल्य बढ़ाने में सरकार पूरी तरह से कोताही बरत रही है। पिछले कई वर्षों से गन्ने का मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। सरकार को चाहिए कि किसानों की इस समस्या को भी बजट में विशेष रूप से शामिल करें और किसानों को राहत प्रदान करें। यदि सरकार ने ऐसा कुछ किया तो आने वाले चुनाव में भी सरकार को लाभ होगा। **अरविंद वर्मा, किसान**



सरकार बजट में महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था करें। घर के बजट की जिम्मेदारी महिलाओं की होती है इसलिए किचन की जिम्मेदारी संभालने वाली महिलाओं के लिए रसोई गैस के बढ़ते हुए दामों पर सरकार को अंकुश लगाकर महिलाओं को राहत देनी चाहिए। महिलाओं के लिए अन्य योजनाओं का भी सरकार प्रावधान करे। **नीता राठौर, गृहणी**



इस बार के बजट में आम जनता को ध्यान में रखा जाना अति आवश्यक है, दैनिक जरूरतों की वस्तुओं को सस्ता करके विलासता की चीजों पर टैक्स लगाना चाहिए, जिससे आम जनता का हित हो सके **रोहित वैश्य, निवासी बेनीगंज**



मंहगाई आसमान छू रही है मध्यम व गरीब तबके के लोगों को इलाज कराने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, दवाओं पर सबसे ज्यादा टैक्स होने से इलाज और मंहगा हो जाता है, आगामी बजट मे सरकार से उम्मीद है कि सरकार इस तरफ ध्यान देगी। **डॉ. अशोक सिद्धार्थ, बेनीगंज**



आम लोगों को ध्यान में रखकर सरकार की नियत व नीति दोनो सही है, लेकिन सम्बन्धित अधिकारियों के सही न होने के चलते नीतियां कागजों पर ही सिमट के रह जाती हैं जिससे किसान आज भी दुखी का दुखी ही है। **किसान ठाकुर सत्येंद्र सिंह**



इस बार कि भी बजट कुछ नया नहीं होने वाला है क्योंकि प्रत्येक बार के बजट के बाद महंगाई चरम सीमा पर पहुंच जाती है और इस बार के बजट में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिल सकता है सरकार से हम उम्मीद करते है कि महंगाई को न्यूनतम स्तर पर लाने की कोशिश की जाए **मनीष वर्मा, निवासी बेनीगंज**




## एसएससी की तैयारी कर रही कांस्टेबल की बेटी ने दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** अच्छे नंबरों से बीए की परीक्षा पास करने के बाद एसएससी की तैयारी कर रही प्रयागराज में तैनात कांस्टेबिल की इकलौती बेटी ने घर के अंदर दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली शहर के हर्ष नगर झबरा पुरवा निवासी रामनिवास पुलिस में कांस्टेबिल है और प्रयागराज में तैनाती है। कांस्टेबल रामनिवास के दो बेटे और बेटी रश्मि (23) थी। रश्मि अच्छे नंबरों से बीए की परीक्षा पास कर चुकी थी। अब वह एसएससी की तैयारी कर रही थी। जैसा कि बताया गया है कि मंगलवार की रात में सब लोगों ने एक साथ बैठ कर खाना खाया और अपने-अपने कमरों में सोने के लिए चले गए, रश्मि भी अपने कमरे का दरवाज़ा बंद कर सो गई। उसी दौरान उसने किसी घरेलू बात से नाराज़ हो कर वहीं दुपट्टे से छत में लगे पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली। दूसरे दिन बुधवार की सुबह काफी देर तक रश्मि कमरें से बाहर नहीं निकली तो घर वालों ने उसे आवाज़ दी, लेकिन न तो कोई जबाव नहीं मिला और न ही दरवाज़ा खुला। उसके बाद कमरे का दरवाज़ा तोड़ दिया गया। वहां अंदर रश्मि का शव फांसी पर लटकता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते पोस्टमार्टम कराया है। रश्मि ऐसा कदम क्यों उठाया, इस बारे में घर वाले अभी कुछ भी बोल नहीं रहे हैं।

# बड़ा चौराहा पर दिनभर भीषण जाम, राहगीर रहे परेशान

## जिला प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद नगर में खत्म नहीं हो रही जाम की समस्या, होमगार्ड दिखे असहाय

हरदोई, अमृत विचार

जिला प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद नगर में जाम की समस्या समाप्त नहीं हो रही है। सहालग शुरू हो जाने के कारण बाजारों में चहल पहल अधिक बढ़ गई है। बुधवार को नगर के बड़े चौराहे पर आधा दर्जन बार जाम लगा। घंटों जाम में लोग फंसे रहे, यही स्थिति कमोबेश पिहानी चुंगी, आरटीओ चौराहा, जिंदपीर चौराहा, धर्मशाला रोड, सिनेमा रोड की भी रही। ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए जिले में दर्जनों ट्रैफिक सिपाही हैं, लेकिन जहां पर जाम लगता है वहां पर कभी एक भी सिपाही नहीं दिखाई पड़ता है। होमगार्ड के जवान खुद को इस जाम के सामने असहाय समझ कर किनारे खड़े हो जाते हैं।

बताते चलें कि इन दिनों सहालग का समय शुरू हो गया है। मौसम भी दो दिनों से अच्छा हो गया है। सहालग के कारण बाजार में भीड़भाड़ अधिक बढ़ गई है। भीड़ का आलम यह है कि बुधवार को दिन में बड़े चौराहे पर आधा दर्जन बार जाम का सामना करना पड़ा। जाम के चलते घंटों लोग चौराहे पर फंसे रहे। इस कारण सिनेमा रोड, महात्मा मार्ग, आर्य कन्या मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लगती रहीं, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बड़े चौराहे के पास एक डिग्री कालेज तथा कई अन्य स्कूल व दो इंटर कालेज हैं। छुट्टी के समय छात्र-छात्राएं घंटों जाम में फंसे रहे। जाम का मुख्य कारण ट्रैफिक व्यवस्था का संचालन न होना है। बड़े चौराहे पर कोई ट्रैफिक सिपाही तैनात नहीं होता है। यह चौराहा दो होमगार्डों के जिम्मे रहता है। उनके निर्देशों का पालन कोई भी नहीं करता है। जाम लगने पर वह भी बेबस होकर एक किनारे बैठ जाते हैं। कहने को जिले में दर्जनों ट्रैफिक सिपाही हैं, लेकिन लखनऊ चुंगी व सोल्जर बोर्ड चौराहे के अलावा कहीं भी ट्रैफिक सिपाही नहीं दिखाई पड़ते हैं। सोल्जर बोर्ड चौराहे के पास कलेक्ट्रेट, विकास भवन व न्यायालय होने के कारण वहां पर कई ट्रैफिक सिपाही रहते हैं, लेकिन अन्य कहीं भी ट्रैफिक सिपाही देखने को नहीं मिलते हैं। पिहानी चुंगी, आरटीओ चौराहा, जिंदपीर चौराहा पर दिन में कई-कई बार लोगों को जाम का सामना करना पड़ता है। इन स्थानों पर यातायात व्यवस्था होमगार्डों के हवाले रहती है। जिनकी कोई सुनता नहीं। नतीजतन यहां पर जाम की समस्या आम हो चुकी है।

जाम लगने से जहां लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। वहीं इन स्थानों पर दुकानदारों की भी मुश्किलें बढ़ जाती है। जाम के कारण उनकी दुकानों पर लोग पहुंच ही नहीं पाते हैं, जिससे उनके व्यापार पर काफी बुरा असर पड़ता है। जाम की समस्या को लेकर कई बार लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत की, लेकिन जिला प्रशासन इस समस्या का समाधान नहीं करा पा रहा है।



बुधवार को बड़ा चौराहा पर लगे जाम में फंसे वाहन चालक। अमृत विचार

### स्कूल की बड़ी बस से लगता है चौराहे पर जाम

जिला मुख्यालय पर कई निजी विद्यालयों की बड़ी बसें बच्चों को छोड़ने व लेने के लिए ही लगती है। जब यह बसें इन चौराहों पर निकलती है तब जाम की स्थिति और भी विकराल हो जाती है। इन बसों की बसें से सबसे ज्यादा जाम लगता है। प्रशासन ने कई बार बड़ी बसों पर रोक लगाने के निर्देश इन विद्यालयों को दिए, लेकिन निर्देशों का किसी ने पालन नहीं किया। नतीजतन नगर वासियों को जाम का सामना लगभग रोज ही करना पड़ रहा है।

## दो दुकानदारों के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के अल्लाहपुर चौराहे पर दो मिठाई दुकानदारों में जूठन फेंकने का आरोप लगाते हुए लाठी-डंडे चले जिससे दोनों दुकानदार घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खलील निवासी इतवारी कश्यप की अल्लाहपुर में मिठाई की दुकान है। उनके पड़ोस में अल्लाहपुर इबनेजई निवासी पांडे के होटल में खलील निवासी रूपराम (27) काम करता था। बुधवार दोपहर पड़ोसी दिलीप ने रूपराम पर जूठन फेंकने का आरोप लगाते हुए धारदार खुरपी से हमला कर दिया। जिससे रूपराम गंभीर घायल हुआ है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। रूपराम के ऊपर हमला होने के बाद उसके मालिक व अन्य लोगों ने इतवारी पर भी डंडों से मारपीट की। उसे भी इलाज के लिए सीएचसी भेजा गया है। दोनों ओर से कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस जांच कर रही है। दोनों का मेडिकल कराया गया।




## जैसे रसोई की कढ़ाई, वैसे ही ध्यान रहे बच्चों की पढ़ाई

**हरदोई, अमृत विचार।** माता उन्मुखीकरण कार्यशाला में माताओं को बताया गया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई का कैसे ध्यान रखें, उन्हें भरपूर प्यार दें, लेकिन पढ़ाई के नाम पर कोई समझौता न करें। बुधवार को बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में हुई उन्मुखीकरण कार्यशाला में तमाम माताएं शामिल हुईं। एआरपी दीप्ति द्विवेदी ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में शामिल हुईं माताओं को बताया कि जिस तरह से वे अपनी रसोई में कढ़ाई का ध्यान रखते हुए उसे साफ-सुथरा रखती हैं, उसी तरह से अपने बच्चों की पढ़ाई का ध्यान रखें। अपने बच्चों को भरपूर प्यार दें, लेकिन जब पढ़ाई की बात आए तो उसके साथ कोई समझौता न करें, क्यों कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा रह जाता है। शिक्षित बच्चे बड़े हो कर न सिर्फ मां-बाप का बल्कि अपने पूरे समाज का नाम रोशन करते हैं। प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने कहा कि अपने बच्चों को शत-प्रतिशत विद्यालय भेजे, उन्होंने बच्चों के लिए चल रहीं सरकारी योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि सरकार बच्चों की शिक्षा पर काफी ध्यान दे रही है। इस लिए चाहिए कि अपने बच्चों को प्रति दिन विद्यालय भेजे। इस दौरान सहायक अध्यापिका रेहाना नसरीन, प्रभा पाण्डेय, शिक्षामित्र प्रशांत कुमार अवस्थी और राकेश कुमार वर्मा के अलावा प्रबंध समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीता जन्म व विश्वामित्र के आगमन की लीला का मंचन

हरदोई, अमृत विचार

नगर के नुमाइश मैदान में चल रही वार्षिक रामलीला में बुधवार को सीताजन्म और विश्वामित्र आगमन की लीला का मंचन वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा किया गया। वृंदावन धाम से आए श्री गोविंद गोपाल लीला संस्थान के संचालक स्वामी कन्हैयालाल दात्रेय के कुशल निर्देशन में बुधवार के मंचन में जिसमें महाराजा जनक अपनी सभा में बैठे होते हैं, तभी उनके राज के किसान वहां आते हैं और महाराज से कहते हैं कि 12 वर्ष से अकाल पड़ा हुआ है।

यह सुनकर महाराज अपने गुरु सदानंद जी के पास जाते हैं उनको अपना हाल कहकर सुनाते हैं तो गुरु सदानंद जी उनको उपाय बताते हैं कि तुम और महारानी सुनैना को मिलकर हल चलाना होगा तब जाकर ही यह अकाल समाप्त होगा लेकिन वह दोनों प्राणी मिलकर हल चलाते हैं तभी उनका हल बीच में फंस जाता है तो वह देखते हैं कि एक घड़े में वह हल फंसा होता है तब वह उसको घड़े को निकाल लेते हैं उसमें क्या देखते हैं कि एक पुत्री उनको मिलती है जो की माता सीता होती है ऐसे करके जनकपुरी से अकाल दूर होता है इधर बक्सर वन में विश्वामित्र जी को राक्षस सताते हैं वह ध्यान लगाकर देखते हैं कि भगवान महाराज दशरथ के यहां अवतार लेकर आ चुके अयोध्या में राम लक्ष्मण को महाराज दशरथ से मांगने पहुंच जाते हैं वहां जाकर दशरथ से राम लक्ष्मण को मांगते हैं परन्तु राम लक्ष्मण नहीं देते हैं तो विश्वामित्र जी उनको श्राप देने लगते हैं तभी वशिष्ठ जी वहां जाकर उनके क्रोध को शांत करते हैं और राम लक्ष्मण को उनके साथ भेज देते हैं राम लक्ष्मण को बुलाकर उनके साथ विदा कर देते हैं।

## दबंगों ने चाट विक्रेता को मारपीट कर किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के काशीराम कालोनी के निकट चाट का ठेला लगाने वाले को उसी मोहल्ले के दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया है। शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी महेश पुत्र छोटेलाल ने बताया वह काशीराम कालोनी के निकट अपना चाट पकौड़ी का ठेला लगाकर अपने परिवार का जीवनयापन करता है। मोहल्ले के ही भोला पुत्र सद्दके ने अंकुश के साथ मिलकर गाली गलौज किया। मना करने पर डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने बताया प्रार्थना पत्र दिया गया है जांच की जा रही है।

आयोजन — अयोध्या धाम के प्रमुख कथावाचक सुखनंदन शरण महाराज ने किया हनुमान चालीसा पाठ

# सनातन जागरण के लिए साधु संतों ने दिया प्राण बलिदान

हरदोई, अमृत विचार

रघुकुल तुम्हारी याद सदा आती रहे भजन के साथ अयोध्या से पधारे प्रमुख कथा वाचक सुखनंदन शरण जी महाराज ने श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के 37 वें हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। श्री खाटू श्याम मंदिर में आयोजित 37 वें हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन में कथा वाचक सुखनंदन शरण जी महाराज ने कहा कि वे हर कथा में भी ये निवेदन करते है कि हमेशा भगवान को याद करें भगवान के स्वरुप को याद करें।

उन्होंने श्री कृष्ण जन्म सेवा दल के 37वें हनुमान चालीसा पाठ का जिक्र करते हुए कहा कि श्री कृष्ण जन्म सेवा दल सनातन जागरण का अति उत्तम प्रयास कर रहा है। सनातन जागरण हेतु अनगिनत साधु सन्यासियों ने अपने प्राणों को न्योछावर किया। सनातन हिन्दू के प्रतीक श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के लिए भी सौभाग्यवती बहनों ने अपना सिंगार मिटा दिया। भाइयों ने अपने राखी बंधन को खो दिया। सब कुछ गवां कर हमें ये भाग्यशाली अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने सभी से निवेदन किया कि केवल भगवा वस्त्र धारण करने से कोई सनातनी नहीं बन जाता। सनातनी हिन्दू बनने के लिए हमे सनातनी कर्म अपनाने होंगे न कि सनातनी स्वरुप। ऐसा करके आप सच्चे सनातनी बन पाएंगे और तब आपको गाकर या चिल्ला कर मैं हिन्दू हूँ साबित नहीं करना पड़ेगा। दुनिया आपके कर्म देखकर आपके हिंदुत्व को सम्मान देगी। हिंदू कर्म स्वरुप कैसा हो इस पर उन्होंने कहा कि जब भी आप घर से निकले चंदन या रोली का तिलक लगाए जनेऊ पहनें हर घर में तुलसी जी अवश्य होनी चाहिये। मुख्य द्वार पर अपने ईष्ट देवी देवता का चित्र लगायें। उन्होंने सभी से अपील की हमारे पूर्वजों द्वारा बनाये गए सनातनी कर्मो का अवश्य पालन करें तभी हमें किसी को अपने को हिन्दू साबित करने की जरूरत नहीं होगी। सत्संग के बाद सीताराम सीताराम जय सीताराम भजन के साथ उन्होंने सभी के साथ सस्वर हनुमान चालीसा का पाठ किया। श्री कृष्ण जन्म सेवा दल की जिला सह प्रभारी मंजू गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में सुनील अग्रवाल, समर्थ शाह, पुष्कर अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, सचिन शुक्ला, कर्ण सिंह राणा, वेद प्रकाश गुप्ता राजू, वीरेंद्र गुप्ता, नीलम जिंदल, पायल अग्रवाल, रेशमा गुप्ता, अंशिका अग्रवाल, अपूर्व द्विवेदी, अपूर्व गुप्ता समेत तमाम भक्त मौजूद रहे। इसी क्रम में श्री हनुमान जी मंदिर महाराज सिंह पार्क, श्री शिव मंदिर कांशीराम कालोनी, श्री महादेव मंदिर ग्राम काईमाऊ तथा श्री महावीर मंदिर गंज जलालाबाद मल्लावां में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।





हनुमान चालीसा पाठ करते कथावाचक सुखनंदन शरण महाराजव कार्यक्रम में आनंदित श्रद्धालु। अमृत विचार


## मुफ्त स्वास्थ्य मेला

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल**
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

**4 फरवरी 2024, रविवार**
समय : प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
**श्री हर्ष पाण्डेय आदर्श इण्टर कॉलेज**
शाहबाद, हरदोई

**में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।**

सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।

**कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें**

- पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
- ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त

**कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें**

- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

**दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।**

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।**

अन्य सुविधायें:
1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।**
**पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।**

सौजन्य से : श्री हर्ष पाण्डेय जी, राजकुमार यादव, अनुज मिश्रा, शाहबाद, हरदोई



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# दो बसों में टक्कर, युवक की मौत व कई घायल

## कोहरे के चलते पाली-शाहाबाद रोड पर गोपालपुर के पास बुधवार सुबह हुई दुर्घटना

हरदोई, अमृत विचार

कोहरे की धुंध के बीच दिल्ली से लौट रही निजी बस और हरदोई डिपो की रोडवेज बस में आमने-सामने ज़ोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में निजी बस के ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि उसका कंडक्टर, रोडवेज बस का ड्राइवर व कंडक्टर के अलावा कई सवारियां ज़ख्मी हो गई। जिन्हें सवायजपुर और शाहाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं कुछ को मेडिकल कालेज भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह कोहरे की धुंध छाईं हुई थी। उसी बीच पाली-शाहाबाद रोड पर



हादसे में क्षतिग्रस्त रोडवेज बस। अमृत विचार

पेट्रोल पम्प के पास दिल्ली से वापस लौट रही डबल डेकर निजी बस और पाली से शाहाबाद जा रही हरदोई डिपो की रोडवेज बस में आमने-सामने ज़ोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दोनों बसों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में निजी बस ड्राइवर बुलंदशहर निवासी सैफ, उसका कंडक्टर मैगलगंज निवासी तौसीफ, रोड़वेज बस ड्राइवर राजीव कुमार मिश्रा निवासी भगवन्तपुर पाली और कंडक्टर संदीप कुमार के अलावा पैतापुर की रिया पुत्री विमलेश राजपूत व पाली के काज़ी सरायं निवासी वासिफ खां रहमान बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। सभी को सवायजपुर व शाहाबाद सीएचसी भेजा गया, जहां सैफ की मौत हो गई। जबकि ज़ख्मी लोगों का इलाज चल रहा है।

एएसपी पूर्वी नृपेंद्र कुमार ने बताया है कि दोनों बसों के ड्राइवर और कंडक्टर ज़ख्मी हुए हैं, जिनमें से एक की मौत हुई, जबकि कंडक्टर और रोडवेज बस ड्राइवर व कंडक्टर का इलाज चल रहा है। लॉ एंड आर्डर पूरी तरह से मेंटेन है।

### काफी देर तक फंसा रहा ड्राइवर और कंडक्टर

पाली के गोपालपुर के पास हुए हादसे में रोडवेज बस का ड्राइवर राजीव कुमार मिश्रा और उसका कंडक्टर संदीप कुमार बुरी तरह फंस गया। वहां पहुंचे लोग पहले तो इधर-उधर ढूंढने लगे, काफी देर बाद उन्हें पता चला कि रोडवेज बस में कोई फंसा हुआ है, इस पर वहां पहुंचे लोगों ने ड्राइवर और कंडक्टर को बुरी तरह से फंसा हुआ देखा, बमुश्किल उन दोनों को किसी तरह खींच-खींच बाहर निकाला गया और उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया।



हादसे में दो टुकड़ों में हुआ ट्रैक्टर। अमृत विचार

## कोहरे के चलते बार्डर पर सरसई बैरियर पर कंटेनर से टक्कर, दो टुकड़ों में बंटा ट्रैक्टर

सवायजपुर। हरदोई-फर्रुखाबाद बार्डर पर सरसई बैरियर पर कंटेनर और ट्रैक्टर की ज़ोरदार टक्कर से ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया। इस हादसे में दो लोगों का ज़ख्मी होना बताया जा रहा है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बताया गया है कि बुधवार की सुबह घने कोहरे के चलते ज़िले के बार्डर पर कंटेनर ने ट्रैक्टर में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर दो टुकड़ों में बंट गया। हादसे में उस पर सवार दो लोग बुरी तरह ज़ख्मी होना बताए गए हैं। हादसा भोर पहर हुआ, उस वक्त उधर की आवाजाही बिल्कुल बंद थी। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## एक नजर

### घरेलू विवाद में हिस्ट्रीशीटर ने गोली मारकर की खुदकुशी

हरदोई। हिस्ट्रीशीटर ने घर के अंदर खुद को शूट आउट कर लिया। उसने तमंचे से गोली मार कर उसके आत्महत्या करने की खबर से न सिर्फ पब्लिक में खलबली मच गई बल्कि पुलिस भी सन्न रह गई। बताया जा रहा है कि घरेलू झगड़े के चलते उसने ऐसा कदम उठाया। फिलहाल पुलिस हर एक पहलू से छानबीन कर रही है। बताया गया है कि बुधवार की देर शाम को पाली थाने के भरखनी निवासी 45 वर्षीय राजकुमार सिंह उर्फ रिंकू पुत्र जितेंद्र ने अपने घर के अंदर खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जैसा कि ग्रामीणों का कहना है कि राजकुमार उर्फ रिंकू अपराधी था। शराब के नशे में अक्सर उसका झगड़ा हुआ करता था। साल 2008 में उसकी हिस्ट्री सीट खुली थी। उसके ऊपर कई मुकदमे चल रहे थे। एक हिस्ट्रीशीटर का खुद को शूट आउट करने की खबर से न सिर्फ पब्लिक में खलबली मच गई बल्कि पुलिस तक सन्न रह गई। इसका पता होते ही वहां पहुंची पुलिस ने शव के अलावा वहां पड़े तमंचे को अपने कब्ज़े में लेते हुए हर एक पहलू से छानबीन करनी शुरू कर दी हैए साथ ही घर वालों के अलावा उसके आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है।

विश्व कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस-

### जागरूकता शिविर में हुई कुष्ठ के उन्मूलन की चर्चा

हरदोई, अमृत विचार। जिला उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के आदेशानुसार तथा अपर जिला जज/सचिव सुधाकर दुबे की अध्यक्षता में विश्व कुष्ठ रोग उन्मूलन दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन मेडिकल कालेज के जिला अस्पताल में किया गया। डा.शेर सिंह ने बताया कि कुष्ठ रोग के लक्षण दिखाई देने पर डाक्टर से सलाह अवश्य लें। मेडिकल कॉलेज के सहायक प्रो.वीके वर्मा ने बताया कि अधिकतर कुष्ठ रोगी असंक्रामक होते हैं तथा उनमें से कुछ रोगी ऐसे होते हैं जो समाज व लोगों के मध्य कुष्ठ रोग को फैला सकते हैं। पहचान होने पर कुष्ठ रोगी का इलाज 6 माह से 1 वर्ष तक के लगातार इलाज से पूर्ण रूप से ठीक किया जा सकता है। बताया कि जो सफेद दाग सुन्न नही होता है वह कुष्ठ रोग नही होता है।

## एसएचओ सण्डीला किए गए लाइन हाज़िर

हरदोई, अमृत विचार। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ सण्डीला नित्यानंद सिंह को लाइन हाज़िर कर दिया। हालांकि इस बारे में महकमें का तर्क है कि श्री सिंह 58 साल के हो चुके हैं, ऐसे में उनसे चार्ज लिया गया। लेकिन लाइन हाज़िर के बारे में कोई पुख्ता जानकारी नहीं दी जा रही है। वहीं पब्लिक के बीच इस बात की अटकलें लग रहीं हैं सीओ सण्डीला रहीं वंदना शर्मा के साथ एसएचओ श्री सिंह की कुछ अनबन हुई थी, वंदना शर्मा मेरठ की मण्डल अधिकारी के बनते ही उनकी तरफ से लिए गए एक्शन का रिएक्शन माना जा रहा है। बताया गया है कि बुधवार की शाम को एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ सण्डीला नित्यानंद सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाज़िर किए जाने का फरमान जारी कर दिया। हालांकि इसके पीछे महकमें का तर्क है कि श्री सिंह 58 साल के हो चुके हैं, नियम के तहत उनसे चार्ज लिया गया है।

# सोशल मीडिया से बचाव की प्रस्तुति रही आकर्षण का केंद्र

हरदोई, अमृत विचार

शहर के मंगली पुरवा फाटक स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल के वार्षिकोत्सव की शुरुआत दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना एवं सरस्वती पूजन के साथ विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह व भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, पीजी कक्षा की दोनों बच्चियों ने संयुक्त रूप से की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने बच्चों क़ो जीवन जीने एवं हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय परिवार से हमारा पुराना रिश्ता है आये हुए अतिथियों ने विद्यालय परिवार कि उन्नति की कामना की एवं प्रतिभाग करने वाले बच्चों क़ो पुरस्कृत के उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद ने बच्चों क़ो बताया सुबह उठ कर माता क़ो प्रणाम अवश्य करना चाहिए तथा कठोर परिश्रम ही सफलता की पहली सीढ़ी है जोकि हमें हमेशा करती



स्कूल वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार





प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभागी व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन। अमृत विचार


रहनी चाहिए। ओह माय फ्रेंड गणेशा तुम रहना साथ हमेशा पर प्रस्तुति के माध्यम से नन्हें मुन्ने बच्चों ने भगवान गणेश क़ो अपना फ्रेंड बना लिया। सोशल मीडिया से बचाव से संबंधित कार्यक्रम की प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से परिचित कराया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से संदेश दिया कि सोशल मीडिया के अत्यधिक प्रयोग से परिवार की खुशियों के साथ स्वयं की सेहत पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बम-बम बोले के माध्यम से लोगो में उत्साह भरने का काम किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा खाटू श्याम महाराज के भजनों सेठो का सेठ खाटू नरेश, ओ सांवरे मुझे तेरी जरूरत है पर प्रस्तुति देकर दर्शकों में भक्तिमय माहौल बना दिया। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर के उपलक्ष्य में विद्यालय के बच्चों ने मेरे घर राम आये हैं... भजन पर अपनी भक्तिमय प्रस्तुति क़ो प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालिया बटोरी। विद्यालय के बच्चों ने जैसी करनी वैसी भरनी के नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों क़ो भाव-विह्वल कर दिया एवं आजकल के युवाओं क़ो माता-पिता की सेवा करने एवं उनको बोझ न समझने का संदेश दिया तथा बच्चों ने सदैव माता-पिता की सेवा करने का संकल्प भी लिया। विद्यालय की बच्चियों ने नारी सशक्तिकरण क़ो प्रदर्शित करती मैं तुमको नहीं छोडूगी प्रस्तुति के माध्यम से बच्चियों ने दर्शकों क़ो संदेश किया कि बेटे ही नहीं, बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राएं आयुषी और जिज्ञासा ने की। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह, भाजपा जिला महामंत्री ओम वर्मा, भाजपा नेता मुकुल सिंह आशा, विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह, प्रधानाचार्या भूमिका सिंह, प्रद्युमन, आनंद मिश्रा, अभय दीक्षित, लक्ष्मी सिंह, नीलम राठौर, रामप्रकाश पाण्डेय, संजय गुप्ता, अशोक गुप्ता सहित पूरा विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

# अधिवक्ता संघ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार

तहसील प्रांगण में अधिवक्ता संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य अजय शुक्ला व विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी तान्या सिंह के अलावा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।

बुधवार को तहसील परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मो0नसीम खां व मंत्री शैलेंद्र सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों को बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान सदस्य अजय कुमार शुक्ला ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी।





शपथ ग्रहण करते अधिवक्ता। अमृत विचार



विजयी पदाधिकारी। अमृत विचार

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार शुक्ला ने बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और न्यायायिक व प्रशासनिक कार्यों में तहसील के सभी अधिवक्ताओं द्वारा किये जाने वाले सहयोग की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ और न्यायपालिका एक दूसरे के पूरक बनकर काम करते हैं, यदि कभी किसी वजह से कोई गतिरोध उत्पन्न हो जाता है तो उसे आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार प्रवीण कुमार, सब रजिस्ट्रार, नगर पालिका के अध्यक्ष मो. रईस अन्सारी नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त अध्यक्ष मो0 नसीम खां ने अतिथियों व अधिवक्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अनिल द्विवेदी ने किया।

### तीसरी बार अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने रामजी तिवारी

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। तहसील के बार एसोसिएशन के चुनाव में तीसरी बार राम जी तिवारी ने अध्यक्ष पद पर विजय पाई। महामंत्री पद के लिए बसंत गुप्ता ने पहली बार विजय प्राप्त की। तहसील के बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए रामजी तिवारी ने 152 मत पाकर 128 मतों से चुनाव जीतकर सबकी चुनावी गणित को फेल कर दिया। उनके प्रतिद्वंदी वरुणेश मिश्रा को 24 मत राजकुमार रावत को मात्र 23 मतों पर संतोष करना पड़ा। 2 मत नोटा में पड़े और 2 मतों को अवैध करार दिया गया। महामंत्री पद के लिए बसंत गुप्ता ने अपने प्रतिद्वंदी बलराम दीक्षित को 20 मतों से पराजित किया। बसंत को 109 मत बलराम को 89 मत प्राप्त हुए पांच मतों को अवैध करार दिया गया।

## सार-संक्षेप

### तीन हमलावरों को ढूंढने में जुटी पुलिस टीम

हरदोई, अमृत विचार। पचदेवरा थाने में तैनात हमराहियों की पिटाई करने वाले तीन हमलावर अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। जबकि सीओ सिटी और एसएचओ पाली की अगुवाई में बनाई गई पुलिस की टीमें उनकी तलाश में ताबड़तोड़ छापामारी कर रही हैं। दावा किया जा रहा है कि सभी हमलावरों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। बताते चलें कि रविवार की रात में पचदेवरा थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल कांशीराम रावत अपने हमराही कांस्टेबिल विकास कुमार के साथ अनंगपुर चौराहे पर पिकेट ड्यूटी पर तैनात था। हमराहियों ने देर रात में उधर से निकली एक लग्ज़री गाड़ी को चेकिंग अभियान के तहत रोका। उस पर उस गाड़ी पर सवार अनंगपुर निवासी पूर्व ज़िला पंचायत सदस्य प्रदीप सिंह, संग्राम सिंह, लल्ला और कल्लू नीचे उतरे और दोनों हमराहियों की बुरी तरह से पिटाई करने लगे। उसके बाद चारों हमलावर वहां से भाग निकले। इस मामले में चारों हमलावरों के खिलाफ पचदेवरा पुलिस ने केस दर्ज किया। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए सीओ सिटी अंकित मिश्रा के नेतृत्व में 9 सदस्यीय और एसएचओ पाली अरविंद राय के नेतृत्व में 6 सदस्यीय टीम तैयार की गई। पुलिस टीम ने एक हमलावर संग्राम सिंह को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीन हमलावर अभी भी उसकी पकड़ से दूर बताए गए हैं। दावा किया गया है कि जल्द सभी हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



दुर्घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टर में टक्कर, एक की मौत

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। रात के अन्धेरे मे गन्ना लदे ओवरलोड ट्रक व ट्रैक्टर की आमने सामने जोरदार टक्कर होने के बाद ट्रक के नीचे आया मोटरसाइकिल सवार, इलाज के लिए सीएचसी कोथावां ले जाने पर हुई मृत्यु, ट्रक व ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर इलाज जारी। बताते चलें कि प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बेनीगंज प्रतापनगर मार्ग पर स्थित सांई मन्दिर के पास बेनीगंज की तरफ से आ रहा गन्ना लदा ओवरलोड ट्रक व प्रतापनगर की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई, इसी बीच एक मोटरसाइकिल सवार भी ट्रक के नीचे आ गया इस भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक अशोक उर्फ छोटा पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम व थाना संदाना जिला सीतापुर, ट्रैक्टर चालक शैलेन्द्र पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी खेरवा कमालपुर थाना बेनीगंज जिला हरदोई मोटरसाइकिल चालक विपिन पुत्र प्रसादी निवासी ग्राम अक्षरामऊ थाना बघौली व एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोथावां भेजा जहां मोटर साइकिल चालक की विपिन पुत्र प्रसादी की मृत्यु हो गई।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों का किया गया सम्मान





साण्डी, हरदोई। नगर पालिका से सेवानिवृत्त दो दर्जन से अधिक कर्मचारियों का काफी समय से लंबित लगभग डेढ़ करोड़ रुपये पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता ने भुगतान कराया। अध्यक्ष ने भुगतान के साथ-साथ कर्मचारियों को शाल देकर सम्मानित किया। उन्होंने लंबे समय से बकाया धनराशि के लिए खेद भी जताया। श्री गुप्ता ने कहा कि सेवानिवृत् के बाद कर्मचारी को तत्काल बकाया देयों का भुगतान होना चाहिए।

# सैकड़ों विरासत की फाइले पेंडिंग, थानों में धूल खा रहे शस्त्र

हरदोई, अमृत विचार



जनपद में पिछले 15 महीनों से विरासत की शस्त्र लाइसेंस नहीं हो रहे है। लगभग 250 फाइलें पेंडिंग है। नये शस्त्र लाइसेंस बनाने पर हाईकोर्ट की सशर्त रोक है। लेकिन, इस आदेश में विरासत के लाइसेंस को प्रतिबंध के दायरे से बाहर रखा गया था। धीरे धीरे 15 महीने वीतने के बाद विरासत की फाइलें पेंडिंग है ऐसे में मृतक आश्रितों के लाइसेंस न बनने से ढाई सौ से ज्यादा शस्त्र जंग खा रहे हैं।

प्रदेश में अंधाधुंध बने शस्त्र लाइसेंस को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। इस पर कोर्ट ने नये लाइसेंस जारी करने पर सशर्त रोक लगा दी थी। आदेश में स्पष्ट कहा गया था कि पूरी तरह छानबीन के बाद ही जरूरतमंद को लाइसेंस जारी किये जाएं। लेकिन इसमें कुछ छूट भी दी थी। सूत्र बताते है कि हरदोई को छोड़कर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में विरासत के शस्त्र लाइसेंस बन रहे हैं। लेकिन हरदोई में पिछले 15 महीनों के भीतर विरासत का एक भी लाइसेंस जारी नहीं हुआ है। विरासत के अधिकांश मामले लाइसेंस धारक की मृत्यु के बाद उसके वारिस के नाम लाइसेंस बनने और शस्त्र उसके नाम पर चढ़ने के हैं। इक्का-दुक्का मामले ही ऐसे हैं, जिसमें शस्त्र लाइसेंस धारक ने बुढ़ापे के कारण अपना शस्त्र लाइसेंस अपने वारिस के नाम पर करने का आवेदन किया है। लेकिन, नियमानुसार यह भी विरासत की श्रेणी में आता है। विरासत के आवेदकों में करीब 50 केस ऐसे हैं, जिनके आवेदन को पिछले ढाई से दो साल हो गए हैं। बाकी आवेदन इसके बाद के हैं। शस्त्र लाइसेंस धारक की मृत्यु के बाद शस्त्र को थाने या शस्त्र की दुकान पर जमा किया जाता है। थाने में जमा शस्त्र जहां जंग खा रहे हैं। वहीं शस्त्र विक्रेता की दुकान पर जमा शस्त्र का शुल्क लगातार बढ़ता जा रहा है।

# भाजपा सांसद समेत 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार। मनकापुर स्थित गुरुद्वारा पर कब्जा करने व लूटपाट के आरोप में एमपी/एमएलए कोर्ट के आदेश पर बुधवार को गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया, तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक व अपराध निरीक्षक सहित 12 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। दोषसिद्ध होने पर सांसद को तीन वर्ष तक की सजा हो सकती है।

मनकापुर कोतवाली क्षेत्र की गुरबचन कौर ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके ससुर मोहर सिंह ने मोहल्ला 'भगत सिंह नगर में मकान का निर्माण कराया था। मकान के भीतरी हिस्से में गुरुद्वारा भी स्थापित है। आरोप है कि 13 सितंबर, 2023 को मनकापुर निवासी भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह और अपराध निरीक्षक अरुण कुमार राय तथा अन्य लोगों के साथ पहुंचे और धमकी दी कि मकान खाली कर दो। इस भूमि को सांसद राजा भैया ने खरीद लिया है। 14 सितंबर को इसकी सूचना अपर पुलिस अधीक्षक को दी गई तो उन्होंने क्षेत्राधिकारी मनकापुर को जांच का आदेश दिया।

# स्मार्टफोन पाकर खिल उठे छात्राओं के चेहरे

कछौना, हरदोई, अमृत विचार

शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना स्वामी विवेकानन्द युवा तकनीकी सशक्तिकरण योगना के तहत कछौना के एसएमडी पटेल महाविद्यालय पतसेनी कछौना व छेदालाल महाविद्यालय गौसगंज में मुख्य अतिथि गण द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्टफोन निःशुल्क उपलब्ध कराये गये। विद्यार्थी स्मार्टफोन पाकर गदगद हो गये। सरकार के इस कदम की सभी सराहना कर रहे हैं।

कछौना के एसएमडी परेल महाविद्यालय पतसेनी कछौना में मुख्य अतिपि ब्लॉक प्रमुख रामश्री के हाथों विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन उपलब्ध कराएं गए। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर की गपी। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख रामश्री ने बताया शासन की मंशा हैं युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करना है। वर्तमान शिक्षा में तकनीकी ज्ञान की नितांत आवश्पकता है। जिससे विषय ज्ञान व देश दुनिया की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त कर सर्वांगीण विकास होता है। इससे विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत होती है। मुख्य अतिथि गणों द्वारा विद्यार्थी स्मार्टफोन पाकर चेहरों पर खुशी दौड गई। मुख्य अतिथि द्वारा विद्यार्थियो का उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रबंधक बाबू सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, वैभव सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, नोडल अधिकारी लघुसिंचाई अवर अभियंता अशोक पाल, महाविद्यालय के प्रबंधक डा. शिवराज सिंह पटेल, नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार अनुपमा वर्मा मौजूद रहे।



स्मार्टफोन के साथ छात्र-छात्राएं साथ में अतिथि। अमृत विचार

## एक नजर

### स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ मुकदमा दर्ज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** नगर क्षेत्र में एक स्कूली छात्रा से छेड़छाड की गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। नगर क्षेत्र के एक मोहल्ला की रहने वाली 20 वर्षीय छात्रा ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह विगत दिवस किताबें लेने जा रही थी, तभी ग्राम अकैचनपुर टप्पा निवासी एक युवक उससे छेड़खानी करने लगा। विरोध करने व शोर मचाने पर उक्त युवक मौके से भाग गया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### बगैर परमिट काटे 18 पेड़

**अमृत विचार, सीतापुर।** रेउसा थाना इलाके में वन विभाग की मिलीभगत से अवैध पेड़ों का कटान थमने का नाम नही ले रहा। जिम्मेदार कार्रवाई के बजाय अंजान बने बैठे हुए है। क्षेत्र के ग्राम नेवादा में आम के करीब 18 पेड़ लकड़कट्टों ने मंगलवार की रात बिना परमिट के काट दिया और लकड़ी उठा ले गए। रेंजर कमाल अहमद ने कार्यवाही की बात कही।

### कम्पोजिट विद्यालय सुपौली में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

**तंबौर।** कम्पोजिट विद्यालय सुपौली में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल ने द्वीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमें गीत, कविता, स्पीच व नाटक का सुंदर प्रस्तुतिकरण किया गया। देशभक्ति गीत, सरस्वती वंदना व बाल विवाह पर नाटक मुख्य आकर्षण रहे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार पटेल, विनोद चैरसिया, राजकुमार संजय उपस्थित रहे। विद्यालय इंचार्ज प्रकाश के साथ ही साथ राहुल राय, ज्ञान प्रकाश, धुरव, संजीव कुमार धुरिया, उमा शंकर सिंह, शशि जायसवाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई

**सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने सेवानिवृत्त हुए उ.नि. लिपिक योगेन्द्र सिंह, उ.नि. लेखा प्रतिमा सचान व उ.नि. मुकुट सिंह को पुलिस कार्यालय में फूल माला पहनाकर विदाई दी। साथ ही इस मौके पर पुलिस विभाग में उनके द्वारा डयूटी के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना भी की गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार, प्रतिसार निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे प्राइवेट अस्पताल

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य समस्याओं व भ्रष्टाचार को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रवीन कुमार सिंह ने बताया कि कई इलाको में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक द्वारा संरक्षित बगैर डिग्री धारक और बगैर रजिस्ट्रेशन के अस्पताल खुलेआम संचालित किये जा रहे हैं। बिसवां मे जोशी टोला चौराहा, मोच चौराहा व कई जगह और पैथॉलॉजी है जैसे मां हास्पिटल बिना डॉक्टर, जबकि लखनऊ और पैथॉलॉजी संचालित हैं। वहीं गोंदलामऊ सीएचसी क्षेत्र संदना में इंदुजा होस्पिटल, अनहिंता हास्पिटल, औरंगाबाद में इंदु पैथॉलॉजी व मेडिकल स्टोर में एल लैब है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद क्षेत्र में समस्त हॉस्पिटल व पैथोलॉजी संचालक को नोटिस दी गई। वहीं नेशनल होस्पिटल में आशाओं को बुलाकर उन्हें गिफ्ट दिया गया।

# उद्यम लगाने में आ रहीं समस्याएं होगी दूर

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने सभी उद्यमियों एवं व्यापारियों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिये। सिंघानिया इण्डस्ट्री के पास विद्युत लाईन शीघ्र ठीक कराये जाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों, विद्युत, उद्यम लगाने के लिए किसी उद्यमी को कोई समस्या आ रही है, उसको अवगत करायें, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। एमओयू से संबंधित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया। उद्यमियों को उद्योग स्थापित किये जाने हेतु अपेक्षित एनओसी ही प्राप्त की जायें एवं शीघ्रता के साथ उद्योग स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

निवेश मित्र पोर्टल पर समय से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता सहित उद्यमीगण एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# बालिकाओं की शिक्षा में सुधार की आवश्यकता: डीएम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर



चार कक्षों का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम अनुज सिंह व पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी।। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राउण्ड टेबल इण्डिया व लेडीज सर्कल ने हिन्दू कन्या पाठशाला जूनियर शाखा में निर्मित चार कक्षा कक्षों के ब्लॉक का जिलाधिकारी अनुज सिंह व पालिकाध्यक्ष नेहा अवस्थी ने किया।

25 लाख रूपये की लागत से बने इन चार कम्पलीट (फर्नीचर, लाइट, पंखा, टाइल्स) कक्षाओं का निर्माण सीतापुर राउण्ड टेबल व लेडीज सर्कल ने कराया है। विद्यालय की छात्राओं के चेहरे इन कक्षाओं को पाकर खिल उठे और सभी ने तालियों के साथ संस्था के सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने भी संस्था के इस कार्य की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में शिक्षा के विकास हेतु स्वयंसेवी संस्थाओं, प्रबुद्धजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों को आगे आकर सहयोग करना चाहिये। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा में सुधार हेतु सभी के द्वारा प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। अच्छी एवं स्मार्ट कक्षाएं होने से उपस्थिति में भी सुधार होता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि शीघ्र ही विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा हेतु भी प्रबंध कराये जायेंगे, जिससे बालिकाएं बेसिक प्रोग्रामिंग सीख सकें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, संस्था के सभी पदाधिकारी संकेत बांग्ला (एरिया 8 चेयरमैन, राउण्ड टेबल इण्डिया), आशीष सिंघानिया (पूर्व एरिया 8 चेयर मैन राउण्ड टेबल इण्डिया), शनोली अग्रवाल (एरिया 8 चेयरपर्सन लेडीज सर्कल इण्डिया) अपर्णा अग्रवाल (एरिया 8 वायस चेयरपर्सन लेडीज सर्कल इण्डिया) मेघा सिंघानिया (नेशनल प्रोजेक्ट कन्वीनर, लेडीज सर्कल इण्डिया), कोमल अग्रवाल (चेयरपर्सन, सीतापुर लेडीज सर्कल), पुनीत सर्राफ (चेयरमैन सीतापुर राउण्ड टेबल), कुनाल आनन्द (पूर्व चेयरमैन सीतापुर राउण्ड टेबल) व सीतापुर राउण्ड टेबल के समस्त पदाधिकारी व पदाधिकारियों के अभिभावक और विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकगण मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा में रामपुर ले जाए गए आजम खां

## मिली राहत : पूर्व मंत्री को रामपुर के डुंगरपुर कांड में कोर्ट ने दोषमुक्त करार दिया

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर




रामपुर ले जाते समय जिला कारागार पर मौजूद पुलिस बल।



वज्र वाहन के बंद परदे के पीछे बिठाकर आजम को ले जाती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सजायाफ्ता कैदी आजम खां को रामपुर के डुंगरपुर कांड में कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। सपा सरकार के दौरान हुए कांड में आजम खां और रिटायर्ड सीओ सहित 7 लोगों पर अलग-अलग 12 पीड़ितों ने घर में घुसकर मारपीट, जबरन बस्ती खाली कराने सहित एक महिला ने 15 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाकर केस दर्ज कराया था। सरकार बदलने पर 2019 में पीड़ितों ने केस दर्ज कराया था। सीतापुर जेल से रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम को राहत भरा फैसला सुनाया है। बुधवार की सुबह आजम सीतापुर जेल से रामपुर कड़ी सुरक्षा के बीच ले जाये गये थे। फैसले के बाद कड़ी सुरक्षा में आजम को वापस सीतापुर जेल लाया गया।

बताते चलें कि बीती 22 अक्टूबर 2023 को रामपुर जेल से आजम खां को सीतापुर जेल में सुरक्षा कारणों के चलते शिफ्ट किया गया था। वहीं बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल शिफ्ट किया गया था। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने आजम खां उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद तीनों को जेल भेज दिया गया था। जेल में रहने के दौरान आजम दूसरी बार सीतापुर जेल से रामपुर पहुंचे हैं। रामपुर कोर्ट में पेशी के दौरान जेल से आजम को जिस व्रज वाहन में ले जाया गया उस वाहन के शीशों पर पर्दा लगा होना चर्चा का विषय बना रहा। कोर्ट के फैसले के बाद आजम को कड़ी सुरक्षा के बीच देर रात सीतापुर जिला कारागार में शिफ्ट कर दिया गया।

**सपा सरकार के दौरान हुआ था कांड, वर्ष 2019 में पीड़ितों ने दर्ज कराया था केस**

### 2016 में हुआ था डूंगरपुर कांड

बताया जाता है कि रामपुर पुलिस लाइन के समीप डूंगरपुर गांव के समीप के आशरा कॉलोनी का निर्माण कराया गया था। आरोप था कि सपा सरकार में मंत्री रहने के दौरान आजम के इशारे पर इस कालोनी के समीप बने पहले से कुछ मकानों को सरकारी जमीन पर खड़ा होना बताकर गिरा दिया गया। वर्ष 2019 में आजम पर मुकदमों का दौर शुरू होते ही 12 पीड़ितों ने अलग अलग जबरन मकान खाली कराने और घर से घुसकर लूटपाट करने का आजम सहित सपा नेता और कुछ पुलिसकर्मियों पर केस दर्ज कराया था। इस मामले में आजम खां सहित रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली सहित 12 लोग शामिल थे। रामपुर की कोर्ट ने पीड़िता रूबी पत्नी करामत अली की ओर से दर्ज मामले में आजम सहित सभी को दोषमुक्त किया है।

## सार-संक्षेप

### सड़क निर्माण से दुर्गम क्षेत्र में रहने वालों को मिलेगा लाभ

**पैंतेपुर।** विकासखंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मितौरा में महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या ने नाली और सड़क निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। विकास खंड रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत मितौरा में महमूदाबाद विधायिका आशा मौर्य ने प्रधान प्रतिनिधि विजय श्रीवास्तव के साथ सड़क और नाली निर्माण का शिलान्यास किया। विधायक आशा मौर्य ने कहा कि यह सड़क गांव और दुर्गम क्षेत्र में बनाई जानी है। इस सड़क के बन जाने से इस दुर्गम क्षेत्र में रहने वाले 500 ग्रामीणों को सीधे तौर पर इसका लाभ मिलेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार में उन्हें काफी सुगमता हो जाएगी। इसलिए इसका निर्माण गुणवत्तापूर्वक किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि कैप्टन विजय श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सदस्य राधेश्याम गौतम, देशराज भार्गव, प्रेमचंद यादव, राकेश यादव, शिवकुमार चैहान, भूत अध्यक्ष ओम प्रकाश चैहान तथा गांव के सम्मानित नागरिक कमरुद्दीन मुस्तफा सलमानी अब्दुल मजीद अंसारी आदि मौजूद रहे। प्रधान प्रतिनिधि ने मुख्य अतिथि विधायक आशा मौर्य को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देखकर सम्मानित किया।




नाली व सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास करतीं विधायक आशा मौर्या।

### दहेज उत्पीड़न को लेकर पति व उसके भाई पर मुकदमा दर्ज

**लहरपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न को लेकर पति व उसके भाई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। बबीता पुत्री छत्रपाल निवासी नउवा महमूदपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर ने आरोप लगाया है कि उसकी शादी चार वर्ष पूर्व लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम स्वामीजी पुरवा मजरा दरियापुर निवासी महेश पुत्र खिलावन के साथ आवश्यक दान दहेज के साथ की गई थी। आरोप है कि उसके पति नाजायज शराब का काम करते हैं और आए दिन शराब पीकर झगड़ा कर जान से मारने की धमकी देते हैं। वहीं 50 हजार नकद व अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उत्पीड़न करते थे। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जब वह सात माह की गर्भवती थी, तब पति महेश व उसके भाई दिनेश ने उसे जमकर मारा पीटा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और इलाज के लिए अपने मायके चली गई। अब उसका पुत्र भी दो वर्ष का हो गया है और पैसे न होने के कारण वह दर-दर भटक रही है उसके पति व ससुराल पक्ष उससे कोई मतलब नहीं रखता है। कोतवाली में कई बार प्रार्थना पत्र देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। ऐसे में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पति महेश व उसके भाई दिनेश के विरुद्ध धारा 323, 504, 498 ए व दहेज अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत अपराध दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि अपराध दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### भुगतान न होने पर सहारा निवेशकों ने मांगी इच्छा मृत्यु




ज्ञापन देने आये सहारा निवेशक व ऑल इंडिया जन आंदोलन सहारा संघर्ष न्याय मोर्चा सदस्य। अमृत विचार

**सीतापुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ऑल इंडिया जन आंदोलन सहारा संघर्ष न्याय मोर्चा के बैनर तले बुधवार को पीड़ित सहारा निवेशकों ने राष्ट्रपति को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सीतापुर के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें सहारा इंडिया द्वारा अब तक निवेशकों का भुगतान न किए जाने के कारण इच्छा मृत्यु की स्वीकृति मांगी है। निवेशकों का कहना है कि 28 फरवरी 2023 को सीतापुर कोतवाली में दर्ज एफआईआर जिसमें सुब्रत राय सहारा चेयरमैन प्रबंध निदेशक स्वपना राय सहाराओपी श्रीवास्तव उप महाप्रबंधक अनिल कुमार पाण्डेय राणा जिया मनोज श्रीवास्तव आदि पर दर्ज कराई गई थी। सीतापुर कोतवाली पुलिस द्वारा सहारा निवेशकों का पक्ष लिये बगैर एफआर लगाई गई है, वह नितांत गलत है। उसकी पुन: जांच कर फिर से एफआईआर दर्ज कराई जाये। सहारा निवेशक संघ के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने मांग की है कि सहारा जमाकर्ताओं का भुगतान किया जाये, अन्यथा इच्छा मृत्यु की स्वीकृति प्रदान की जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा, राज कुमार श्रीवास्तव, किसान मंच के राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रकाश सिंह, अल्पना सिंह, सुधा राठौर, रजत शुक्ला, विजय कुमार गुप्ता, नितिन शर्मा, बीनू राठौर, कृष्णा राठौर, साजेब खान, मुन्ना आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे हैं।

### नेत्र चिकित्सा अधिकारी हुये सेवानिवृत्त

**सीतापुर, अमृत विचार।** कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर में विगत 35 वर्षों की सेवा देने के बाद वाहन चालक व संघ के अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा बुधवार को सेवानिवृत्त हो गये। उनको मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद में कार्यरत अवधेश कुमार शुक्ला नेत्र चिकित्सा अधिकारी पद से 33 वर्षों की नियमित सेवा पश्चात अपने पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं।

# ईवीएम हटाओ, देश बचाओ के लगे नारे




ईवीएम के विरोध में रैली निकालते भारतीय संविधान सुरक्षा संघ कार्यकर्ता। अमृत विचार

लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** भारतीय संविधान सुरक्षा संघ के तत्वाधान में ईवीएम के विरोध में एक रैली निकालकर राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिया गया। इस मौके पर भारतीय संविधान सुरक्षा संघ ने मांग की है कि बैलट पेपर से चुनाव कराया जाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कामता प्रसाद, रामलाल, श्री राम, जगजीवन, कमल किशोर, राम सिंह, शत्रुघ्न, संदीप कुमार, सरोजिनी, कलावती, रामप्यारी, प्रेम, बलराम, कैलाश चंद, सुरेश, चंद्रावती, निर्मला सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बैलट पेपर से चुनाव कराने पर दिया जोर

भारतीय संविधान सुरक्षा संघ की लहरपुर इकाई द्वारा प्रह्लादपुर छावनी बुद्ध विहार से एक रैली ईवीएम हटाओ बैलट पेपर लाओ और संविधान बचाओ व लोकतंत्र बचाओ के तहत निकाली गयी। जिसमें भारी संख्या में लोगों ने ईवीएम हटाओ, देश बचाओ, वोट हमारा राज तुम्हारा, नहीं चलेगा, नहीं चलेगा के नारे लगाए। ज्ञापन में लोकसभा व विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाताओं को हर माह वोटर पेंशन तथा एससी/एसटी, ओबीसी, माइनारिटी के लोगों की जातिगत जनगणना कराई जाए।

## आपके वोट से ही बनती है गांव से लेकर देश की सरकार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** ग्राम सभा खैरुल्लापुर के अंतर्गत ग्राम ईरापुर के प्राथमिक विद्यालय ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संगोष्ठी और रैली का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक और ग्रामवासियों ने प्रतिभाग किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में शामिल ग्रामीणों ने गांव में भ्रमण कर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान सबसे महत्वपूर्ण है, आप के वोट से ही ग्राम प्रधान से लेकर विधायक, सांसद तथा राज्य और केन्द्र की सरकार बनती है, इसलिए प्रत्येक चुनाव में सभी लोग अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर शिक्षक अनवर अली, रामचन्द्र वर्मा, जुबेर वारिस, सरोज कुमार वर्मा, उमेश चन्द्र, प्रेमावती, प्रेमा ने भी अपने विचार व्यक्त किए और सभी को मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया।




मतदाता जागरूकता रैली निकालते शिक्षक, अभिभावक व ग्रामीण। अमृत विचार

## भूमाफिया के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र गुट) की स्थानीय इकाई ने उपजिलाधिकारी सिधौली को एक सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि निर्धारित समयावधि में कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

ज्ञापन में सिधौली के एक भूमाफिया पर पटरी दुकानदारों को उत्पीड़ित करने और उनसे पिछले चार वर्षों से जबरन वसूली करने का आरोप लगाते हुए पीड़ितों को वसूली गई लाखों रूपये की रकम वापस दिलाने और दोषी भूमाफिया के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त उपजिलाधिकारी कार्यालय में तैनात राजस्वकर्मियों द्वारा लकड़ी कटान करने वालों, कबाड़ियों से अवैध वसूली करने के मामले में कार्रवाई करने साथ-साथ मोहल्ला प्रेमनगर दक्षिणी में आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यरत लक्ष्मी पटेल व सहायिका गायत्री देवी द्वारा मनमाने तरीके से बच्चों में पोषण आहार, राशन वितरण सहित कई अन्य मांगों पर कार्रवाई की मांगे की गई हैं। यूनियन ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि निर्धारित समयावधि में मांगे पूरी न हुईं तो संगठन धरना प्रदर्शन करेगा।

## खेलकूद

### हजरत गुलजार शाह मेले में महिला कुश्ती के फाइनल मुकाबले में जुटी दर्शकों की भीड़

# महिला पहलवान बंटी और वाजिदा ने जीते अपने मुकाबले



कुश्ती के मुकाबले में एकदूसरे के खिलाफ जोर आजमाइश करतीं महिला पहलवान। अमृत विचार

**बिसवां, अमृत विचार।** मेला हजरत गुलजार शाह में आयोजित अखिल भारतीय दंगल प्रतियोगिता के फाइनल में देश भर से आई महिला पहलवानों की कुश्ती देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बीजेपी विधायक निर्मल वर्मा को मेला अध्यक्ष अब्दुल अतीक खान, सेक्रेटरी सय्यद हुसैन कादरी व उपाध्यक्ष महबूब अली ने गदा भेंटकर सम्मानित किया। वहीं दंगल के ठेकेदार शौकत पहलवान ने मुख्य अतिथि को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

दंगल की पहली कुश्ती बंटी पहलवान व अंशु पहलवान के मध्य हुयी। जिसमें अंशू पहलवान ने जीत हासिल की। दूसरी कुश्ती वाजिदा पहलवान व मंचल पहलवान के बीच हुई। जिसमें वाजिदा पहलवान को सफलता प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त वारिस पहलवान, नाजिया पहलवान व सपना पहलवान ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का दिल जीत लिया। दर्शकों ने जीते हुए पहलवानों को माला पहनाकर हौसला अफजाई की। भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, पीयूष मौर्या, इमरान चंदू, जकी अर्शी, कन्वीनर नफीस अहमद, अनीस आबदी, इरफान सभासद, नुसरत अली, शहंशाह खान, रेहान समेत बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### मंडलस्तरीय कुश्ती में सकरन की बालिकाएं रहीं प्रथम

**सांडा।** विकास क्षेत्र सकरन अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शेखवापुर की दो बालिकाओं ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण लीग प्रतियोगिता के तहत मंडलस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सम्पन्न हुई। दोनों बालिकाओं के विजेता होने पर खंड शिक्षा अधिकारी के साथ-साथ शिक्षक वर्ग ने बधाई दी है। उप्र ग्रामीण ओपन लीग प्रतियोगिता का मंगलवार को लखनऊ स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजन हुआ। जिसमें जनपद स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया। जिसमे सकरन के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत कक्षा 8 की छात्रा निशा बानों 50 किग्रा भार व कक्षा सात की अंशू ने 47 किग्रा भर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। खंड शिक्षा अधिकारी ओंकार सिंह व शिक्षक रवींद्र मिश्र, राधा कृष्ण दीक्षित, कृष्णकांत ने शुभकामनाएं दीं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बलोइया- कसमंडा, सीतापुर**

पत्रांक मेमो/सचिव/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा/निविदा आ./2023-2024 दिनांक 31/01/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना-अल्पकालीन**

कार्यालय ग्राम पंचायत बलोइया विकासखंड कसमंडा पंजीकृत ठेकेदारों एवं फर्मों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित निर्माण कार्य की अल्पकालिक मोहरबंद निविदाएं समस्त पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मों से दिनांक 06/02/2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व फर्मों के सक्षम अधिकारी द्वारा खोली जाएगी। किसी भी टेंडर को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 31/01/2024 से दिनांक 04/02/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत बलोइया से प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक निविदा के साथ दो प्रतिशत की जमानत धनराशि एनएससी/एएफडीआर के रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो कार्यालय ग्राम पंचायत बलोइया के नाम बंधक होगा। अन्य शर्तो आदि की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। ठेकेदारों व फर्मो द्वारा निविदा प्रपत्र पर अंकित की गई धनराशि अंकों एवं शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित लागत | प्राक्कलन के अनुसार सामग्री जिसकी आपूर्ति होनी है | सामग्री की लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मिश्रापुर में डामर रोड से बाबूराम के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 4,83,668/- | रोड़ा, सीमेंट, मौरंग, ईटा, गिट्टी 80 mm, सरिया, बालू। | 373194/- | - |

जिस निविदादाता का टेंडर सबसे कम दर का होगा उसे टेंडर स्वीकृति दर के आधार पर आगणित सामग्री की कुल लागत का दो प्रतिशत जमानत धरोहर की धनराशि एनएससी/एफडीआर जो ग्राम पंचायत बलोइया के पक्ष में बंधक होगा जमा करने पर सामग्री की आपूर्ति का आदेश दिया जाएगा।

किरन देवी-प्रधान
ग्राम पंचायत बलोइया, वि.ख. कसमण्डा, सीतापुर

गनेश कुमार- सचिव
ग्राम पंचायत बलोइया, वि.ख. कसमण्डा, सीतापुर

एक : सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्य : को नृशंसतरस्तत : ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बाटंता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

संपादकीय

# बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

# शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0 .5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का तापमान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

प्रसंगवश

# महात्मा गांधी के आखिरी घंटे



रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

# बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

सोशल फोरम

# जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी




संजय वर्मा
इंदौर


जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

– फेसबुक वॉल से

# धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम






ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

# केलिगीतों की परंपरा



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

# मार्ग चौड़ीकरण के बाद सड़क से सट गए विद्युत पोल

## जरौटा गांव में विद्युत पोल से टकरा कर युवक हुआ गम्भीर रूप से घायल

संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग द्वारा करीब 10 महीने पहले अमेठी-संग्रामपुर मार्ग का नवीनीकरण करते समय चौड़ीकरण कराया गया था। मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के बाद सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे सड़क से सट गए। सड़क से सटे विद्युत खंभे आये दिन हादसे की वजह बन रहे हैं।

बुधवार की सुबह जरौटा गांव में राजकुमार मिश्रा के दुकान के सामने मोड़ पर सड़क से सटे विद्युत पोल से टकराकर प्रतापगढ़ जिले के कमालुद्दीनपुर निवासी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका संग्रामपुर सीएचसी में इलाज कराया गया।


बिजली के पोल से टकराने के बाद सड़क किनारे बैठा घायल युवक। अमृत विचार

### आये दिन हो रही दुर्घटनाएं

संग्रामपुर चौराहे से कालिकन मोड़ अमेठी मार्ग बीते कई सालों से जर्जर पड़ा था। स्थानीय लोगों की मांग पर सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने 9 करोड़ 20 लाख 66 हजार रुपये की स्वीकृति दी थी। जिसके बाद सड़क को चौड़ीकरण करते हुए सड़क निर्माण किया गया था। सड़क चौड़ीकरण के बाद सड़क के किनारे लगे सैकड़ो विद्युत पोल सड़क से सट गए है। जिससे आये दिन लोग खंभों से टकराकर घायल रहे है।

### इन जगहों पर पोल से टकराकर हो रहे हादसे

सड़क चौड़ीकरण के बाद बलभद्रपुर, जरौटा, कटरा, शीतलाबक्श का पुरवा, पतापुर टिकरिया व संग्रामपुर में सड़क से सटे विद्युत पोल से टकराकर लोग घायल हो रहे हैं। वहीं जरौटा गांव निवासी हौसिला प्रसाद मिश्र ने बताया कि उनके घर के सामने सड़क से सटे विद्युत पोल से टकराकर अभी तक कई लोग घायल हो गए हैं। दुकानदार राजकुमार मिश्र ने बताया कि उनके दुकान के सामने सड़क से सटे विद्युत पोल से टकराकर अभी तक आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। वही सड़क से सटे स्थानीय गांव के लोगों ने बताया कि सड़क को चौड़ीकरण करने के बाद किनारे लगे विद्युत पोल सड़क से सट गए। जिससे आये दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क चौड़ीकरण होने के बाद लोग स्पीड में वाहन दौड़ा रहे है। जिससे हादसा हो रहा है। बिजली के खंभों को सड़क के किनारे से हटाकर पटरी के किनारे लागये जाए।

लोक निर्माण विभाग के जेई अमित पाठक ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के शुरुआत में ही करीब एक साल पहले पावर कॉर्पोरेशन के उच्च अधिकारियो को पोल हटाने के लिए पत्र लिखा गया था। लेकिन अभी तक पोल नहीं हटे है। एक बार फिर पावर कॉर्पोरेशन के उच्च अधिकारियो को पोल हटाने के लिए पत्र लिखकर मांग की जायेगी। सड़क से सटे हुए पोल को जल्द ही हटवाया जाएगा।

–अमित पाठक, जेई, लोक निर्माण विभाग

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से हिन्दू जनमानस का सिर गर्व से ऊंचा हो गया : अरुण मिश्र

मुसाफिरखाना, अमेठी

**अमृत विचार।** केंद्रीय मंत्री व सांसद स्मृति ईरानी द्वारा अमेठी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक घरों में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा का प्रसाद अयोध्या से मंगवाकर घर-घर में वितरित कराया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को मुसाफिरखाना में ग्राम पंचायत रंजीतपुर, चंदीपुर, भद्दौर में जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्रा के नेतृत्व में घर-घर प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान लोगों को जब प्रसाद वितरित हो रहा था तो लोग उत्साहित होकर जय श्रीराम का उद्घोष कर रहे थे। प्रसाद वितरण के दौरान अरुण मिश्र ने लोगो से कहा कि मंदिर निर्माण व रामलला के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से हिन्दू जनमानस का सिर गर्व से ऊंचा हो गया है और आज हम सब रामलला को टेंट के बजाय मन्दिर में देख पा रहे है।

उन्होंने कहा कि दीदी स्मृति ईरानी जब से अमेठी में आई हैं, जनमानस का स्वाभिमान जागा है। दीदी ने यह प्रसाद तो हम सबके लिए भेजा ही है जल्द ही वह हम सबको राम लला के दर्शन भी कराएंगी। इस अवसर पर बालगोविंद यादव, साधुराम आशीष, राम जियावन, राम नरायन निषाद, समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

प्राण प्रतिष्ठा





● केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा भेजे गए रामलला के प्रसाद का हो रहा वितरण

### एक नजर

#### दहेज हत्या के आरोप में दो को किया गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय :** दहेज के लिए महिला की हत्या किया जाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। रामबली दास पुत्र रामजीवन दास निवासी प्रजापति रामजानकी मंदिर धर्मकांटा जनपद अयोध्या ने कोतवाली मनकापुर में तहरीर दी थी कि पुत्री की शादी ग्राम वीरपुर मछली गांव के रहने वाले सूरज से हुई थी। उनकी पुत्री को ससुरालजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करते हुए जान से मार दिए है। पुलिस ने तहरीर की आधार पर थाना मनकापुर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान दोषी पाये पर सूरज तथा गुलाबा उर्फ ज्ञानमती निवासी वीरपुर मछली गांव को गिरफ्तार कर लिया गया।

#### उपकर पोर्टल की जागरूकता को नुक्कड़ नाटक आयोजित

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा निर्माण कार्यों की लागत के सापेक्ष एक प्रतिशत उपकर धनराशि बोर्ड में जमा करने हेतु इंडियन बैंक के माध्यम से उपकर पोर्टल बनाया गया है। निर्माण कार्यों का रजिस्ट्रेशन एवं उपकर जमा करने की कार्यवाही उपकर पोर्टल https://cessupbocw.in के माध्यम से की जानी है। सचिव उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड लखनऊ द्वारा इस संबंध में जन जागरूकता हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के क्रम में जनपद अमेठी में श्रम विभाग व इंडियन बैंक के माध्यम से कलेक्ट्रेट गौरीगंज एवं लोक निर्माण विभाग के कैंपस में नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का किया गया। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, निर्माण खंड, पीएमजीएसवाई, जल निगम, नलकूप विभाग, सिंचाई विभाग आदि विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य सामान्य जनमानस उपस्थित रहे। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 एवं सपठित नियमावली 1998 के अंतर्गत 10 लाख रुपए तक के निजी आवासीय भवनों को छोड़कर अन्य सभी निर्माण कार्यों की निर्माण लागत का एक प्रतिशत धनराशि उपकर के रूप में बोर्ड के खाते में जमा करने का प्रावधान है।

# निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट का डीएम ने किया निरीक्षण

## 20 फरवरी तक शेष कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

अमेठी

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को जामों रोड स्थित निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट भवन का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को शेष कार्य 20 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फर्नीचर, वायरिंग, लैंड स्पेकिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि छिटपुट कार्य शेष पाए गए। जिन्हें जिलाधिकारी ने आगामी 20 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन नवनिर्मित कलेक्ट्रेट से कराया जाएगा। जिसको लेकर फरवरी माह के अंत तक कलेक्ट्रेट को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कक्ष, मीटिंग हाल, न्यायालय कक्ष, संयुक्त कार्यालय, नज़ारत, अभिलेखागार इत्यादि सभी कक्षों का निरीक्षण किया एवं जो भी कार्य शेष पाए गए उन्हें शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। ज्ञातव्य हो कि निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट का निर्माण कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस द्वारा 1777.42 लाख रुपये की लागत से कराया जा रहा है। जिसमें कलेक्ट्रेट के मुख्य भवन ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, सी ब्लॉक, डी ब्लॉक के साथ ही कैंटीन एवं शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, पंप हाउस, बोरिंग कार्य पंप सहित, ओवरहेड टैंक, गार्ड रूम, फ्रंट बाउंड्री वॉल, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग कार्य, कैंटल ट्रैप आदि कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण करतीं डीएम व अन्य। अमृत विचार

### नवागत जिलाधिकारी ने मीडिया बंधुओं के साथ की वार्ता

**अमेठी।** नवागत जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मीडिया बंधुओं के साथ वार्ता कर उनका परिचय प्राप्त किया। तदोपरांत जानकारी देते हुए बताया कि वह 2015 बैच की आई.ए.एस. अधिकारी है। इससे पूर्व वह सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय, उपाध्यक्ष खुर्जा विकास प्राधिकरण बुलंदशहर, मुख्य विकास अधिकारी बदायूं, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मेरठ तथा असिस्टेंट कलेक्टर रायबरेली के पद पर कार्य कर चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना व जन समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव तथा जनपद के मीडिया बंधु उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान नवागत डीएम व मौजूद अन्य। अमृत विचार

▶▶ **निष्पक्ष, सकुशल व पारदर्शी ढंग से लोकसभा चुनाव संपन्न कराना प्राथमिकता**



किसान गोष्ठी में संबोधित करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

### किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन

**अमेठी।** कृषि विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से बिन्धेश्वरी ग्रामोत्थान संस्थान अमेठी द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन पंडित साहब प्रसाद इंटर कालेज पूर्व गांव सलेसर जगदीश पुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को कृषि वैज्ञानिक पारस नाथ पांडेय व सूर्य मनी ओझा राम प्रसाद गुप्ता ने संबोधित किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए पारस नाथ पांडेय ने तकनीकी खेती करने के लिए सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि भारत गांव का देश है। भारत का किसान देश के रीढ़ की हड्डी के समान है। यहां 70 फीसदी किसान है। जो खेती करते है, भारत का किसान खाद्य फासलों और तिलहन का उत्पादन करते हैं, किसान अन्न दाता है और अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। सूर्य मनी ओझा ने कहा कि भारत सरकार ने वर्ष 2000 में पहली कृषि नीति की घोषणा की थी। राष्ट्रीय कृषि नीति भारतीय कृषि की विशाल अप्रयुक्त विकास क्षमता को साकार करना चाहते है। भारत में 70 फीसदी कृषि से उत्पन्न आय शामिल है। आज़ादी से पहले अर्थ व्यवस्था 95 फीसदी कृषि और कृषि से अर्जित राजस्व पर निर्भर थी। मुख्य अथिति उमापति त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रधान संघ जगदीश पुर राजेश विक्रम सिंह, प्रमुख पति ने किसान को संबोधित किया। इस अवसर पर राम प्रकाश गुप्ता, राजेश कुमार त्रिपाठी, एडवोकेट सुभाष चन्द्र पांडेय, अधिवक्ता हाई कोर्ट राम विश्वास पांडेय, रीता तिवारी, राम मिलन, संस्था के मुखिया बिन्धेश्वरी प्रसाद दुबे आदि उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन में 15 परियोजनाओं का काम पूरा

अमेठी

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन अन्तर्गत जिले में 15 परियोजनाओं का काम पूरा हो गया है। बुधवार को अधिशासी अभियंता इंजीनियर वीपी सिंह ने सहायक अभियंताओं, अवर अभियंताओं और निर्माण कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिक से अधिक काम लोक सभा चुनाव के पहले पूर्ण कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने कहा कि सभी अभियंता और कम्पनी प्रतिनिधि जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराएं। जिस भी विकास खंड से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और पाइप लाइनें बिछाने के मामले में अधिक शिकायतें आएंगी, वहां के कार्मिकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक नल पहुंचाने की 487 परियोजनाओं का काम चल रहा हैं। 15 परियोजनाएं पूरी हो गई है। इन परियोजनाओं का लोकार्पण अगले महीने कराया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने सम्बन्धित सहायक एवं अवर अभियंताओं से एक-एक परियोजना की प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा ओवर हेड टैंक फरवरी में पूर्ण करा दिए जाएं। पाइप लाइनों का निर्माण लगभग 90 फीसदी पूर्ण हो गया है। पाइप लाइनें बिछाने के बाद रास्ते में गड्ढे पटवा दिए जाएं, जो सड़कें टूटी है, उनको भी ठीक करा दिया जाय, इस मामले में जनता की शिकायतें शून्य होनी चाहिए। बैठक में सहायक अभियंता दिनेश कुमार गौतम, अंशु गुप्ता, राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन की ओर से सहायक अभियंता विपिन चन्द्र, अर्पित त्रिपाठी, टीपी आई के राजीव श्रीवास्तव, अवर अभियंता नीरज प्रजापति, वेलस्पन और वीटीएल कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ सभी अवर अभियंता मौजूद रहे।

# नाबालिग बेटी को पाने के लिए 18 दिन से काट रही चक्कर

अमेठी

**अमृत विचार।** महिलाओं के प्रति अपराध को लेकर जहां योगी सरकार एक ओर सख्त नजर आ रही है तो वहीं केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के संसदीय क्षेत्र अमेठी में एक महिला अपनी नाबालिक बेटी की बरामदगी के लिए 18 दिनों से लगातार पुलिस अधिकारियों व थाने का चक्कर लगा रही है। महिला का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के परिजनों से पूछताछ के बजाय पीड़ित महिला को ही रोज थाने बुलाकर पूछताछ करती है। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र का है जहां बीते 12 जनवरी की शाम घर पर अकेली मौजूद नाबालिग लड़की घर से लापता हो गई। पीड़ित मां ने पड़ोस गांव के ही दबंगों पर अपहरण का आरोप लगाते हुए संग्रामपुर थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने अपहरण की तहरीर लेने से इनकार करते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर लेकर एफआईआर दर्ज था। घटना के 18 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ खाली है। नाबालिग लड़की और आरोपियों का कहीं अता-पता नहीं चल पाया है।

इस दौरान पीड़ित मां प्रतिदिन संग्रामपुर थाने से लेकर अमेठी सीओ, एसपी व आईजीआरएस पोर्टल पर मुख्यमंत्री से बेटी की बरामदगी और न्याय की गुहार लगा रही है। पीड़ित महिला ने बताया कि 12 जनवरी की शाम जब वह बाजार गई थी तो उसकी लड़की को पड़ोस गांव के ही ठाकुर के लड़के धीरेंद्र सिंह उर्फ बीके सिंह अपने दो साथियों के साथ अपहरण कर लिया था। जब वह घर गई तो घर का दरवाजा खुला पड़ा था। ढूढने के बाद उसकी पुत्री का कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी ।

### मुख्यमंत्री से नाबालिग बेटी की बरामदगी की लगाई गुहार

पीड़ित महिला 18 दिनों से थाने व पुलिस अधिकारियों का चक्कर लगाकर परेशान होकर नाबालिक बेटी के बरामदगी के लिए अब सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हाथ जोड़कर रोते हुए बेटी की बरामदगी और न्याय दिलाने की गुहार है।

▶▶ **महिला ने पड़ोसी गांव के दबंगों पर अपहरण का लगाया था आरोप**

अमेठी सीओ लल्लन सिंह ने बताया मामले में केस दर्ज है, जगह-जगह दबिश दी जा रही है, जल्द ही किशोरी की बरामदगी करके आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

–सीओ लल्लन सिंह, अमेठी

# शिल्पकारी प्रशिक्षण को परंपरागत माटीकला के कामगार करें आवेदन

अमेठी

**अमृत विचार।** जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, महेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित 15 दिवसीय माटी कला शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु परंपरागत माटीकला के कामगार एवं माटीकला में रुचि रखने वाले 20 लाभार्थियों के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति आवेदन हेतु आवेदन पत्र कार्यालय जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर 10 फरवरी तक अनिवार्य रूप से जमा कर दें। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उक्त तिथि के उपरांत किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा।

उक्त प्रशिक्षण मंडलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केंद्र खन्नामिल कंपाउंड डालीगंज, लखनऊ में प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण केंद्र पर रहने व खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण को पूर्ण करने के उपरांत प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को 250 रुपए प्रतिदिन की दर से कुल 3750 रुपए का मानदेय प्रशिक्षित व्यक्ति को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आवेदन करने हेतु आवेदक का आधार, कार्ड बैंक पासबुक, शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र (आरक्षित वर्ग के लिए), राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल तथा पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य हैं।

# अज्ञात महिला का मिला शव शिनाख्त को मर्च्यूरी में रखा

जगदीशपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** बुधवार को झाड़ियों में अज्ञात महिला का क्षत विक्षत हालत में शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पीएम के लिए भेज दिया है।

लखनऊ सुल्तानपुर नेशनल हाइवे पर स्थित पूरे अल्लाह बक्स मजरे सिधियावा गांव के समीप बनी पुलिया के पास झाडियो में ग्रामीणो ने एक 30 वर्षीय महिला का शव क्षत विक्षत हालत में पडा देखा तो हडकंप मच गया। जिसकी जानकारी होने पर तमाम लोग इकट्ठा हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के उपरांत शव की शिनाख्त के लिए आसपास के लोगो से भी पूछताछ करी। फिलहाल शव की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु दिया है। शव की शिनाख्त के लिए मर्चरी में रखवा दिया गया है। इस सम्बंध मे पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कंबल वितरण की आस में दर्जनों बेसहारा हुए निराश

**जगदीशपुर, अमेठी।** राजस्व विभाग द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम मे हंगामा मचा रहा। सुबह से भूखे प्यासे आए गरीब दर्जनो लोग हाय हाय करते खाली हाथ बैरंग लौट गए। ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान गरीब, विकलांग समेत अधिक संख्या में महिलाओ की भीड जमा रही। लोगो का आधार कार् देखने के बाद नाम भी लिस्ट में दर्ज किया गया। कंबल लेने के लिए जुटी भीड में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। वहीं भीड पर काबू पाने के लिए पुलिस बल को बुलाया गया। वहीं रोंघई, नीमर, तारावती, शत्रुघ्न, रामेश्वरी, कृष्णा आदि दर्जन गरीब लोग हाथ मलते हुए वापस लौट गए। इस मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी, भाजपाई नेताओ समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### सार-संक्षेप

#### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी को दी गयी विदाई

**अमेठी।** विभिन्न थानों, कार्यालयों, पुलिस लाइन में नियुक्त उ.नि. प्रेम प्रकाश, उ.नि. राम बहादुर सिंह, म.मु.आ. मीरा सिंह व मु.आ. परिवहन सन्तोष कुमार त्रिपाठी को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई। साथ ही आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई, साथ-साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे- फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिसकर्मी को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके।


सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को विदाई देते एसपी डॉ. इलामारन जी। अमृत विचार

#### जिपं अध्यक्ष ने मृतक के परिजन को आर्थिक मदद की


मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता राशि देते उद्योग पति राजेश अग्रहरी।

**अमेठी।** 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद शोभायात्रा के दौरान विद्युत स्पर्शाघात के चलते मौत का शिकार हुए बच्चे के परिवार के लोगों से मुलाकात और शोक संवेदनाओं का क्रम जारी है। बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने रानीपुर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और नगद रुपये देकर आर्थिक सहायता प्रदान की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दीदी स्मृति ईरानी दुर्घटना में झुलसे हुए सभी राम भक्त बच्चों का बराबर हाल चाल ले रही हैं, हम सबका दुर्भाग्य है कि एक बच्चा सात दिन तक मेडिकल कॉलेज में आईसीयू में जीवन मृत्यु से लड़ता रहा, किस्मत ने साथ नहीं दिया और अन्तत: उसकी जान चली गई। दु:ख की घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं, परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। विद्युत दुर्घटना कैसे हुई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। जिन बच्चों का इलाज चल रहा है, उनके परिवार को कोई आर्थिक समस्या नहीं आने दी जाएगी। दीदी स्मृति ईरानी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग को पहले से निर्देशित कर दिया है।

सफाई अभियान — स्वच्छता मिशन की पोल खोल रही खुली पड़ी बजबजाती नालियां

# जायस में बजबजाती नालियों से उठ रही दुर्गंध, नाक पर रखना पड़ रहा रुमाल

अमेठी

**अमृत विचार।** एक तरफ जहां सरकार सफाई अभियान को लेकर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, वहीं जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरकार की मंशा पर पानी फिर जा रहा है।

कुछ ऐसा ही हाल नगर पालिका परिषद जायस का है। सफाई के अभाव में जलनिकासी के लिए बनी नालियों में कूड़ा-कचरा पटा हुआ है। नगर की मुख्य सड़कों पर पड़े कूड़े एवं जाम नालियों में बजबजाते कीड़ों को देख ऐसा प्रतीत होता है कि इस नगर पालिका के जिम्मेदारों पर सरकार के आदेश का भी कोई खास असर नहीं पड़ा है। जिम्मेदार नगर की साफ-सफाई पर ध्यान न देकर सरकार के स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। अगर समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया तो नगर में कई संक्रामक बीमारियां अपना पांव पसार सकती हैं। साफ-सफाई की हालत यह है कि नगर के मुख्य सड़क पर ही बनी नालियां पिछले कई महीनों से सफाई के अभाव में बजबजा रही हैं।

इन जाम पड़ी नालियों पर विभिन्न प्रकार के कीटाणुओं ने अपना बसेरा बना लिया है। नालियों में भरे गंदे पानी से उठ रही दुर्गंध के कारण दुकानदारों का दुकान में रहना एवं राहगीरों का सड़क पर चलना भी दूभर हो गया है। नगर के जगदीशपुर मोड़, जगदीशपुर मोड़ से पेट्रोल पंप, मलिक मोहम्मद जायसी शोध संस्थान के ठीक सामने, सिलाटर हाउस, जेर मस्जिद आदि स्थानों पर जाम नालियों एवं सड़क पर पसरे गंदे पानी को देखा जा सकता है। कस्बे वासियों का कहना है जिसकी शिकायत उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों से भी की लेकिन किसी ने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया। जिससे आज भी नगर पालिका जायस सरकार की मंशा पर पूर्ण रुप से खरा उतरने को तरस रहा है।


जायस सलोन रोड़ पर सघन सहकारी समिति के सामने बजबजाती नाली में भरा गंदा पानी।

खुली नालियों में गंदा पानी भरा होने पर पाउडर का छिड़काव कराया जाता है, साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए सफाई कर्मचारियों को बराबर निर्देश दिए जाते रहते है, जहां भी गंदगी फैली है प्राथमिकता के आधार सफाई कराई जाएगी।

–रविन्द्र मोहन, ईओ, नगर पालिका जायस



गर्मी का मौसम आ रहा रहा है, बजबजाती नालियों से उठने वाली दुर्गंध से संक्रामक रोगों के फैलने का खतरा बढ़ जाता है, पालिका कर्मचारियों की लापरवाही की वजह से मुख्य मार्गों पर चारों तरफ खुली पड़ी बजबजाती नालियों से दुर्गंध उठ रही है।

रमेश कुमार सिंह



दुकानों के सामने से गुजरी हुई नालियां कूड़े करकट से पटी पड़ी है, सफाई के नाम पर मशीनरी सिस्टम को खरीदने में पैसे पानी की तरह बहाए गए हैं, लेकिन व्यवस्थाएं जस की तस बनी पड़ी है।

जितेन्द्र सिंह



कस्बे के मुख्य मार्गों पर जब पैदल चलना होता है तो नाक बंद करके जाना पड़ता है, खुली पड़ी गंदे पानी से भरी बजबजाती नालियों से उठने वाली दुर्गंध मन को विचलित कर देती है, मंदिरों पर पूजा पाठ करने जाते समय मन एकदम से व्यथित हो जाता है।

अरविंद मोदनवाल



कस्बों में खुली नालियों में भरे गंदे पानी से दुकानों में रखे खाद्य पदार्थों में वैक्टीरिया और वायरस के फैलने से उल्टी दस्त और हैजे जैसी बीमारियां फैलती है, मानसून के दौरान इस रोग का सबसे ज्यादा प्रकोप रहता है, इससे बचने के लिए बाहरी खाद्य पदार्थो व दूषित पानी से दूरी बनाना पड़ेगा।

डॉ. अंशुमान सिंह सीएमओ अमेठी

## सार-संक्षेप

### दुष्कर्म करने वाले को 20 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम आलोक द्विवेदी ने दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना उदयपुर के कुंभीडीहा निवासी हीरालाल कोरी को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कारावास व तीस हजार रूपया अर्थदण्ड से दंडित किया। वादिनी ने कोर्ट को बताया कि 12 फरवरी 2017 की शाम सात बजे वह अपने मामा की लड़की के सगाई में आई हुई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने घर जा रही थी तभी आरोपी हीरालाल कोरी निवासी कुम्भीडीहा थाना उदयपुर जो की रिश्ते में उसका मामा लगता है।उससे कहा कि मेरी साइकिल पर बैठ जाओ मैं तुम्हें तुम्हारे घर पहुंचा दूंगा।तब वादिनी आरोपी की साइकिल पर बैठ गई, आरोपी रास्ते में सुनसान जगह ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और जब वादिनी चिल्लाने की कोशिश की तो उसने वादिनी का गला दबाया और धमकी दी की यदि चिल्लाओगी तो जान से मार दूंगा। वादिनी रोती हुई घर आई और अपनी मां से आप बीती बताई। राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी काशीनाथ तिवारी ने की।

### घर के कमरे में फंदा लगाकर युवती ने दी जान

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** घर के कमरे में साड़ी का फंदा लगाकर युवती ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवती की मौत से परिजन बिलखते रहे। कोतवाली देहात के सिटी चौकी अंतर्गत टेउंगा गांव की सलोनी पुष्पाकर (21) पुत्री हीरालाल पुष्पाकर मंगलवार सुबह से घर पर कमरे में थी। टीवी की आवाज सुन घर वाले समझे की टीवी देख रही है। काफी देर तक आवाज देने के बाद घर वालों ने दरवाजा खटखटाया फिर भी गेट नहीं खुला। इसके बाद पीछे की तरफ से झरोखे से देखा गया तो युवती कमरे में साड़ी के फंदे से झूल रही थी। सूचना पर चौकी प्रभारी सिटी सूर्य प्रताप सिंह दलबल के साथ पहुंचे। आनन –फानन में राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले गए। जहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया।मौत की खबर से परिजन बिलखने लगे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एसओ विनीत उपाध्याय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया गया। प्रथम दृष्ट्या खुदकुशी लग रही है।

### माघ मेला : श्रद्धालुओं के लिए लगाए गये 10 वाटर एटीएम




**प्रयागराज। अमृत विचार :** महाकुंभ की तैयारी को लेकर नए नए प्लान को ट्रायल के तौर पर परखा जा रहा है। जिसको देखते हुए माघ मेले श्रद्धालुओं एवं तीर्थ यात्रियों को पीने के पानी की सुविधा प्रदान करने के लिए जल निगम ने माघ मेले में वाटर एटीएम लगाया है। इस प्रयोग का सभी श्रद्धालु फायदा भी उठा रहे हैं। पौष पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व पर हर वाटर एटीएम से लगभग 1000 श्रद्धालुओं ने पीने का पानी लेते हुए लाभ उठाया है। माघ मेले के विभिन्न सेक्टरों में 10 वाटर एटीएम लगाए गए हैं। इन वॉटर एटीएम के माध्यम से एक रुपए में श्रद्धालु एक लीटर पानी ले सकते हैं। सभी एटीएम पर तीन प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टैप नंबर 1 से एक रुपये में डिस्पोजेबल ग्लास में पीने का पानी लिया जा सकता है। टैप नंबर 2 में से 1 रुपये में 1 लीटर पानी निकालते हुए अपनी बोतल भरी जा सकती है। टैप नंबर 3 में से क्यू आर कोड के माध्यम से एक रुपये का पेमेंट किया जा सकता है । सभी वाटर एटीएम पर हर समय आपरेटर मौजूद रहेंगे।

### शुआट्स कर्मचारियों ने फिर शुरू किया आंदोलन



**संवाददाता, नैनी प्रयागराज। अमृत विचार :** शुआट्स विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी परीक्षा संपन्न कराने के बाद बकाया वेतन एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार को लेकर फिर से आंदोलन की शुरुआत कर दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि विश्वविद्यालय में लोग कार्यवाहक पदों पर बैठे हुए हैं और जो जेल में हैं उनके द्वारा निर्देशित हो रहे हैं। इसलिए शिक्षक एवं कर्मचारी विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार के खिलाफ फिर से आंदोलन पर रोज बैठेंगे। कर्मचारियों की मांग है कि रिसीवर की जल्द से जल्द नियुक्त किया जाए। दूसरा अहम बिंदु हमारे बकाया वेतन 10 महीने का जल्द से जल्द दी जाए। हम 22 बिंदुओं पर अपनी मांग कर रहे हैं। हम सभी को जिला प्रशासन एवं सरकार से न्याय चाहिए। इस विश्वविद्यालय में जल्द से जल्द रिसीवर की नियुक्ति की जाए।

### इविवि में छात्रों ने तीसरे दिन भी किया प्रदर्शन, हंगामा

**प्रयागराज। अमृत विचार :** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के चीफ प्रॉक्टर और एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक के खिलाफ इविवि के छात्रों ने लगातार पिछले तीन दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। चीफ प्रॉक्टर पर छात्र को पीटने का आरोप लगाया गया है। बुधवार को भी लाइब्रेरी गेट पर छात्रों ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सामने भी अपनी मांगो को रखा। सोमवार से शुरु हुए प्रदर्शन को छात्रों ने बुधवार को भी जारी रखा। लाइब्रेरी गेट के सामने छात्र धरने पर बैठकर अपनी मांगो पर अड़े रहे। प्रदर्शन के फ़ौरान छात्रों और इविवि के सुरक्षा गार्डो से झड़प भी हुई। छात्र एसएसएल के सहायक अधीक्षक, चीफ प्रॉक्टर को पद से हटाने और चौकी इंचार्ज विनय सिंह के निलंबित करने की मांग लगातार कर रहे है।

# स्मार्ट सिटी योजना: वर्कशाप में जंग खा रहीं करोड़ों की साइकिलें

## पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना फ्लॉप, नहीं हो रही देखरेख

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज



**अमृत विचार :** सरकार की स्मार्ट सिटी की पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना प्रयागराज में दो अक्टूबर 2021 को सुभाष चौराहे से शुरू हुई थी। इस योजना के शुरु होने पर कुल 75 स्टेशन को शरू करने स्वीकृति स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के मिली थी।

सरकार की स्मार्ट सिटी की पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना प्रयागराज में बेपटरी हो चुकी है। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते करोड़ो की साईकिल कबाड़ हालत में जंग खा रही है। अब इन साइकिलों को कोई पूछने वाला नहीं है। स्टेशनों के साथ वर्क शाप में हजारों की संख्या में पड़ी साइकिलें कबाड़ हो चुकी है। डॉकिंग स्टेशनों की बात करें तो अब वहा पर साइकिले भी मौजूद नहीं है। बुधवार को अमृत विचार की खास पड़ताल में पाया गया कि कुछ स्टेशनों पर साईकिल है नहीं। जो है भी वो टूटी पड़ी है। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह योजना पटरी पर है या बेपटरी पर। मालूम हो कि शहर के प्रदूषण से मुक्त करने और लोगों को स्वस्थ बनाये रखने के लिए सरकार की शुरू हुई स्मार्ट योजना पूरी तरह से ध्वस्त हप चुकी है। इस योजना में 30 स्टेशन शुरु किये गये थे। 45 स्टेशनों के लिए भूमि भी चिह्नित किया गया। इसमे 400 से अधिक साइकिलें कंपनी चार्टर्ड बाई प्राइवेट लिमिटेड ने शुरु किया था। इसमें कुल 75 स्टेशनों पर 750 साइकिलें रखी गयी थी। योजना के तहत शुरु किये गये डाकिंग स्टेशनों की हालत खस्ता हाल में है। बुधवार को अमृत विचार की पड़ताल में पब्लिक बाईक शेयरिंग की हकीकत सामने आई।

### डाकिंग स्टेशनों पर नहीं मिला कोई आपरेटर

सरकार द्वारा शुरु की गयी पब्लिक बाइक शेयरिंग योजना को नगर निगम ने पटरी से उतार दिया है। शहर के मुख्य चौराहों पर बनाये गये स्टेशनों से साइकिलें गायब हो चुकी है। बची कुची साइकिलें टूटी हालत में पड़ी है। किसी भी स्टेशन पर कोई ऑपरेटर की मौजूदगी नहीं देखी गयी। चंद्रशेखर आजाद पार्क पर एक साइकिल मिली। डॉ. लोहिया मार्ग चौराहे पर बने स्टेशन पर तो 18 में से सिर्फ सात साइकिलें मिली। वहीं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के पास बने स्टेशन में साइकिलें गायब रही। वहां भी कोई आपरेटर नहीं मिला।

### वर्कशाप में कबाड़ पड़ी साइकिलें

स्मार्ट योजना में बनाये गये बाईक शेयरिंग योजना के वर्क शाप की हालत देखने पर यह लगा कि सरकार द्वारा खर्च किये गये इस योजना में करोड़ो रुपये पानी की तरह बहा दिया गया। लेकिन योजना पूरी तरह से फ्लॉप हो चुकी है। जीएचएस और पत्थर गिरजाघर के पास बने वर्क शाप में हजारों की संख्या मर साईकिले कबाड़ हालत में जंग खाती दिखी। उनकी देखरेख करने वाला भी कोई नहीं मिला। एक वही के कर्मचारी ने टेंडर कम्पनी के मालिक सचिन मिश्रा के बारे में बताया की वह कभी कभी यहां आते है। वार्कशाप में खुले आसमान के नीचे पड़ी बाइक शेयरिंग के नए और खराब पार्टस बर्बाद हो रहे है।

### कबाड़ गोदाम की तरह बनाया गया है दफ्तर

बाइक शेयरिंग योजना का आफिस पत्थर गिरजाघर के पास खाली पड़ी सरकारी जमीन पर बनाया गया है। जो कि टिन शेड में कबाड़ गोदाम की तरह बना है। इस वर्क शाप में सैकड़ों साइकिलें टूटी पड़ी हैं। वर्क शाप के एक कर्मचारी ने बताया कि साइकिलों की मरम्मत कराया जाएगा।

### गुजरात की चार्टेड कंपनी को पांच साल का मिला था मौका

स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड ने गुजरात की चार्टर्ड बाई प्राइवेट लिमिटेड से पांच वर्ष के लिए इस शहर में बाइक शेयरिंग के लिखापढ़ी की है।चार्टर्ड बाई खुद अपनी साइकिल बनाती है और बाजारो में शेयर करती है। कंपनी की एक साइकिल पर 30–35 हजार रुपये की लागत आती है। इस योजना को जीपीएस सिस्टम से चलाया जा रहा है। जिसमें गायब होने वाली साइकिलों को ट्रैक कर पता लगाया जा सकता है कि साइकिलें कहा है।

> पर्यावरण को बचाने और लोगों को सेहतमंद बनाये रखने के लिए योजना शुरु की गयी थी। जागरूकता न होने के कारण अब इन साइकिलों का उपयोग नहीं हो रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए लोगों को जागरूक किया जाएगा। जिससे यह योजना सफल हो सके और साइकिलें फिर से सड़क पर दौड़ सकें। **– गणेश केसरवानी, महापौर प्रयागराज**

# हाईवे किनारे बात कर रहे चार दोस्तों को कंटेनर ने मारी टक्कर, दो की मौत

संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़

▶▶ **होटल पर खाना खाने के लिए जाते समय हुआ हादसा, दो का सीएचसी में चल रहा इलाज**

**अमृत विचार :** प्रयागराज - लखनऊ हाईवे पर मंगलवार की देर रात सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बात कर रहे चार दोस्तों को अनियंत्रित कंटेनर ने टक्कर मार दी। इलाज के दौरान दो की मौत हो गई। दो युवकों का इलाज चल रहा है।हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कुण्डा कोतवाली अंतर्गत करम अली का पुरवा मोहल्ला निवासी चार दोस्त मो.तालिब अहमद (20) पुत्र मुस्ताक अहमद,मो. दानिश (22) पुत्र मो. इरफान,मो. आवेश (18) पुत्र अब्दुल सलाम व फूलचन्द्र (20) पुत्र राम बहादुर मंगलवार की रात करीब नौ बजे घर से निकलकर मवई तिराहे के आगे स्थित राधे-राधे होटल पर खाना खाने जा रहे थे। चारों दोस्त प्रयागराज लखनऊ हाईवे पर पहुंचे और सड़क किनारे खड़े होकर आपस में बात करने लगे। इस दौरान लखनऊ की तरफ से आ रहे अनियंत्रित कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी होने पर गांव के साथ घर वाले मौके पर पहुंचे। सभी को उपचार के लिए सीएचसी कुण्डा ले आये। सूचना पर कुण्डा कोतवाल कमलेश पाल भी मयफोर्स पहुंचे। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने मो.तालिब अहमद व मो.दानिश को इलाज के लिए एसआएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में मातम छा गया। जबकि मो. आवेश और फूलचन्द्र का इलाज सीएचसी में चल रहा है। मृतक तालिब के पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया की शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।



## वार्षिक खेल उत्सव में ब्लू हाउस अव्वल, रेड हाउस उप विजेता

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में प्राथमिक वर्ग के बच्चों की खेल प्रतियोगिता में ब्लू हाउस अव्वल रहा। बुधवार को खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक वर्ग की खेल प्रतियोगिता में नन्हे मुंहे बच्चों ने उत्साह पूर्वक खेल में प्रतिभाग किया। बच्चों ने स्पून रेस,खो– खो, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, लेमन रेस,रिले रेस,म्यूजिकल चेयर रेस,रिंग बाल रेस आदि खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में ब्लू हाउस अव्वल रहा। रेड हाउस द्वितीय जबकि ग्रीन और येलो हाउस संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। खेल शिक्षक अर्जुन तिवारी,नितिन सिंह,जफर निर्णायक रहे। स्कोरिंग विजया सिंह,वर्षा ओझा, रेनू सिंह ने किया। संचालन रूही पांडेय,अलीसा फारुकी ने किया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। रंजना तिवारी,शिवानी श्रीवास्तव,सोनम सोनी,श्वेता मिश्रा,अर्पिता दुबे, राखी सिंह,दया पुष्पजीवी,तनु वर्मा,एकता मिश्रा,नीलम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी तेजस्विनी का किया सम्मान

**संवाददाता, नैनी प्रयागराज। अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल खिलाड़ी तेजस्विनी सिंह का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 19वीं एशियाई खेल 2022 चीन मे आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा कर वापस लौटने पर भव्य सम्मान किया गया। योगी आदित्यनाथ द्वारा एशियन गेम में प्रतिभा करने पर तेजस्विनी सिंह को नगद 500000 व प्रशस्ति पत्र देकर लखनऊ के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में कोच कौशल कुमार दीक्षित व पिता राजेश सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सम्मानित किया। तेजस्वी सिंह ने हैंडबॉल खेल के गुण नैनी में कौशल कुमार दीक्षित कोच के प्रतिनिधित्व में शिखा तथा पिता



राजेश सिंह जो 42 बटालियन पीएसी नैनी में कार्यरत है। उनका पूरा सहयोग दिया तेजस्विनी सिंह अपने खेल प्रतिभा के बल पर सशस्त्र सीमा बल में खेल कोटे से भर्ती होकर सशस्त्र सीमा बल में अपना योगदान दे रही है। उनके सम्मान पर पर जिले के जिलाधिकारी प्रयागराज उप जिलाधिकारी करछना के साथ नगर महापौर गणेश केसरवानी और उनके साथ के खिलाड़ी एवं संघ के पदाधिकारी बी दीक्षित योगराज मिश्रा, दिनेश कुमार मिश्रा, पंकज , मंडल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद सचिन, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सोनम सिंह, सृष्टि अग्रवाल, नेहा पांडे, अंतरराष्ट्रीय कोच विनय मिश्रा, के के चौबे अनिल मिश्रा, प्रांजल सिंह, विनय पांडे, अखिलेश वर्मा, अभिषेक गुप्ता, राम बहादुर सिंह, अनुपम सिंह, आयुष यादव, वैभव दिक्षित, अंकित सिंह व विमला सिंह क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद, जिला उप क्रीड़ा अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-329

**बाएं से दाएं**

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली,नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | □ | ■ | ■ | 3 |
| ■ | □ | ■ | 4 | ■ | □ |
| 5 | □ | □ | □ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | □ | ■ | 6 |
| 7 | □ | □ | □ | ■ | □ |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | □ |
| ■ | 8 | □ | □ | □ | □ |

### वर्ग पहेली - 328 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | 4 | | 8 | | | |
| 5 | | | 6 | | | | 7 | 1 |
| | | 9 | | 2 | | 6 | | |
| | | | 8 | | 6 | | | 5 |
| | 3 | 4 | | | | 2 | 9 | |
| 1 | | | 9 | | 2 | | | |
| 2 | | 3 | | 1 | | 8 | | |
| 6 | 7 | | | | 4 | | | 3 |
| | | | 3 | | 5 | | | 2 |

### सुडोकू - 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 |
| 2 | 7 | 9 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 1 |

# वृद्ध महिला की गला रेत कर हत्या

संवाददाता, लालगंज प्रतापगढ़

▶▶ **घास काटने गई थी महिला, नाती के देखने पर हुई जानकारी**

> वृद्धा की हत्या के मामले की वजह स्पष्ट नहीं हो पायी है। मामले की छानबीन चल रही है। परिजनों से बात की जा रही है। हत्या के खुलासे के लिए टीमें लगाई गई हैं। **– संजय राय,एएसपी पश्चिमी**

**अमृत विचार :** घास काटने गई वृद्ध महिला की अज्ञात आरोपियों ने गला रेत कर हत्या कर दी। खेत के समीप महिला का रक्त रंजित शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। महिला की मौत से परिजन बिलखने लगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के जोधीराम तिवारी का पुरवा (बुबूपुर) गांव की सीता देवी (60) पत्नी रामेश्वर वर्मा बुधवार शाम करीब 4 बजे खेत में घास काटने गई थी। शाम लगभग 5 बजे महिला का नाती साहिल खेत से घास लाने गया तो देखा कि खेत के पास चकमार्ग पर खून से लथपथ महिला पड़ी थी। नाती की रोने की आवाज सुनकर ग्रामीण जुटने लगे। ग्रामीणों द्वारा मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई। एएसपी पश्चिमी संजय राय ने पहुंचकर मामले में पूछताछ की। हत्या की हकीकत खंगालने के लिए उच्च अधिकारियों ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर भेजा। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। मृतका का पति दिल्ली में नौकरी करता है। उसके पुत्र योगेंद्र वर्मा, मोनू वर्मा, दो पुत्री अनीता, सुनीता, जिसमे योगेन्द्र, मोनू की शादी हो गई है। एसओ विवेक मिश्र ने बताया की हत्या की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता, कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** संसद के मौजूदा बजट सत्र में केन्द्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून पारित कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को कुंडा तहसील परिसर में वकीलों ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित मांग के समर्थन में ज्ञापन पर वकीलों ने हस्ताक्षर किया। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में दोपहर को अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा कुंडा पहुंची। वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्र सरकार अधिवक्ता की सुरक्षा से जुड़े कानून को अब अविलम्ब संसद के इसी सत्र में पारित कराए। दि बार एसोशिएसन कुण्डा के अध्यक्ष शीतला प्रसाद यादव ने कहा कि कुण्डा के अधिवक्ता इस मांग को लेकर पूरा समर्थन और संघर्ष में जोरदार भूमिका निभाएंगे। संचालन रूरल बार के तहसील अध्यक्ष वैभव पाण्डेय ने किया। पूर्व अध्यक्ष कमलाकांत मिश्र, सोमनाथ मिश्र, संजय पाण्डेय, लाल सिंह, सुशांत श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत–2080, शक संवत 1945 मास–माघ,पक्ष–कृष्ण पक्ष,तिथि–षष्ठी 14 .03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** – आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

**वृष** – आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

**मिथुन** – आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

**कर्क** – आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

**सिंह** – आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

**कन्या** – आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी,लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

**तुला** – आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

**वृश्चिक** – आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

**धनु** – आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

**मकर** – आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

**कुंभ** – आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

**मीन** – आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**–अभिजित–11 .58–12 .42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध–10 .31–11.14, 14 .53–15 .37 तक।
**दिशाशूल**–दक्षिण। **ऋतु**–शिशिर।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–चित्रा 2 फरवरी 03 .49 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
परदेसी बाबू – सुबह : 10 .00
दानवीर – रात : 07 .00

**Sony Max**
तुम्हारी सुलु – सुबह : 10 .50
सड़क – रात : 09 .17

**Sony Pix**
वर्टिकल लिमिट – सुबह : 08 .46
इट – शाम : 06 .30

**Zee Cinema**
हम साथ साथ हैं – सुबह : 10 .30
मुक्काबाज – रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
नमक हलाल – दोपहर : 12 .14
कभी खुशी कभी गम – रात : 07 .00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर सुबह–10 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा– बेटा, आज तेरी मम्मी चुप–चाप क्यों बैठी है?
बेटा– मेरी गलती है इसमें
पापा– ऐसा क्या किया तूने
बेटा– मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा– जुग–जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी– किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी– अरे तुमसे किसने पूछा?
तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 71,752.11 | 21,725.70 |
| नुकसान | 612.21 | 203.60 |
| प्रतिशत में | 0.86 | 0.95 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

## शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

### निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

# आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर



दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

### राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,000-48,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,900 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,900 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 64,050 |
| चांदी आभूषण | 73,700। |

## चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा है कि देश का कुल चीनी उत्पादन सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष में 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें एथनॉल के स्थानांतरित चीनी भी शामिल है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से कुल उत्पादन नीचे आने का अनुमान है। इस्मा ने अक्टूबर-सितंबर के लिए चीनी उत्पादन का अपना दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। उद्योग निकाय ने विपणन वर्ष 2023-24 में कुल अनुमानित चीनी उत्पादन लगभग 330.5 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है।

# देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

## जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

# ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

▶▶ डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।



## एक नजर

### खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

### शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

**मुंबई।** शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर-अटपाडी से विधायक थे।

## सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

# गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

### दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं



शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

## संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, अमृत विचार: संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

# अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

▶▶ रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

**अमृत विचार :** बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

## जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, सात की मौत

**बारामूला।** जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सात यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी के बोनियार इलाके में एक यात्री वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण-कश्मीर) रवींद्र पॉल सिंह ने बताया कि इस हादसे में सात लोगों की जान चली गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि शव बरामद कर लिये गये हैं तथा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बारामूला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

# दुष्कर्म के आरोपों पर एम्स के चिकित्सक तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं। मजिस्ट्रेट ने कहा-मैंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत चालान और दर्ज बयान व साक्ष्यों को देखा है और प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी चीजें मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने 23 जनवरी को एक आदेश में कहा-सभी चीजों को देखते हुए मैंने आरोपी के खिलाफ भादंसं की धाराओं के अंतर्गत अपराध पर संज्ञान लिया है।


## दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

# जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

▶▶ राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

## केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा


**कोच्चि।** केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी(घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

# आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

### महापौर का चुनाव

▶▶ हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

# अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

## आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।



### बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय



विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

### टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।



# जीशान से मिलना बिछड़े भाई से मिलने जैसा

### पाकिस्तान के पूर्व टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने भारतीय टीम के आने पर जताई खुशी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व दिग्गज टेनिस खिलाड़ी हामिद उल हक ने कहा कि भारतीय कोच और कप्तान जीशान अली से इस्लामाबाद में मिलना अपने बिछड़े भाई से मिलने जैसा था। लगभग 36 साल पहले बेंगलुरु का दौरा करने वाले पाकिस्तान के डेविस कप टीम के पूर्व कप्तान को अच्छी तरह से याद है कि जीशान के पिता, दिवंगत अख्तर अली ने कैसे पाकिस्तान के खिलाड़ियों की देखभाल की थी।

उन्हें वह भी याद है जब वह बिना वीजा के त्रिवेंद्रम चले गए थे लेकिन एक डीआईजी ने उन्हें परेशान किए बिना वापस भेज दिया। अब 62 साल के हो चुके हामिद अब भी भारतीय खिलाड़ी श्रीनिवासन वासुदेवन के शुक्रगुजार है, जो उन्हें 1987 में बेंगलुरु में आवास खोजने के लिए संघर्ष करते समय अपने घर ले गए थे। साल 2000 में प्राइड ऑफ परफॉर्मेंस से सम्मानित हामिद इस बात से बेहद खुश हैं कि भारत की टेनिस टीम पाकिस्तान आई है। उन्होंने कहा कि जब वह इस्लामाबाद में भारतीय दल से मिले तो ऐसा लगा जैसे अपने ही भाइयों से मिल रहे हैं, जो अलग हो गए थे।

### भारत में जाते तो नहीं लगता विदेशी सरजमीं पर हैं



हमीद ने 1982 में एशियाई खेलों के लिए दिल्ली की यात्रा की थी और उन दिनों की यादें साझा कीं। उन्होंने कहा कि जब वह भारत जाते तो नहीं लगता कि किसी विदेशी सरजमीं पर हैं। भारत और पाकिस्तान एक जैसे हैं। दोनों देशों की भाषा, भोजन, पोशाक, सब एक जैसा है। जैसा मसालेदार खाना कराची में खाते हैं, वैसा ही स्वाद दिल्ली में भी मिलता है। उन्होंने कहा कि वह 1987 में सेटेलाइट टूर्नामेंटों के लिए बॉम्बे, बेंगलुरु और त्रिवेंद्रम गए थे। उन्हें आवास मिलने में परेशान हो रही थी और भारतीय खिलाड़ी वासुदेवन को यह पता चला तो सुरक्षा चिंताओं की परवाह किए बिना उन्हें अपने घर ले गए।

# मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी।

### एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना



### साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

# भारतीय बल्लेबाजों ने स्वीप-रिवर्स स्वीप के अभ्यास में बहाया पसीना

## पहले टेस्ट में रोहित शर्मा के अलावा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं मारा था यह शॉट

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के मौजूदा दौर के बल्लेबाजों को स्वीप शॉट के लिए नहीं जाना जाता है लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम के खिलाड़ियों ने नेट सत्र में जमकर इस शॉट का अभ्यास किया। कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अन्य किसी भारतीय बल्लेबाज ने हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट में स्वीप शॉट नहीं लगाया था। इंग्लैंड यह टेस्ट 28 रन से जीता था। यह भारतीय टीम की 2013 के बाद से घरेलू मैदान पर सिर्फ चौथी हार थी।इंग्लैंड ने इस टेस्ट में भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का कारगर इस्तेमाल किया था।



### नेट सत्र में लय तलाशते दिख शुभमन

दोपहर में नेट सत्र में लय तलाश रहे शुभमन गिल को स्वीप और रिवर्स स्वीप दोनों का अभ्यास करते देखा गया। गिल ऐसे खिलाड़ी है जिसके पास लगभग सभी शॉट्स हैं लेकिन पहले मैच में जरूरत से ज्यादा रक्षात्मक होने पर उनकी आलोचना हुई। शुक्रवार से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में पदार्पण करने के दावेदार रजत पाटीदार भी स्वीप और रिवर्स स्वीप का अभ्यास करते देखे गए। टीम के बल्लेबाज हर गेंद पर स्वीप नहीं कर रहे थे लेकिन हैदराबाद के नेट सत्र की तुलना में यह काफी अधिक था। टीम में पहली बार शामिल हुए सरफराज खान को भी बल्लेबाजी अभ्यास करते देखा गया। वह और पाटीदार दोनों स्लिप में कैच का अभ्यास भी कर रहे थे।

### अपनी ताकत अनुसार चाहिए खेलना

टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि खिलाड़ियों को अपनी ताकत के अनुसार खेलना चाहिए। स्वीप और रिवर्स स्वीप ऐसी चीज नहीं है जिसे आप आजमा सकते हैं। इसका अभ्यास करने की जरूरत है। आपके पास अधिक शॉट हैं तो वह फायदेमंद है। हम पारंपरिक तरीके से खेलते हैं। हमारी ताकत सीधे बल्ले से खेलना और अपने पैरों का उपयोग करना है। हमें इसे अच्छी तरह से करने की जरूरत है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट सुबह टीम के सत्र में रिवर्स स्वीप के अभ्यास से पहले बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में तैयार हुए।

### सरफराज और पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला

विक्रम राठौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है। विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

## खेल डायरी

### किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे



**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

### जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।



### अखिल ने काहिरा विश्व कप में कांस्य पदक जीता

**काहिरा।** पेरिस ओलंपिक कोटा विजेता अखिल श्योराण ने बुधवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतकर अपने कॅरिअर का दूसरा व्यक्तिगत अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप का पदक जीता। क्वालिफिकेशन में 589 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहने वाले अखिल ने 8 खिलाड़ियों के 45 निशाने के फाइनल में 451.8 का स्कोर किया। चेक गणराज्य के जिरी प्रिविरत्स्की ने 462.9 अंक के साथ स्वर्ण, जबकि दो बार के विश्व चैंपियन फ्रांस के रोमेन औफ्रेरे ने 460.5 अंक के साथ रजत पदक जीता। भारत ने सत्र के शुरुआती विश्व कप चरण में छह पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारत दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है।

### मयंक अग्रवाल को अस्पताल से मिली छुट्टी



**अगरतला।** कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया। मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

### सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव



### जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

# विष्णु सरवनन दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय

एडीलेड, एजेंयी

भारत के विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।



मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार विष्णु ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। वह एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा।

सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। इस दौरान सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है।

## बॉलीवुड हलचल

# रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें

रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।



### वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल



बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

# चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर



बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

**जैकलीन फर्नांडिस :** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

**मोनिका बेदी :** 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

**ममता कुलकर्णी :** ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।


**रिया चक्रवर्ती :** सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

**सोनाली बेंद्रे :** सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

**श्वेता बसु प्रसाद :** मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

# 49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा

अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के



लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

## एक नजर

### उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइलों का किया परीक्षण



**सियोल।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपनी जवाबी और रणनीतिक हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान पर रणनीतिक दबाव बनाने के लिए उत्तर कोरिया का यह नवीनतम परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में उत्तर कोरिया की ओर से कई क्रूज मिसाइलें दागने का पता लगाया था, इसके एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया में यह खबर आई। उत्तर कोरिया की ओर से इस माह यह तीसरा प्रक्षेपण है।

### रूस ने यूक्रेन के साथ की 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया। यूक्रेन की सीमा से लगते बेलगोरोद में स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में विमान में सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गई जिसमें चालक दल के छह सदस्य और रूस के तीन सैनिक शामिल थे।

### होमलैंड सिक्योरिटी ने मयोरकास के खिलाफ किया वोट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन की होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी ने कानून का पालन करने से जानबूझकर और प्रणालीगत इनकार करने और मैक्सिको सटी सीमा से होने वाले अवैध अप्रवास मामले से निपटने में सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सचिव एलेजांद्रो मायोरकास पर महाभियोग चलाने के लिए सफलतापूर्वक मतदान किया। कमेटी के चेयरमैन मार्क ग्रीन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मायोरकास ने जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का पालन करने से इनकार कर दिया है और कांग्रेस तथा अमेरिकी जनता के विश्वास को तोड़ा है।

### भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी मामले में नौ साल जेल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अदालती दस्तावेजों के अनुसार घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रृंग होम केयर इंक (श्रृंग) के मालिक एवं संचालक मिशिगन निवासी 43 वर्षीय योगेश के. पंचोली से दवाओं की बिक्री का अधिकार छीन लिया गया था बावजूद इसके पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छिपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रृंग को खरीदा।

## पर्ड्यू विवि के छात्र की मौत में कुछ भी संदेहास्पद नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय हवाई अड्डे के नजदीक मिले भारतीय मूल के छात्र नील आचार्य के शव पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को चोट का कोई निशान नहीं मिला है और न ही मामले में किसी अनहोनी की आशंका है। मृत्यु समीक्षक (कॉरनोर) कार्यालय ने यह जानकारी दी।

**रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था नील आचार्य का शव**


आचार्य का शव रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था और पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया था। द लफायेट्टे जर्नल एंड कुरियर अखबार ने खबर दी कि सोमवार के पोस्टमॉर्टम के बाद भी आचार्य की मौत पहेली बनी हुई है। टिप्पेकैनोई काउंटी के मृत्यु समीक्षक कैरी कॉस्टेलो ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों को आचार्य के शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे किसी अनहोनी की आशंका नहीं है। मौत के प्राथमिक कारणों की जानकारी विषविज्ञान जांच के नतीजे से मिलेगी जिसकी रिपोर्ट आने में छह सप्ताह का समय लगेगा।

# नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** ग्रहों की हमारी अपनी दुनिया के अलावा और भी अनेकों संसार हैं, जो अनोखे ही नही दुर्लभ भी हैं। नासा ने हाल ही में छः ग्रहों वाले सौर परिवार की खोज की है। इस खोज को दुर्लभ खोज माना जा रहा है, जहां भविष्य में जीवन की संभावना जताई जा रही हैं।

यह खोज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की टीइएसएस टेलीस्कोप द्वारा हुई है। इस सौर मंडल का सूर्य अभी युवा है। खास बात यह है कि इसका व्यवहार बिल्कुल बच्चों जैसा है, जो अठखेलियां करता प्रतीत होता है। इसका नाम टीओआई-1136 दिया गया है। नासा का मानना है कि यह ग्रह प्रणाली ग्रहों के निर्माण से संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान कर सकती है साथ ही तारे के चारों ओर ग्रह कैसे बनते और विकसित होने की जानकारी दे सकते हैं। बड़ी बात यह है कि खगोलविदों को 4 अरब साल पहले की हमारे ब्रह्मांडीय विकास की जानकारी मिल सकती है। यह सौर मंडल पृथ्वी से लगभग 270 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विजिटिंग प्रोफेसर तारा फेदरॉल्फ़ का कहना है कि नया सौर मंडल हमारे सौर मंडल के समान हो सकता है, जो हमें बहुत कुछ जानकारी दे सकता हैं। इस खोज के प्रारंभिक अध्ययन में कई दूरबीनों से अवलोकन किया गया। जिससे ग्रहों के द्रव्यमान, उनकी कक्षाओं के आकार और यहां तक कि उनके वायुमंडल की विशेषताओं का पता लगाया गया।



नासा द्वारा खोजे गए नए सौर परिवार की तस्वीर।

### कई तरह की समानताएं हैं दोनों सौर मंडल के ग्रहों में

छह ग्रहों की यह दुनिया हमारे सौर मंडल के ग्रहों से मेल खाती हैं। एक ग्रह की चौड़ाई पृथ्वी से दोगुनी है, जबकि इसके अन्य ग्रह हमारे ग्रह के आकार से चार गुना बड़े हैं। साथ ही बर्फ के ग्रह हमारे यूरेनस और नेपच्यून के आकार के बराबर हैं। इसके ग्रह 88 पृथ्वी दिनों से भी कम समय में एक चक्कर पूरा करते हैं। इससे पता चलता है कि इस सौर मंडल के ग्रह अपने तारे के बेहद नजदीक मौजूद हैं।

## मलेशिया के 17वें राजा के रूप में इस्कंदर ने ली शपथ

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के जोहोर राज्य पर शासन करने वाले अरबपति सुल्तान ने क्रमगत बदलाव वाली राजशाही व्यवस्था के तहत देश के 17वें राजा के रूप में शपथ ली।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर (65) ने महल में पद की शपथ ली। उन्होंने अन्य शाही परिवारों, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और कैबिनेट सदस्यों की मौजूदगी में एक समारोह में शपथ से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। बाद में राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक, सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट से लेकर दूरसंचार और बिजली संयंत्रों तक एक व्यापक व्यापारिक साम्राज्य है।

# पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की जेल

### तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: सरकारी पद पर रहने से 10 साल तक के लिए प्रतिबंधित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही मंगलवार को सरकारी गोपनीयता अधिनियम उल्लंघन मामले में एक विशेष अदालत ने खान (71) को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

नई सजा सुनाए जाने से आम चुनाव से सत्ता में लौटने की उनकी कोशिश को एक और झटका लगा है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई की। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह बयान दर्ज कराएंगे। खान ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है, मुझे केवल सुनवाई के लिए उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में न्यायाधीश ने जुलाई 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भी दोषी ठहराया था।

### सजा सुनाते समय अदालत ने धोखा दिया: इमरान



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी, जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं। इस पर खान से कहा गया कि वह तुरंत अपना बयान दर्ज कराएं और अदालत का समय बर्बाद न करें। इसके बाद खान अदालत कक्ष से बाहर निकल गए, जिसके बाद अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

### नामांकन खारिज करने को इमरान ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी के आम चुनाव में पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेम्बली सीट पर अपना नामांकन पत्र खारिज कर दिये जाने को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। प्रांत के लाहौर एवं मियांवाली जिलों में नेशनल असेम्बली की दो सीट पर पिछले महीने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सुप्रीमो खान के नामांकन पत्रों को 'नैतिक आधार पर एवं तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिये जाने के कारण' खारिज कर दिया गया था। खान ने नामांकन पत्रों को खारिज किये जाने के खिलाफ इस माह के प्रारंभ में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी एवं अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को सही करार देते हुए खान की याचिका खारिज कर दी थी। खान ने याचिका में शीर्ष अदालत से उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित करने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 63(1) (एच) के तहत अयोग्य घोषित करने की अधिसूचना अनुचित है।

# अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में हुती की मिसाइल को मार गिराया

यरुशलम, एजेंसी

अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है। हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया बताया।

हुती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हुती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी. पुलर को निशाना बनाया है। यह पोत नौसेना सील और अन्य के लिए तैरते आधार के तौर पर काम करता है। हालांकि, अमेरिका ने दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। हुती विद्रोहियों ने शुक्रवार को भी व्यापारिक जहाज पर मिसाइलें दागी थी जिसकी वजह से आग लग गई थी।

### 17 फरवरी तक अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हुती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले कहा कि लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हुतियों के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय होगा। सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा।

### हुती विद्रोहियों से निपटने के लिए पोत भेजने को तैयार ब्रिटेन

**लंदन।** ब्रिटेन हुती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों से जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाल सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने की तैयारी कर रहा है। द टेलीग्राफ अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन की नौसेना अमेरिका लौटने पर अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस ड्वाइट आइजनहावर को बदलने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में बताया है कि ब्रिटेन के पास एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ जैसे दो विमानवाहक पोत हैं, जिन्हें एफ-35 लड़ाकू विमान ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि इस क्षेत्र में तैनात किया जाता है तो एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अपना पहला लड़ाकू अभियान चलाएगा।

# खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर इजराइली सेना ने किया हमला

गाजा, एजेंसी

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा कि इजराइली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इजराइली गोलाबारी देखी गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। समिति ने कहा कि अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

### आज मिस्र जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल

**गाजा।** हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित बैठक के दौरान गाजा पट्टी में संघर्ष विराम पर रूपरेखा के समझौते पर चर्चा करने के लिए बुधवार को मिस्र का दौरा करेगा। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मिस्र की जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ राजधानी काहिरा में बैठक करेगा। मिस्र में होने वाली बैठक में पेरिस बैठक के नतीजों पर चर्चा होगी, जिसमें गाजा में युद्धविराम के लिए कई चरणों की रूपरेखा तैयार की गई थी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह ने घोषणा की थी कि पेरिस बैठक में प्रस्ताव मिला है, जिसमें गाजा में हिंसा को रोकना और इजराइली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पर हमारा रूख गाजा के खिलाफ इजराइली आक्रामकता को रोकने और गाजा पट्टी से सेना को वापस लेने पर आधारित होगी।

## कोकीन की तस्करी के मामले में भारतीय दंपति को जेल


**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय मूल के एक दंपति को वाणिज्यिक विमानों के जरिए ऑस्ट्रेलिया में आधा टन से अधिक कोकीन की तस्करी का दोषी पाए जाने के बाद 33-33 साल की सजा सुनाई गई। दोनों पति-पत्नी पर फरवरी 2017 में भारत के गुजरात में अपने गोद लिए हुए बेटे गोपाल सेजानी (11) और एक रिश्तेदार की हत्या का भी आरोप है और भारत ने उन्हें प्रत्यर्पित किए जाने का अनुरोध किया है।

**गोद लिए बेटे और रिश्तेदार की हत्या में भी हैं आरोपित**

राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल ने मई 2021 में सिडनी में 5.7 करोड़ पाउंड की कोकीन पकड़ी थी जिसके बाद एजेंसी के जांचकर्ताओं ने इस मामले में ईलिंग की आरती धीर (59) और कवलजीतसिंह रायजादा (35) की संलिप्तता का पता लगाया था। जांच के अनुसार बक्सों की आड़ में विमान से मादक पदार्थ भेजने के पीछे इस दंपति का हाथ था। रायजादा की अंगुलियों के निशान धातु के उपकरणों के उन बक्सों पर मिले थे जिनमें से मादक पदार्थ जब्त किए। धीर और रायजादा को 21 जून 2021 को हनवेल में उनके घर से गिरफ्तार किया गया था। दोनों पर गुजरात में फरवरी 2017 में अपने गोद लिए 11 वर्षीय बेटे गोपाल सेजानी और रायजादा के जीजा हरसुखभाई करदानी की हत्या का आरोप भी है।

### राजनयिकों ने देखा बीएपीएस मंदिर...





अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में अब एक महीने से कम का समय शेष है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने दुनियाभर के कई राजनयिकों की यहां मेजबानी की। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

## जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट, लगी आग

**टोक्यो।** जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, काला धुआं उठता देखा गया है।

**मन की बात** पार्श्व गायिका बोलीं- प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर राम भुजंग गाकर 20 साल की इच्छा हुई पूरी, महोत्सव में भजन गाना सौभाग्य की बात, जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी

# रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं : अनुराधा



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की स्तुति के बाद अब कोई इच्छा नहीं है। मेरी 20 साल पुरानी इच्छा पूरी हो गई। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव पर भजन गाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। जब-जब रामलला बुलाएंगे, मैं आऊंगी। ये कहना है पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा पौडवाल का। वो बुधवार शाम शहर के एक होटल में 'अमृत विचार' से खास बातचीत कर रहीं थीं। कहा कि रामलला के समक्ष राम भजन प्रस्तुत करना उनके जीवन का अप्रितम क्षण है।

सुप्रसिद्ध गायिका ने अपने कॅरिअर के हर पड़ाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनकी रुचि संगीत में थी। इसके लिए उनकी मां ने प्रोत्साहित किया। लता जी उनकी आदर्श रही हैं, उन्हीं से प्रेरणा लेकर वह रेडिया व संगीत सुनकर गाने का अभ्यास करती थीं। उन्हें कॅरिअर का पहला ब्रेक अभिमान फिल्म से मिला। फिल्मों में करीब 20 साल गायकी के बाद उनकी रुचि भक्ति गाने की तरफ हुई। सन् 92-93 में भजन-स्तुति का गायन शुरू किया।

उन्होंने कहा कि करीब 20 साल पहले जब अयोध्या आई थी तो रामलला को टेंट में देखकर मन बहुत दुखी हुआ था। उस समय सिर्फ एक ही भाव मन में आया था कि प्रभु आप जल्द अपने भव्य मंदिर में विराजमान हों और उस दिन मैं आपके भजन गाऊं। उन्हीं की कृपा और आशीर्वाद से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में रामलला के समक्ष राम भजन की स्तुति करने का अवसर मिला। जो मेरे जीवन का सबसे सौभाग्यशाली क्षण है। अब इसके आगे कोई इच्छा शेष नहीं है। जीवन की सारी तपस्या फलीभूत हो गई है।

### जन्मभूमि में पौडवाल के सुरों से सजी राग सेवा उत्सव की शाम

मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद जन्मभूमि परिसर में राग सेवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिदिन शाम को आयोजित हो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नामी कलाकार गायन, वादन व नृत्य प्रस्तुत कर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बुधवार को पहुंची जानी-मानी पार्श्व गायिका अनुराधा ने राम भजन प्रस्तुत कर रामलला के प्रति श्रद्धा निवेदित की। उन्होंने पायोजी मैंने राम रतन धन पायो..., ठुमक चलत रामचंद्र बाजत पैजानिया... समेत कई राम भजन और संसकृत में राम भुजंग गाकर लोगों का मन मोह लिया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उन्होंने राम भुजंग की दो लाइनें गाईं थीं। जिसे आज पूरा किया।

### आशा और किशोर दा के साथ गायन सबसे अच्छा अनुभव

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि गायिकी में उनकी आदर्श रहीं लताजी के साथ काम करने की ख्वाहिश अधूरी रह गई, लेकिन उनकी प्रेरणा से आज यहां तक पहुंची हूं। उन्होंने बताया कि आशा, हेमंत, किशोर दा, तलत महमूद के साथ उन्हें काम करने का मौका मिला। इससे उन्हें अच्छे अनुभव भी हासिल हुए।

### मोदी और योगी की वजह से बदली अयोध्या: पौडवाल

गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर बहुत सुखद अनुभूति हुई। यही नहीं अब तो पूरी अयोध्या ही बदल गई। ये सब मोदी जी और योगी जी के विजन के कारण ही संभव हुआ है।

# जी20 को जन-जन तक ले जाना महत्वपूर्ण कदम : श्रीनिवास

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन को जन-जन तक ले जाने से न केवल समूह के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता पैदा हुई, बल्कि इसने सभी की भलाई के लिए अलग-अलग देशों की सरकारों को भी एकजुट किया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव के.जे. श्रीनिवास ने मंगलवार को यहां एक बैठक में यह बात कही।

जोहानिसबर्ग के वाणिज्य दूतावास में 150 से अधिक प्रवासी और स्थानीय भारतीय समुदाय के नेता एकत्र हुए। गुयाना में उच्चायुक्त नियुक्त होने से पहले श्रीनिवास 2013 और 2016 के बीच जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत थे।

**कहा- जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर आयोजित नहीं हुए थे इतने सारे कार्यक्रम**

श्रीनिवास ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन ऐसा घटनाक्रम था जिस पर हम सभी भारतीयों, एनआरआई और प्रवासी भारतीयों को बहुत गर्व होना चाहिए। यह एक ऐसा अवसर था जब पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही थी और हमने इसे सफलता के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि पूरे शिखर सम्मेलन को जनता के बीच ले जाना भारत के नेतृत्व में एक बड़ा कदम था। जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर इतने सारे कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए थे।